CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 27°C
न्यूनतम : 16°C

लखनऊ, शनिवार 28 मार्च 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 140 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2083 8 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उत्पाद शुल्क कटौती, जनता से वसूली का खेल: प्रमोद तिवारी पेज 2



बेंगलुरु का एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम किले में तब्दील खेल टाइम्स



नई खोजों ने जैव विविधता की हमारी समझ को नई दिशा दी सम्पादकीय



स्कूल पर हमला गलती नहीं, युद्ध अपराध: अब्बास अराघची पेज 12

# ईरान ने शुरू किया ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 का 83वां चरण

## IRGC ने की इजरायल के ठिकानों पर मिसाइलों की बारिश, खाड़ी देशों में अमेरिकी अड्डों को भी बनाया निशाना

**तेहरान।** पश्चिम एशिया की धरती एक बार फिर दहक उठी है। ईरान ने शुक्रवार तड़के भीषण हमले कर यह साफ कर दिया है कि वह पीछे हटने के मूड में नहीं है। ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 के तहत 83वां चरण शुरू कर दिया है।

इस बार ईरानी सेना ने न केवल इजरायल को चोट दी है, बल्कि खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को भी निशाना बनाया है। आईआरजीसी ने आधुनिक बैलिस्टिक मिसाइलों और सुसाइड ड्रोन्स के जरिये इजरायल के अशदोद में तेल डिपो को निशाना बनाया है। हमले के बाद वहां आग लगने की बात कही जा रही है। इसके अलावा, इजरायल के सैन्य ठिकानों पर भी सटीक हमले किए गए हैं। ईरान ने सीधे अमेरिकी अड्डों को अपना निशाना बनाया -शेष पृष्ठ दो पर



- हूती विद्रोहियों ने ईरान के लिए जंग में उतरने की चेतावनी दी, ईरान बोला- भारतीय बच्चों का गुल्लक दान करना कभी नहीं भूलेंगे

### ईरान ने मिसाइलों पर थैंक्यू इंडिया लिखा, इजरायल पर दागीं, मिसाइलों पर पाकिस्तान का भी नाम

**तेहरान/वाशिंगटन।** ईरान ने इजरायल पर 83वीं बार मिसाइल हमला किया। इस बार मिसाइलों पर थैंक्यू इंडिया लिखकर भेजा गया। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में दिखा कि ईरानी सैनिक मिसाइलों पर थैंक्यू पीपल ऑफ इंडिया लिख रहे हैं। इसी तरह स्पेन, पाकिस्तान और जर्मनी के लिए भी संदेश लिखे गए। ईरान ने कहा कि यह कदम उन देशों के प्रति आभार जताने के लिए है जिन्होंने उसका समर्थन किया। ईरान की आईआरजीसी के मुताबिक, यह 83वीं स्ट्राइक थी, जिसमें लंबी और मध्यम दूरी की मिसाइलें और ड्रोन इस्तेमाल किए गए। हमलों में इजरायल के ठिकानों के साथ खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को भी निशाना बनाया गया। बहरीन में पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम से जुड़े एक ठिकाने पर हमला होने का दावा किया गया है।

### अमेरिका को मुंहतोड़ जवाब देने को 10 लाख ईरानी लड़ाके तैयार

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका को कड़ी चेतावनी दी है कि अगर उसने ईरान पर जमीनी हमला किया, तो उसे भीषण नरक यानी मुहंतोड़ कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। ईरान के एक सैन्य सूत्र ने कहा है कि इस संभावित हमले की खबर के बाद देश में लड़ने का जोश बढ़ गया है। सूत्र के मुताबिक, अब तक करीब 10 लाख लड़ाके तैयार किए जा चुके हैं।

# भारत की सैन्य ताकत में होगा बड़ा इजाफा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- 2.38 लाख करोड़ के रक्षा सौदों पर डीएसी की लगी मुहर
- एस-400 की अतिरिक्त खरीद को भी दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने शुक्रवार को विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी दी है, जिसके तहत लगभग 2.38 लाख करोड़ रुपये की लागत के सैन्य हार्डवेयर खरीदे जाएंगे।

भारतीय सेना के लिए एयर डिफेंस ट्रैक्ड सिस्टम, आर्मर्ड पियर्सिंग टैंक एम्यूनिशन, उच्च क्षमता के रेडियो रिले, धनुष गन सिस्टम और रनवे इंडिपेंडेंट एरियल सर्विलांस सिस्टम की खरीद की मंजूरी दी गई है। एयर डिफेंस ट्रैक्ड सिस्टम रियल- टाइम में वायु रक्षा नियंत्रण और रिपोर्टिंग क्षमता प्रदान करेगा। जबकि, उच्च क्षमता वाला रेडियो रिले भरोसेमंद और त्रुटि-रहित संचार सुनिश्चित करेगा। धनुष गन सिस्टम से तोपखाने की क्षमता बढ़ेगी और सभी क्षेत्रों में लंबी दूरी के लक्ष्यों को अधिक प्रभावी और सटीक ढंग से निशाना बनाया जा सकेगा। रनवे इंडिपेंडेंट एरियल सर्विलांस सिस्टम सैन्य इकाइयों को निगरानी की क्षमता देगा और आर्मर्ड पियर्सिंग टैंक एम्यूनिशन टैंक रोधी हथियारों की क्षमता को बढ़ाएगा। भारतीय वायुसेना के लिए मध्यम परिवहन विमान, लंबी दूरी की सतह-से-वायु मिसाइल प्रणाली एस-400, दूर से नियंत्रित हमलावर विमान और सुखोई-30 एयरो इंजन के कलपुर्जों की मरम्मत और ओवरहाल (इंजन के सभी हिस्सों की पूरी तरह जांच करना, खराब या घिसे हुए हिस्सों को बदलना और उसे फिर से पूरी क्षमता के साथ चलाने के योग्य बनाना) के प्रस्ताव मंजूर किए गए हैं। मध्यम परिवहन विमान के शामिल होने से एएन-32 और आईएल-76 के पुराने परिवहन बेड़े को बदलने से वायुसेना की रणनीतिक, सामरिक हवाई परिवहन की सभी आवश्यकताओं को पूरा किया जा सकेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बालेंद्र शाह नेपाल के 47वें प्रधानमंत्री नियुक्त

**काठमांडू।** नेपाल में राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के संसदीय दल के नेता बालेंद्र शाह को नेपाल का 47वां प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। राष्ट्रपति कार्यालय से शुक्रवार को उनकी नियुक्ति की औपचारिक घोषणा के साथ ही नए मंत्रिमंडल के गठन की प्रक्रिया भी तेज हो गई है। श्री शाह को प्रतिनिधि सभा में बहुमत प्राप्त दल के नेता के रूप में संविधान की धारा 76 (1) के तहत यह पद सौंपा गया है। वह काठमांडू महानगर पालिका के मेयर पद से इस्तीफा देकर राजनीति के राष्ट्रीय पटल पर उतरे और लोगों ने उन पर भरोसा जताया। चुनावों में जीत दर्ज करने के बाद श्री शाह पहली बार संसद सदस्य के रूप में प्रवेश करते ही देश के कार्यकारी प्रमुख की जिम्मेदारी संभालेंगे।

### अविमुक्तेश्वरानंद पर हाईकोर्ट के फैसले को शीर्ष कोर्ट में चुनौती

**नई दिल्ली।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम मामले में अग्रिम जमानत दिए जाने के कुछ दिनों बाद, इस आदेश के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में अपील दायर की गई है। यह अपील मामले के शिकायतकर्ता आशुतोष ब्रह्मचारी ने दायर की है। उन्होंने उच्च न्यायालय के 25 मार्च के आदेश को चुनौती दी है।

# पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी 10-10 रुपये घटी

## दाम नहीं बढ़ेंगे, वित्त मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

शाह टाइम्स ब्यूरो



सरकार के फैसले से तेल विपणन कंपनियों पर दबाव होगा कम, कटौती तत्काल प्रभाव से लागू

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उछाल को देखते हुए सरकार ने शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10-10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की घोषणा की। यह कटौती तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है।

सरकार के इस निर्णय से तेल विपणन कंपनियों पर दबाव कम होगा और उन्हें फिलहाल पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ाने होंगे। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी अधिसूचना में बताया कि पेट्रोल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क 13 रुपये प्रति लीटर से घटाकर तीन रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 10 रुपये प्रति लीटर से घटाकर शून्य कर दिया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर घरेलू इस्तेमाल वाले पेट्रोल-डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में 10-10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की गई है। इससे ग्राहकों को मूल्य वृद्धि से सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी संसद को भी दे दी है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया संकट के कारण अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में वृद्धि के कारण तेल विपणन कंपनियों पर दोनों जीवाश्म ईंधनों के दाम बढ़ाने का दबाव था। उत्पाद शुल्क में कटौती से उन्हें राहत मिलेगी। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मार्च का ब्रेंट क्रूड वायदा फिलहाल 0.5 प्रतिशत गिरकर करीब 107.5 डॉलर प्रति बैरल पर है। पश्चिम एशिया संकट के बाद से इसकी कीमत करीब 50 फीसदी बढ़ चुकी है। यह कटौती सार्वजनिक तेल विपणन कंपनियों द्वारा नेपाल, भूटान, श्रीलंका और बांग्लादेश को किए जाने वाले निर्यात पर भी लागू होगी। इसके अलावा, सरकार ने डीजल के निर्यात पर 21.5 रुपये और विमान ईंधन के निर्यात पर 29.5 प्रति लीटर का शुल्क लगाया -शेष पृष्ठ दो पर

### ईंधन की कमी को लेकर देश में लॉकडाउन नहीं लगेगा: सीतारमण



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने डीजल और पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क में कटौती के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नहीं चाहते थे कि (पेट्रोलियम) के खुदरा मूल्य बढ़ें। वित्त मंत्री ने ईंधन की कमी को लेकर देश में कोविड महामारी के दौर जैसा लॉकडाउन लगाने की चर्चाओं को भी खारिज किया और कहा कि ईंधन की कोई कमी नहीं है और लॉकडाउन जैसा कुछ नहीं होगा। उन्होंने डीजल -पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क में 10-10 रुपये की कटौती के ताजा निर्णय के बारे में कहा कि प्रधानमंत्री चाहते थे कि उपभोक्ता कीमतें न बढ़ें। वित्त मंत्री ने ईंधन पर शुल्क में कमी की सराहना की। उन्होंने लॉकडाउन की चर्चा पर कहा कि मैं लोगों को भरोसा दिलाना चाहती हूं कि कोई लॉकडाउन नहीं होगा।

### सूर्य की किरणों ने किया रामलला का सूर्यतिलक

**अयोध्या।** प्रभु श्रीराम के बालस्वरूप रामलला के जन्मोत्सव पर ठीक 12 बजे राममंदिर स्थित गर्भगृह में स्थापित रामलला की भव्य दिव्य प्रतिमा के ललाट पर भगवान सूर्य की किरणों ने सूर्यतिलक कर उनका अभिषेक किया। राम का जन्म होते ही राममंदिर का संपूर्ण परिसर जय श्री राम के गगनभेदी नारों से गुंजायमान हो गया, घंटा घड़ियाल और मृदंग मंजीरों के मधुर संगीत के साथ प्रगट भए कृपाला दीन दयाला के भजन से रामभक्त श्रद्धालु झूम उठे। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर राममय हो गया। रामजन्मोत्सव की शुरुआत प्रभु श्रीराम के पंचामृत महाभिषेक से प्रात: 9 बजे ही शुरू हो गई थी। राममंदिर परिसर को फूलों से सजाया गया। प्रभु श्रीराम का श्रृंगार किया गया और रामलला को पीला वस्त्र धारण कराया गया। रामलला को भोग प्रसाद ग्रहण कराने के बाद उनकी आरती उतारी गई।

# इजरायल से दोस्ती, खाड़ी देशों का भी करीबी बना भारत

वाशिंगटन, वार्ता

**पश्चिम एशिया** में बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य के बीच भारत का संतुलित और व्यावहारिक दृष्टिकोण इजरायल के साथ उसकी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की ओर आगे बढ़ रहा है।

एक प्रतिष्ठित अमेरिकी थिंक-टैंक मिडिल ईस्ट फोरम की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले तीन दशकों में भारत और इजरायल के बीच रणनीतिक साझेदारी में लगातार वृद्धि हुई है, जो सीमित राजनयिक आदान-प्रदान से शुरू होकर सुरक्षा और प्रौद्योगिकी के एक मजबूत रिश्ते में बदल गई है। दोनों देशों के बीच आतंकवाद, क्षेत्रीय अस्थिरता और सुरक्षा चुनौतियों को लेकर साझा चिंताएं उनके रिश्तों को और प्रगाढ़ करने में मददगार रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के लिए इजरायल ने रक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में अपनी पहचान बनाई है। वहीं, नई दिल्ली ने अपनी व्यापक पश्चिम एशिया रणनीति के तहत अरब देशों के साथ भी अपने मजबूत संबंध बनाए रखे हैं। समय के साथ भारत और इजरायल के बीच सहयोग का दायरा बढ़ा है। इसमें खुफिया जानकारी साझा करना, मिसाइल सिस्टम, निगरानी तकनीक और आतंकवाद विरोधी प्रयासों जैसे क्षेत्र शामिल हैं। रक्षा नवाचार, साइबर सुरक्षा और उन्नत सैन्य प्रौद्योगिकी में अपनी नेतृत्व क्षमता के साथ, इजरायल भारत के लिए एक अनिवार्य भागीदार के रूप में उभरा है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर 2025 में हस्ताक्षरित संयुक्त विकास और सह-उत्पादन पर एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) है।



- अमेरिकी रिपोर्ट ने बताई नई दिल्ली की रणनीति
- आतंकवाद और सुरक्षा चिंताओं से मजबूत हुए रिश्ते

### कनाडा की विदेश मंत्री से जयशंकर ने होर्मुज संकट पर की बात

**पेरिस।** पश्चिम एशिया में जारी संकट और उसके दुनिया पर पड़ रहे असर को लेकर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद के साथ अहम बैठक की। दोनों नेताओं की यह बैठक जी7 की बैठक से अलग हुई। जयशंकर गुरुवार को जी-7 के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने फ्रांस पहुंचे। बैठक के बाद कनाडा की विदेश मंत्री ने एक्स पर साझा एक पोस्ट में बताया कि दोनों नेताओं ने इस वर्ष की शुरुआत में पीएम कार्नी के भारत दौरे पर आगे बढ़ाई गई साझेदारी की प्रगति की समीक्षा की। आनंद ने कहा कि बैठक में व्यापार, पश्चिम एशिया की स्थिति और दोनों देशों के सहयोग को और मजबूत करने पर बात हुई।



## संक्षिप्त समाचार

### श्रद्धालुओं से भरी पिकअप ट्राला से टकराई, 8 की मौत

**कौशांबी।** कानपुर-प्रयागराज हाईवे पर शुक्रवार को दर्दनाक सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। हादसे में 17 श्रद्धालु घायल हो गए है। सैनी थाना क्षेत्र के डोरमा पेट्रोल पंप के समीप उस समय हुआ जब सड़क किनारे खड़े ट्राला में पीछे से तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप के परखचे उड़ गए और उसमें सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। मृतकों में तीन बच्चे, तीन महिला और दो पुरुष शामिल हैं। बताया जा रहा है कि पिकअप में करीब 25 लोग सवार थे, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। सभी लोग फतेहपुर जिले के मलवां क्षेत्र के बड़ोखर गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं। वे लोग रामनवमी के अवसर पर बच्चे का मुंडन कराने के लिए प्रयागराज आए थे। यहां संगम स्नान और मुंडन संस्कार कराने के बाद पिकप से फतेहपुर लौट रहे थे कि सैनी इलाके में हादसा हो गया।

### रुपया 34 पैसे टूटकर 94.30 रुपये प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर

**मुंबई।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में 34 पैसे टूटकर 94.30 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया। बीच कारोबार में पहली बार भारतीय मुद्रा इस स्तर तक कमजोर हुई है। पिछले कारोबारी दिवस पर 25 मार्च को यह 20 पैसे की गिरावट में 93.96 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी जो इसका अब तक का सबसे कमजोर बंद भाव है। रुपया आज 22.75 पैसे की गिरावट में 94.1875 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और 94.30 रुपये प्रति डॉलर तक टूट गया। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में वृद्धि और विदेशी संस्थागत निवेशकों के भारतीय पूंजी बाजार में इस

## जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों से सीएम ने की मुलाकात

# गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं, पुलिस करे सख्त कार्रवाई: योगी

**गोरखपुर, वार्ता**



■ कमजोर वर्ग के लोगों को कतिपय दबंगों द्वारा डराने, धमकाने की शिकायत पर मुख्यमंत्री का रुख सख्त

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और कहा कि गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी इस दौरान कमजोर वर्ग के लोगों को कतिपय दबंगों द्वारा डराने, धमकाने की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों से दो टूक कहा कि गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

ऐसे तत्वों के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाए। यदि कोई अभियुक्त जमानत पर छूटने के बाद वादी को धमका रहा हो, तो उसकी जमानत निरस्त कराने की कार्यवाही की जाए। गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिका. रियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश दिया और कहा कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान सरकार का संकल्प है। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सबको न्याय मिले। हर पात्र को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलेए जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो, जमीन कब्जाने वाले भू-माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। अधिकारियों को निर्देशित करने के साथ ही योगी ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए प्रतिबद्ध है। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए लोगों से मुख्यमंत्री ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। अस्पताल से इलाज का एस्टीमेट मिलते ही सरकार धन उपलब्ध करा देगी। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को मुख्यमंत्री ने दुलारा और उन्हें चॉकलेट के साथ अपना आशीर्वाद भी दिया। वहीं मातृशक्ति के प्रति असीम श्रद्धा भाव से उनकी सुरक्षा सम्मान और स्वावलंबन के लिए अनेक कार्यक्रमों को आगे बघने वाले मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठा धीश्वर योगी आदित्यनाथ ने वासंतिक चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि पर शुक्रवार को गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुसार कन्या पूजन किया।

### प्रदेश में सज्जनों का संरक्षण, दुर्जनों के लिए जीरो टॉलरेंस: सीएम

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में सुरक्षा के बेहतर माहौल के साथ सरकार रामराज्य की अवधारणा को साकार कर रही है। योगी गोरखनाथ मंदिर में शुक्रवार को कन्या पूजन के बाद प्रदेशवासियों को वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि एवं श्रीरामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यहां हर सज्जन शक्ति का संरक्षण है, लेकिन दुर्जन शक्ति के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाती है। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पायदान के व्यक्ति के लिए संवेदना है लेकिन भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति है उत्तर प्रदेश में विरासत का सम्मान भी है और विकास की गारंटी भी। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में रामराज्य की अवधारणा से बिना भेदभाव शासन की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है।

# उत्पाद शुल्क कटौती, जनता से वसूली का खेल: कांग्रेस



■ सरकार खुद को राहत देने वाली बताकर सियासी लाभ लेने की कोशिश कर रही: प्रमोद तिवारी



■ आत्मनिर्भरता के प्रयासों के बावजूद भारत की ऊर्जा आयात क्षेत्र में निर्भरता बढ़ी है: जयराम रमेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में उप नेता विपक्ष प्रमोद तिवारी ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती को लेकर शुक्रवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ईधन में उत्पाद शुल्क कटौती 'जनता से वसूली का खेल' है। तिवारी ने आरोप लगाया कि सरकार पहले जनता से भारी वसूलती है और बाद में मामूली राहत देकर उसे 'उपकार' के रूप में पेश करती है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क 9.48 रुपए प्रति लीटर और डीजल पर 3.56 रुपए प्रति लीटर थी, जो अब बढ़कर क्रमश: लगभग 32.98 रुपए और 31.83 रुपये प्रति लीटर हो गई है। उन्होंने इसे जनता पर बढ़ता आर्थिक बोझ बताते हुए कहा कि सरकार ने इन करों के जरिए लाखों करोड़ रुपये वसूले हैं। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि अब सरकार खुद को राहत देने वाली बताकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रही है, जबकि आम लोगों की परेशानी कम नहीं हुई है। अंत में उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि लगता है, जो फाइल है, उसका कुछ असर अब दिमाग पर भी दिखने लगा है। गौरतलब है कि सरकार ने आज पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क को 10 रुपये प्रति लीटर घटा दिया है। इससे पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क घटकर तीन रुपये प्रति लीटर हो गई है। वहीं डीजल पर यह जीरो रुपये प्रति लीटर हो गई है। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने शुक्रवार को ऊर्जा आयात पर बढ़ती निर्भरता को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि पिछले एक दशक में देश प्रमुख ईंधन क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता से और दूर चला गया है। श्री रमेश ने एक बयान में कहा कि 2014-15 से 2024-25 के बीच कच्चे तेल के आयात पर भारत की निर्भरता 84 प्रतिशत से बढ़कर 90 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इसी अवधि में एलपीजी आयात पर निर्भरता 46 प्रतिशत से बढ़कर 62 प्रतिशत तक पहुंच गई है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यह सब तब हो रहा है, जब नारा आत्मनिर्भरता का दिया गया था। कांग्रेस नेता ने कहा कि देश में प्राकृतिक गैस उत्पादन की स्थिति 'और भी अस्पष्ट' बनी हुई है, जिसे उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के दौरान किए गए दावों से जोड़ा। उन्होंने याद दिलाया कि 26 जून 2005 को मोदी ने घोषणा की थी कि गुजरात स्टेट पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (जीएसपीसी) ने कृष्णा-गोदावरी बेसिन के गहरे समुद्र में देश के सबसे बड़े गैस भंडार की खोज की है, जिसे भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने वाला बताया गया था।

# यूपी के कई जिलों में पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें

■ अफवाहों के चलते मची मारामारी, राज्य सरकार ने कहा-पर्याप्त है स्टॉक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कई जिलों में पेट्रोल-डीजल की कीमत बढ़ने और संभावित कमी की अफवाहों के चलते गुरुवार को कई जगहों पर पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लग गई और यातायात तक प्रभावित हुआ। यह हालात अयोध्या, अंबेडकर नगर और बहराइच समेत तमाम जिलों ने दिखाई पड़े।

प्रयागराज के अलोपीबाग, सिविल लाइंस, करेली और मीरा. पुर जैसे इलाकों में लोगों ने आधा टैंक भरा होने के बावजूद ईंधन भरवाने के लिए लंबी कतारें लगा दीं। कई जगहों पर लाइनें सड़कों तक फैल गईं, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित हुई। ग्रामीण क्षेत्रों में भी यही हाल देखने को मिला, जहां पेट्रोल पंप कर्मियों को भीड़ संभालने के लिए पुलिस की मदद लेनी पड़ी। बहराइच में भी शहरी और ग्रामीण दोनों इलाकों में अचानक मांग बढ़ी, हालांकि प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जिले के सभी 121 पेट्रोल पंपों पर आपूर्ति सामान्य और पर्याप्त है। अंबेडकर नगर में हालात कुछ ज्यादा बिगड़े नजर आए, जहां कई पेट्रोल पंपों पर 'नो फ्यूल' के बोर्ड लग गए। बस्कहरी, जलालपुर और जहांगीरगंज जैसे इलाकों में पेट्रोल-डीजल खत्म होने की खबरें आईं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कई पंपों पर दोपहिया वाहनों के लिए 200 रुपये और चारपहिया के लिए 500 रुपये के ईंधन की सीमा तय करनी पड़ी।

# गैस सिलेंडर के लिए सोशल मीडिया पर अपना नम्बर डालें उपमुख्यमंत्री: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एलपीजी सिलेंडर के संकट से जूझ रही जनता के प्रति हमदर्दी का इजहार करते हुए समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पर हमला बोला है।



उन्होंने कहा कि डिप्टी सीएम को अपना नम्बर सोशल मीडिया पर जारी करना चाहिए, जिससे आम जनता को सिलेंडर आसानी से मिल सके। यादव ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा- उप्र के भाजपाई डिप्टी सीएम के बयान से ये साबित हो गया है कि सिलेंडर की जमाखोरी और कालाबाजारी भाजपाई ही कर रहे हैं। डिप्टी सीएम का दावा है कि 'जिसके यहां सिलेंडर न हो वो हमारे यहां सूचना भेज दे, हम सिलेंडर भिजवा देंगे'। इस संदर्भ में आग्रह है कि वो अपना फोन नंबर सोशल मीडिया पर डाल दें या अपने घर, कार्यालय या फिर सीधे अपने जमाखोरीवाले अंडरग्राउंड गोदाम का पता ही दे दें। दरअसल मौर्य ने कहा था कि अगर किसी के पास सिलेंडर नहीं है, तो वे उनके कार्यालय को सूचित करें, सिलेंडर भिजवाया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि संकट के समय भाजपा कार्यकर्ता जनता की मदद के लिए सक्रिय नहीं दिख रहे हैं। गैस एजेंसियों और पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारों के बावजूद पार्टी के लोग कहीं नजर नहीं आ रहे हैं।

### बंगाल चुनाव के बाद पेट्रोल डीजल की कीमतों में भारी बढ़ोत्तरी संभव: रामगोपाल

**इटावा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने मिडिल ईस्ट में चल रहे तनाव के बीच दावा किया है कि पश्चिम बंगाल समेत अन्य राज्यों के चुनाव के बाद पेट्रोल की कीमतों में प्रति लीटर 50 रुपये तक की बढ़ोतरी हो सकती है। इटावा स्थित केदारेश्वर महादेव मंदिर में भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि ईरान-इजरायल के बीच बढ़ते तनाव के कारण पेट्रोलियम पदार्थों पर संकट गहराता जा रहा है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



**सेंसेक्स** 73583.22
**निफ्टी** 22819.60



**सोना** 141000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 225000
प्रति किलो




# शेयर बाजारों में फिर गिरावट सेंसेक्स 1,690 अंक लुढ़का

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में दो दिन की तेजी के बाद शुक्रवार को फिर गिरावट देखी गई और बीएसई का सेंसेक्स 1,690.23 अंक (2.25 प्रतिशत) टूटकर 73,583.22 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 486.85 अंक यानी 2.09 प्रतिशत नीचे 22,819.60 अंक पर बंद हुआ। विदेशों से मिले नकारात्म संकेतों के कारण आज शुरू से ही बाजार पर दबाव रहा।

डॉलर की तुलना में रुपये के कमजोर पड़ने से निवेश धारणा और प्रभावित हुई। फिलहाल रुपया 94.70 रुपये प्रति डॉलर पर है। पिछले कारोबारी दिवस पर 93.96 रुपये प्रति डॉलर पर बंद होने वाली भारतीय मुद्रा बीच कारोबार में 94.85 रुपये प्रति डॉलर तक टूट गई थी। चौतरफा बिकवाली के बीच मझौली और छोटी कंपनियों पर भी दबाव रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.13 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.74 प्रतिशत उतर गया। सभी सेक्टर लाल निशान में बंद हुए। सुबह बढ़त में रहने वाला आईटी सूचकांक भी अंत में गिर गया।



बैंकिंग, रियलटी, ऑटो, रसायन, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, वित्त, एफएमसीजी, धातु, तेल एवं गैस और फार्मा सेक्टरों में अधिक दबाव देखा गया। सेंसेक्स की कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज और इंडिगो के शेयर साढ़े चार प्रतिशत से अधिक टूटे। बजाज फाइनेंस में भी सवा चार फीसदी की गिरावट रही। भारतीय स्टेट बैंक, इटरनल और एचडीएफसी बैंक के शेयर तीन से चार प्रतिशत तक नीचे बंद हुए। बजाज फिनसर्व, हिंदुस्तान यूनीलिवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एशियन पेंट्स, अडानी पोर्ट्स, एलएंडटी, मारुति सुजुकी, ट्रेंट, बीईएल और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर दो से तीन प्रतिशत तक फिसल गए।

### विदेशी मुद्रा भंडार 11.413 अरब डॉलर तक घटा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 मार्च को समाप्त सप्ताह में 11.413 अरब डॉलर घटकर 698.346 अरब डॉलर रह गया। विदेशी मुद्रा भंडार 10 सप्ताह बाद 700 अरब डॉलर से नीचे उतरा है। इसकी मुख्य वजह स्वर्ण भंडार में 13 अरब डॉलर से अधिक की साप्ताहिक गिरावट है। गत 27 फरवरी को रिकॉर्ड 728.494 अरब डॉलर को छूने का बाद विदेश मुद्रा का देश का भंडार लगातार तीसरे सप्ताह कम हुआ है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 20 मार्च को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार 13.495 अरब डॉलर घटकर 117.186 अरब डॉलर रह गया। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में आलोच्य सप्ताह के दौरान 2.127 अरब डॉलर की वृद्धि हुई है और यह 557.695 अरब डॉलर हो गया। इसमें अमेरिकी डॉलर के अलावा जापानी एन, यूरो और ब्रितानी पाउंड भी शामिल हैं, जिनके मूल्य का निर्धारण डॉलर की तुलना में उनके संदर्भ दर के आधार पर होता है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.833 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

# चांदी की कीमतों में करीब 5380 रुपये का उछाल, सोना रुपये 1.41 लाख पर पहुंचा

**मुंबई, वार्ता**

सुरक्षित निवेश माने जाने वाले सोना और चांदी की कीमतों में शुक्रवार को तेजी देखने को मिली। पश्चिम एशिया के हालात को लेकर बाजार में बढ़ती अनिश्चितता के बीच निवेशकों ने फिर से बुलियन में खरीदारी बढ़ाई। चांदी की कीमत 5380 रुपये बढ़कर 2.25 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं सोने का भाव 1320 रुपये बढ़कर 1.41 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में शुक्रवार को सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट थमती नजर आई और दोनों धातुएं हल्की बढ़त के साथ कारोबार करती दिखीं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से ईरान के साथ समझौते की समयसीमा को एक बार फिर आगे बढ़ाने के फैसले से बाजार को अस्थायी राहत मिली है। कामेक्स पर सोना 0.33 प्रतिशत बढ़कर 4,423 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जबकि पिछले सत्र में इसमें करीब 3 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी। वहीं चांदी की कीमत 0.29 प्रतिशत बढ़कर 68.13 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड कर रही है। डोनाल्ड ट्रम्प ने संकेत दिया है कि ईरान के ऊर्जा ठिकानों को निशाना बनाने की कार्रवाई को फिलहाल 10 दिनों के लिए टाल दिया गया है। इससे निवेशकों की घबराहट कुछ कम हुई है, क्योंकि पिछले एक महीने से जारी संघर्ष ने बाजार में अनिश्चितता बढ़ा रखी थी। हालांकि, सोना और चांदी पर दबाव अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। इसके पीछे कई बड़े कारण हैं- ऊर्जा कीमतों में तेजी से महंगाई का खतरा बढ़ा है, जिससे केंद्रीय बैंक ब्याज दरें ऊंची रख सकते हैं। इससे बिना ब्याज वाले एसेट जैसे सोना-चांदी की मांग घटती है। डॉलर इंडेक्स करीब 100 के स्तर पर बना हुआ है और संघर्ष शुरू होने के बाद इसमें लगभग 2.3: की बढ़त आई है। मजबूत डॉलर से कमोडिटीज महंगी हो जाती हैं, जिससे मांग कमजोर पड़ती है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक तुर्की के केंद्रीय बैंक ने संघर्ष के शुरुआती दो हफ्तों में करीब 60 टन सोना बेचा या स्वैप किया, जिससे बाजार पर अतिरिक्त दबाव आया।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ईरान ने...**

है। कुवैत के अली अल-सलेम एयरबेस और बहरीन के शेख ईसा बेस पर ईरानी मिसाइलें गिरी हैं। बताया जा रहा है कि बहरीन में पैट्रियट मिसाइल सिस्टम के रिपेयर हैंगर और जेट फ्यूल टैंकों को भारी नुकसान पहुंचा है। कुवैत और यूएई के अल-धाफरा बेस पर भी ईरानी ड्रोन्स ने सैन्य साजो-सामान को निशाना बनाया है। पिछले दिनों नौसेना प्रमुख रियर एडमिरल अलीरेजा तंगसिरी की मौत के बाद ईरान भड़क उठा है। इजरायली हमले में तंगसिरी की मौत हुई थी। बताया जा रहा है कि ईरान इसी का प्रतिशोध ले रहा है। 28 फरवरी 2026 को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई की मौत के बाद शुरू हुआ यह युद्ध अब वैश्विक संकट बन चुका है।

ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को लगभग बंद कर दिया है। इसका नतीजा यह हुआ है कि पूरी दुनिया में तेल की सप्लाई ठप होने का खतरा पैदा हो गया है। हालांकि अमेरिका ने 6 अप्रैल तक तेल डिपो पर हमले न करने की बात कही है, लेकिन जमीन पर स्थिति इसके उलट दिख रही है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों की माने तो अगर यह सिलसिला नहीं रुका, तो आने वाले दिनों में तेल गैस की भारी किल्लत हो सकती है। वहीं मिडिल ईस्ट में जारी जंग के बीच यमन के हूती विद्रोहियों ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हमले बढ़ाए, तो वे जंग में उतर सकते हैं। हूती प्रशासन के एक अधिकारी ने कहा कि यमन ईरान के समर्थन में जंग में शामिल हो सकता है। अधिकारी ने इसे धार्मिक, नैतिक और मानवीय जिम्मेदारी बताया। हूतियों ने कहा कि अगर हालात और बिगड़े, तो वे पहले ही हस्तक्षेप कर सकते हैं और बाब-अल-मंदाब स्ट्रेट को बंद करना भी एक विकल्प है। यह स्ट्रेट ग्लोबल शिपिंग के लिए बेहद अहम है और इसके बंद होने से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर बड़ा असर पड़ सकता है। हालांकि, अभी तक हूती नेतृत्व ने औपचारिक रूप से जंग में शामिल होने का ऐलान नहीं किया है, लेकिन उनकी चेतावनी से क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है। ईरान ने भारतीय बच्चों द्वारा गुल्लक दान करने पर भावुक प्रतिक्रिया दी है। ईरान के भारत स्थित दूतावास ने कहा कि इस मदद को वह कभी नहीं भूलेंगे। दूतावास ने कहा कि भारतीय बच्चों का अपनी गुल्लक दान करना 'प्यार भरा तोहफा' है, जिसे कभी नहीं भुलाया जाएगा। दूतावास ने सोशल मीडिया पर कहा कि छोटे-छोटे बच्चों ने अपने छोटे हाथों से जो मदद दी, वह बेहद खास है और दोनों देशों के रिश्तों की गहराई को दिखाती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक जम्मू-कश्मीर समेत कई जगहों पर बच्चों ने अपनी गुल्लक तोड़कर ईरान के लिए पैसे दान किए। ईरान दूतावास ने कहा कि यह दया और समर्थन उनके लिए बेहद मायने रखता है और इसे हमेशा याद रखा जाएगा।

**पेट्रोल-डीजल पर...**

है। वित्त मंत्री ने कहा कि इससे देश में डीजल और विमान ईंधन की ज्यादा उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। पेट्रोल डीजल के निर्यात पर विशेष उत्पाद शुल्क में कोई बदलाव नहीं किया गया है। निर्यातित पेट्रोल पर विशेष उत्पाद शुल्क शून्य है, जबकि डीजल पर 18.5 रुपये प्रति लीटर है। इस कटौती के बाद पेट्रोल पर मूल उत्पाद शुल्क 1.40 रुपये, विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क तीन रुपये, कृषि अवसंरचना एवं विकास उपकर 2.50 रुपये और अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (सड़क एवं अवसंरचना उपकर) पांच रुपये प्रति लीटर हो गया है। डीजल पर मूल उत्पाद शुल्क 1.80 रुपये, विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क शून्य, कृषि अवसंरचना एवं विकास उपकर चार रुपये और विशेष उत्पाद शुल्क (सड़क एवं अवसं. रचना) दो रुपये प्रति लीटर हो गई है। इन केंद्रीय करों के अलावा पेट्रोल-डीजल पर हर राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश द्वारा अलग. अलग मूल्य वर्द्धित कर (वैट) भी लगाया जाता है। इस बीच, गैर ब्रांडेड पेट्रोल और डीजल के दाम शुक्रवार को भी अपरिवर्तित रहे। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में आज पेट्रोल की कीमत 94.77 रुपये और डीजल की 87.67 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रही। गैर ब्रांडेड पेट्रोल-डीजल के मूल्य में 30 अक्टूबर 2024 के बाद से कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## मीरवाइज के नेतृत्व में ईरान के राजदूत से मिला एमएमयू का प्रतिनिधिमंडल

**श्रीनगर।** मुत्तहिदा मजलिस-ए-उलेमा (एमएमयू) के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को नई दिल्ली में ईरान के राजदूत डा. मोहम्मद फथअली से मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व एमएमयू के संरक्षक मीरवाइज उमर फारूक कर रहे थे। प्रतिनिधिमंडल में कश्मीर के प्रमुख धार्मिक नेता शामिल थे, जिनमें मुफ्ती नासिर-उल-इस्लाम, आगा सैयद हसन अल-मोसवी, आगा सैयद हादी अल-मोसवी और आगा सैयद मुजतबा प्रमुख थे। इस मुलाकात का उद्देश्य ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या पर शोक व्यक्त करना और ईरान के एकजुटता जताना था। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर में इस्लामी धार्मिक संगठनों एमएमयू ने खामेनेई की हत्या के विरोध में दो मार्च को कश्मीर में बंद का आह्वान भी किया था। एमएमयू ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने अयातुल्ला अली खामेनेई, उनके परिवार के सदस्यों और नेतृत्व के अन्य सदस्यों की हत्या पर हार्दिक संवेदना व्यक्त की। साथ ही उन्होंने ईरान की जनता के प्रति गहरी एकजुटता जताई, जिसे उन्होंने उनके कठिनाई के समय के रूप में वर्णित किया। एमएमयू ने कहा कि कश्मीर की जनता की ओर से प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि मुस्लिम उम्माह के एक प्रमुख और सम्मानित नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की शहादत ने उन्हें गहरा दुख पहुंचाया है।

# ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने पर प्रधानमंत्री का आभार

■ केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मोदी के प्रयासों को खुलकर सराहा

**नई दिल्ली, वार्ता**

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि जहां दुनिया ईंधन की कमी से गुजर रही है, वहीं भारत में ईंधन की प्रचुर उपलब्धता है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में पुरी ने कहा कि जहां दुनिया के अन्य देश ईंधन संरक्षण के लिए ऑड-ईवन, सप्ताह में चार दिन काम और स्कूलों-कार्यालयों को बंद करने जैसे कड़े कदम उठा रहे हैं, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ऊर्जा सुरक्षा और उपलब्धता का एक बेमिसाल उदाहरण बना हुआ है। पुरी ने घोषणा की कि वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति को आसान बनाने के लिए भारत सरकार ने राज्यों के वाणिज्यिक एलपीजी आवंटन को बढ़ाकर 70 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। इसमें से 20 प्रतिशत आवंटन स्टील, ऑटोमोबाइल, कपड़ा और अन्य श्रम-गहन उद्योगों को दिया जाएगा। उन उद्योगों को प्राथमिकता दी जाएगी जहां 'पाइप्ड गैस' एक विकल्प नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय बाजार की स्थिति का हवाला देते हुए बताया कि पिछले एक महीने में कच्चे तेल की कीमतें 70 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर लगभग 122 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई हैं। इसके परिणामस्वरूप दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 30.50 प्रतिशत, उत्तरी अमेरिका में 30 प्रतिशत, यूरोप में 20 प्रतिशत और अफ्रीकी देशों में 50 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। पुरी ने कहा कि मोदी सरकार के पास दो विकल्प थे या तो अन्य देशों की तरह नागरिकों के लिए कीमतें बढ़ा दी जाएं या फिर अंतर्राष्ट्रीय अस्थिरता से देशवासियों को बचाने के लिए सरकारी खजाने पर इसका बोझ उठाया जाए। प्रधानमंत्री ने सरकारी खजाने से इस समस्या के समाधान का विकल्प चुना ताकि भारतीय नागरिकों को सुरक्षित रखा जा सके। श्री पुरी के अनुसार, सरकार ने पेट्रोल-डीजल आदि पर कर कम कर दिया है ताकि तेल कंपनियों के उच्च घाटे (पेट्रोल पर लगभग 24 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 30 रुपये प्रति लीटर) को कम किया जा सके। साथ ही, अंतर्राष्ट्रीय कीमतों में उछाल को देखते हुए निर्यात कर भी लगाया गया है।

# यशस्विनी ने योगी को भेंट किया बुलडोजर

## चार साल की बालिका से गिफ्ट पाकर हंसी नहीं रोक पाए मुख्यमंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ /गोरखपुर।** मासूम बच्चों को गिफ्ट व चाकलेट देकर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेरने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आज कानपुर की 4 वर्षीय यशस्विनी सिंह के गिफ्ट ने हंसने पर मजबूर कर दिया। यशस्विनी ने सीएम से कहा, आपके लिए गिफ्ट लाएं हैं, पहले आंखें बंद करिए। इसके बाद यशस्विनी ने एक छोटा सा बुलडोजर (खिलौना) मुख्यमंत्री के हाथों में सौंप दिया।



सरप्राइज गिफ्ट देखते ही सीएम भी हंस पड़े। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में अपनी पारंपरिक दिनचर्या के तहत भ्रमण कर रहे थे। उसी दौरान उनकी नजर 4 वर्षीय यशस्विनी सिंह पर पड़ी, जो अपने अभिभावकों के साथ कानपुर से आई थी। सीएम ने यशस्विनी को अपने पास बुलाया, उसे चाकलेट दी और बातचीत की। तभी यशस्विनी ने मुख्यमंत्री से कहा कि आपके लिए एक गिफ्ट लाए हैं, आप आंखें बंद करिए। सीएम ने मुस्कुराते हुए उसकी बात मान ली तो यशस्विनी ने उनके हाथों में एक छोटा सा बुलडोजर सौंप दिया।गिफ्ट देखकर मुख्यमंत्री समेत वहां मौजूद सभी लोगों के चेहरों पर हंसी बिखर गई।

कानपुर की यशस्विनी ने मुख्यमंत्री से कहा कि आपको बुलडोजर प्रिय है, इसलिए मैं आपको गिफ्ट कर रही हूं। यशस्विनी सिंह कानपुर के प्रताप इंटरनेशनल कॉलेज में नर्सरी की छात्रा है। वह अपने पिता अभय सिंह राजावत व मां प्रियदम्वा सिंह के साथ गोरक्षपीठाधीश्वर से आशीर्वाद लेने के लिए गोरखपुर आई थी। यशस्विनी मुख्यमंत्री से मिलकर बहुत खुश नजर आई।


### संगठनात्मक, सामाजिक और व्यापारिक मुद्दों पर चर्चा

**गोंडा।** आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल से जयसवाल समाज के प्रतिनिधि मंडल ने भेंट कर समाज से जुड़े संगठनात्मक, सामाजिक एवं व्यापारिक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक के दौरान समाज के प्रतिनिधियों ने विभिन्न जनहित विषयों पर अपने सुझाव रखे और समुदाय के सशक्तिकरण तथा युवाओं के लिए रोजगार व व्यापारिक अवसरों पर विचार-विमर्श किया। भाजपा नेता सेलू जायसवाल, सदास्य नगर कार्य समिति भाजपा लखनऊ महानगर रवि प्रकाश जायसवाल, अतुल पाल ,वैभव जायसवाल , नितिन जायसवाल, अर्पित जायसवाल, अवनीश जायसवाल, और सामाजिक कार्यकर्ता संतोष जायसवाल सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## सर सैयद अहमद खान के यौम ए वफात पर एसडीपीआई की खिराज ए अकीदत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी आफ इंडिया उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष जनाब निजामुद्दीन खान ने महान चिंतक, विचारक, लेखक, रणनीतिज्ञ और स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत सर सय्यद अहमद ख़ान साहब के यौम-ए-वफात के अवसर पर उन्हें तहे दिल से खिराज-ए-अकीदत पेश किया।



उन्होंने पार्टी के प्रदेश कार्यालय लखनऊ से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि सर सैय्यद अहमद खान ने उस दौर में अपनी कौम को इल्म, कलाम और किताब की अहमियत समझाई, जब जहालत और अंधेरे का बोलबाला था। निजामुद्दीन खान ने आगे कहा कि सर सैय्यद के राजनीतिक विचार भी बेहद दूरदर्शी थे। उन्होंने अपने दौर में भारतीय समाज को बदलते हालात के अनुरूप ढालने की जरूरत पर जोर दिया और शिक्षा को राजनीतिक और सामाजिक सशक्तिकरण का सबसे बड़ा जरिया बताया। उनका मानना था कि बिना तालीम के कोई भी कौम अपने हक और अपने मुकाम को हासिल नहीं कर सकती। निजामुद्दीन खान ने कहा कि सर सैय्यद ने समाज में फैली कुरीतियों, अज्ञानता और पिछड़ेपन के खिलाफ कलम और तालीम के जरिए जंग लड़ी। सर सय्यद अहमद ख़ान ने आधुनिक शिक्षा, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सामाजिक सुधार को बढ़ावा देकर एक नई सोच को जन्म दिया, जो आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक है।

## संक्षिप्त समाचार

### कौशाम्बी सड़क दुर्घटना पर उप मौर्य ने व्यक्त किय शोक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी ने जनपद कौशाम्बी में कानपुर-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई भीषण सड़क दुर्घटना में हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने इस घटना को अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक बताते हुए दिवंगतों के प्रति अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।उप मुख्यमंत्री जी ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस कठिन घड़ी में प्रदेश सरकार उनके साथ खड़ी है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्यात्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति दें।श्री मौर्य जी ने दुर्घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि घायलों का समुचित एवं त्वरित उपचार सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर है तथा भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

### मिशन शक्ति टीम ने महिलाओ को किया जागरूक

**गोंडा।** जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति हो रहे अपराधों को रोकने के क्रम में वजीरगंज पुलिस की महिला शक्ति टीम ने शुक्रवार को कस्बे से सटे गिरधारीपुरवा में महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया।महिला आरक्षी सरिता व अनीता सोनकर के साथ कांस्टेबल आनंद यादव ने छेड़छाड़ व शोषण, दहेज उत्पीड़न, बाल अपराध, एसिड अटैक से बचाव हेतु जागरूक करने के साथ वहां मौजूद बालिकाओं एवं महिलाओं को मुख्यमंत्री द्वारा शुरू किए गए मिशन शक्ति अभियान 5.0 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा उनको प्रत्येक थाने पर स्थापित किए गए ष मिशन शक्ति केंद्र ष के बारे में बताया गया।

### पेट्रोल पंप पर लगी लम्बी कतार

**लखीमपुर खीरी।** विगत दिनों संसद में प्रधानमंत्री जी के दिए गए भाषण में जनता से लाक डाउन जैसी स्थिति से तैयार रहने के लिए कहा गया , प्रधानमंत्री जी के इस भाषण से लखीमपुर खीरी में लोगों के दिलों में लाक डाउन का खौफ हो गया है लोग समझ रहे है क्या सच में लाक डाउन जैसे स्थिति आ सकती है,,मालूम हो कि खाड़ी में चल रहे ईरान, इजराइल अमेरिका, के मध्य युद्ध के मद्देनजर हरमुज स्ट्रीट से एलपीजी और तेल टैंकरों की सप्लाई बेहतर न होने से जनता के बीच यह स्थिति बनी है।

### किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**प्रयागराज।** हंडिया थाना क्षेत्र के एक गांव में 14 वर्षीय मानसिक रूप से विक्षिप्त दिव्यांग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता के गर्भवती होने पर घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो वे अचंभित हो गए। किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पीड़िता की मां ने आरोप लगाया कि कौशाम्बी जिले का रहने वाला आरोपी बृजेश अपनी प्रेमिका से मिलने हंडिया क्षेत्र में आता था।

## आरएलडी के मंच में सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम



**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश कार्यालय, लखनऊ में राष्ट्रीय लोकदल उत्तर प्रदेश प्रोफेशनल मंच के तत्तवाधान में एक भव्य सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय लोकदल प्रोफेशनल मंच, उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अंबुज पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाते हुए बड़ी संख्या में लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। उनके अथक प्रयासों से राष्ट्रीय लोकदल का जनाधार निरंतर तेजी से बढ़ रहा है।इसी क्रम में रायबरेली जनपद के अरौरा बुजुर्ग, हरचंदपुर के प्रधान गया प्रसाद लोधी एवं दीवानी रायबरेली बार एसोसिएशन के अधिवक्ता तुषार भारती ने अपने समर्थकों के साथ राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से नीरज साहू, प्रदीप गौतम, रोहित, शिवम, शुभांशु, मनीष मोदनवाल, सौरभ भारती, कृष्णा भारती, ऋतिक, कुलदीप गौतम, भारत लाल, मनोज भारती, रोहिता शुक्ला, गंगाराम वर्मा, दिनेश कुमार, अनीश कुमार, राम सुमेर, ऋषिकेश, अरुण भारती, उत्कर्ष आर्य सहित सैकड़ों लोगों ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की।इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अंबुज पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल की नीतियां और विचारधारा समाज के हर वर्ग को जोड़ने का कार्य कर रही हैं। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में प्रोफेशनल मंच के उपाध्यक्ष अधिवक्ता सोहेल सिद्दीकी, अजय सिंह क्षेत्रीय अध्यक्ष, मुकेश वर्मा क्षेत्रीय अध्यक्ष, अवध, सुमित सिंह द्धअध्यक्ष, अवध क्षेत्र, कमल श्रीवास्तव प्रदेश महासचिव, प्रदेश सचिव सहित प्रोफेशनल मंच के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संविदा कर्मियों के बाद अभियंताओं के निलंबन की तैयारी पर सवाल

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने पावर कारपोरेशन प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि सैकड़ों संविदा कर्मियों को सेवा से हटाने के बाद अब 1 अप्रैल से बड़े पैमाने पर अभियंताओं और जूनियर इंजीनियरों के निलंबन की तैयारी की जा रही है। संघर्ष समिति का आरोप है कि प्रबंधन अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए भय का वातावरण बनाकर निजीकरण की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। संघर्ष समिति ने कहा कि पावर कार्पोरेशन प्रबंधन की इन उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों से आने वाली गर्मी में प्रदेश की बिजली व्यवस्था पटरी से उतर सकती है जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश भर में बड़े पैमाने पर संविदा कर्मियों को मनमाने ढंग से हटाया गया है। प्रदेश में यह संख्या लगभग 25,000 तक पहुंचने की आशंका जताई गई है। लखनऊ के लेसा क्षेत्र में ही इस माह 340 संविदा कर्मियों को सेवा से बाहर किया जा चुका है, जिनमें बड़ी संख्या आपरेटिंग स्टाफ की है जिसका बिजली व्यवस्था पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है।संघर्ष समिति ने आरोप लगाया कि पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डा. आशीष गोयल द्वारा हाल ही में आयोजित वीडियो कान्फेंसिंग में अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि निलंबन हेतु कम से कम 5 अधीक्षण अभियंताओं, 15 अधिशासी अभियंताओं तथा अनुपातिक संख्या में सहायक अभियंताओं और जूनियर इंजीनियरों की सूची तैयार की जाए और 01 अप्रैल की दी जाय। संघर्ष समिति ने इस आदेश को हतानाशाहीपूर्णह्ण करार देते हुए कहा कि यह कदम ऊर्जा निगमों में भय और अस्थिरता का माहौल पैदा कर रहा है।

## एक्साइज ड्यूटी में कटौती के सरकारी दावे मात्र छलावा: लोकदल

**लखनऊ।** लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह नें एक बयान जारी करते हुए कहा किकेंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी में कटौती को लेकर जो दावे किए जा रहे हैं, वह पूरी तरह से एक छलावा साबित हो रहे हैं। इस फैसले से आम जनता को कोई वास्तविक राहत मिलने वाली नहीं है, बल्कि इसका सीधा लाभ पेट्रोल पंप मालिकों और तेल कंपनियों को ही पहुंचेगा। सरकार बार-बार यह दावा कर रही है कि देश में पेट्रोल और गैस का पर्याप्त स्टाक उपलब्ध है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों पर लग रही लंबी कतारें इस बात का स्पष्ट संकेत हैं कि स्थिति सामान्य नहीं है। यदि वास्तव में पर्याप्त स्टाक है, तो जनता को इस तरह की परेशानी का सामना क्यों करना पड़ रहा है? सरकार इन समस्याओं को अफवाह बताकर अपनी नाकामियों को छुपाने की कोशिश कर रही है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

## बाइक से स्टंट करने वाला गिरफ्तार

**बांगरमऊ।** नगर में बाइक पर सवार होकर स्टंट करना, राह चलती छात्राओं पर फब्तियां कसना और छेड़छाड़ जैसी हरकतें करना एक युवक को भारी पड़ गया। युवक की लगातार बढ़ती अभद्रता से परेशान कई नागरिकों ने उसकी शिकायत कोतवाली पुलिस से की थी। शिकायत के बाद पुलिस काफी दिनों से आरोपी युवक की तलाश में जुटी हुई थी।पुलिस के अनुसार, आरोपी युवक अक्सर नगर के विभिन्न मार्गों पर तेज रफ्तार बाइक दौड़ाते हुए स्टंट करता था और छात्राओं व महिलाओं को परेशान करता था। उसकी इन हरकतों से नागरिकों में आक्रोश था। कई बार समझाने के बावजूद जब युवक अपनी आदतों से बाज नहीं आया, तो नागरिकों ने एकजुट होकर कोतवाली में लिखित शिकायत दी।

## दयानंद में विद्यार्थियों नें किया योगाभ्यास

**लखनऊ।** दयानंद इंटर कॉलेज, लखनऊ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के छठे दिन विद्यार्थियों ने अपने दिन की शुरुआत परिसर एवं आसपास के क्षेत्र की सफाई अभियान से की। इसके पश्चात सभी विद्यार्थियों ने मिलकर ईश्वर की प्रार्थना की।आगे विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवन के महत्व के विषय में जागरूक किया गया। विद्यार्थियों द्वारा सभी को योगाभ्यास कराया गया, सभी ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की आज का दिन स्वच्छता, अनुशासन, आध्यात्मिकता एवं स्वास्थ्य जागरूकता से परिपूर्ण रहा।

# पेंशनरों ने किया ईपीएफओ पर प्रदर्शन

**लखनऊ।** संसद की स्थाई समिति की रिपोर्ट में न्यूनतम पेंशन को अपर्याप्त बताते हुए इसको तत्काल बढ़ाने की सिफारिश की गई है जिस पर सरकार कोई कार्यवाई नहीं कर रही है इसके विरोध मेंआज गोमती नगर स्थित ईपीएफओ कार्यालय पर ईपीएस 95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। पेंशनरों ने कहा कि 2013 से अब तक संसद की तीन स्थाई समिति द्वारा न्यूनतम पेंशन बढ़ाने की सिफारिश की जा चुकी है, संसद के प्रत्येक सत्र में विभिन्न पार्टियों के सांसद पेंशन बढ़ोतरी का मुद्दा उठाते हैं 9 से 11 मार्च तक दिल्ली के जंतर मंतर पर प्रदर्शन किया गया पर सरकार आंखें मूंदे बैठी है। देश के 81 लाख पेंशनरों को औसतन 1171/- मासिक पेंशन दी जा रही है जबकि



समिति पिछले आज 8 वर्षों से न्यूनतम पेंशन 7500/- महीना ,मंहगाई भत्ता, पति-पत्नी को मुफ्त चिकित्सा की मांग को लेकर आंदोलन कर रही है प्पेंशनरों ने धरना स्थल पर क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अश्विनी कुमार गुप्ता को श्रम मंत्री के नाम ज्ञापन सौपा , धरने में कई विभागों के पेंशनर्स शामिल हुए। धरना स्थल पर सभा को राष्ट्रीय सचिव राजीव भटनागर, प्रांतीय महामंत्री राजशेखर नागर एवं आर एन द्विवेदी, प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुभाष चौबे, मंडल समन्वयक आर सी मिश्रा, जिला सचिव राम दरश चौधरी, सुदीप जैन , भारत भूषण सिंह, डी के मिश्रा, महिलामोर्चे की प्रांतीय अध्यक्ष गीता वर्मा,संगठन सचिव सुनीता सोनकर ,जिलाध्यक्ष सुमन श्रीवास्तव एवं जिला सचिव आशा नारायण आदि ने संबोधित किया



# अवैध वसूली में एसओ को किया निलम्बित

## रेप में झूंठा फंसाने की धमकी देकर वसूले थे 1.35 लाख

शाह टाइम्स की खबर का असर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शाह टाइम्स की खबर का असर हुआ है। रेप के मामले में झूंठा फंसाने की धमकी देकर व पुलिस हिरासत में रखने के मामले में एसपी ने रहरा थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार को तत्काल निलम्बित कर दिया है। शाह टाइम्स समाचार पत्र में लगातार दो दिनों तक इस खबर को प्रमुखता से छापा था। जिसका संज्ञान लेते हुए एसपी ने एसओ को सस्पेंड कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम परा. ेरा निवासी रामदास द्वारा पुलिस कार्यालय में शिकायत दी गई थी कि उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई और उसके परिजनों से समझौते के नाम पर 1. 35 लाख रुपये की वसूली की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच क्षेत्राधिकारी हसनपुर से कराई गई। जांच में सामने आया कि शिकायतकर्ता को 24 घंटे से अधिक समय तक थाना रहरा में अवैध रूप से हिरासत में रखा गया था। साथ ही पूरे प्रकरण में थानाध्यक्ष की कार्यशैली संदिग्ध और अनियमित पाई गई। इन तथ्यों के आधार पर पुलिस अधीक्षक ने तत्काल प्रभाव से थानाध्यक्ष बृजेश कुमार को निलंबित कर दिया और उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी है। एसपी ने स्पष्ट किया कि पुलिस विभाग में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# प्लेंसमेंट ड्राइव में चमकी छात्रों की किस्मत

## वैंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में दो दिवसीय कार्यक्रम




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सुधीर गिरि ने कहा कि स्किल्ड भारतीय युवाओं के लिए देश-विदेश में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं, बशर्ते वे खुद को बाजार की जरूरतों के अनुसार अपडेट रखें।

राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय में शुक्रवार को दो दिवसीय 'ग्लोबल एचआर मीट/प्लेसमेंट ड्राइव-2026' का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, प्रभारी कुलपति युवराज सिंह और कुलसचिव प्रो. पीयूष कुमार पाण्डेय ने सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। पहले दिन आईटी, मैनेजमेंट, हेल्थ, फार्मा, डेयरी व फूड प्रोसेसिंग समेत विभिन्न क्षेत्रों की 50 से अधिक कंपनियों के एचआर प्रतिनिधियों ने पैनल डिस्कशन, लिखित परीक्षा और इंटरव्यू के माध्यम से चयन प्रक्रिया शुरू की। कुल 1200 छात्र-छात्राओं में से 422 अभ्यर्थी अगले राउंड के लिए चयनित हुए। इस मौके पर सुधीर गिरि ने कहा कि स्किल्ड भारतीय युवाओं के लिए देश-विदेश में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं, बशर्ते वे खुद को बाजार की जरूरतों के अनुसार अपडेट रखें। वहीं डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि भारत तेजी से नवाचार और कौशल के दम पर विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

# शार-विनोद शिव मन्दिर में 2 अप्रैल से रामकथा

## वृंदावन के कथा व्यास सुनायेंगे रामकथा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर के मोहल्ला महादेव स्थित रामलीला मैदान के पास नवनिर्मित शार-विनो शिव मंदिर में स्वर्गीय विनोद कुमार अग्रवाल व उनकी पत्नी स्वर्गीय शारदा रानी (दिल्ली वाले) की पावन स्मृति में भव्य धार्मिक आयोजन किया जाएगा। मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही 2 अप्रैल से 10 अप्रैल तक रामलीला मैदान में श्रीराम कथा का आयोजन होगा।

इस धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए भक्ति, भजन और प्रवचनों की श्रृंखला चलेगी। राम कथा का वाचन वृंदावन से पधारे प्रसिद्ध कथा व्यास श्री हित कुलदीप कृष्ण जी महाराज द्वारा किया जाएगा, जो अपने मधुर वाणी और भावपूर्ण शैली के लिए जाने जाते हैं। आयोजकों ने बताया कि कथा के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा और धर्म के संदेशों का प्रसार किया जाएगा। साथ ही प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विशेष पूजन-अर्चन और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन भी होगा। आयोजन में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।

# साजिद अध्यक्ष व भरत सिंह बने शाखा मंत्री

## अमरोहा डिपो का वार्षिक चुनाव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अमरोहा डिपो की संचालन एवं तकनीकी शाखा के वार्षिक चुनाव में साजिद अली को अध्यक्ष व भरत सिंह शाखा मंत्री पद के लिए निर्विरोध चुने गए। जबकि तकनीकी शाखा के लिए सरफराज अहमद अध्यक्ष तथा विपिन कुमार मंत्री घोषित हुए।

बृहस्पतिवार को अमरोहा डिपो संचालन व तकनीकी शाखाओं का वार्षिक चुनाव क्षेत्रीय अध्यक्ष चंद्रभान सिंह व मंत्री अरुण कुमार, चुनाव अधिकारी करणवीर व विरेंद्र सिंह की देख रेख में सम्पन्न हुआ। जिसमें संचालन शाखा से साजिद अली अध्यक्ष, भरत सिंह को निर्विरोध मंत्री चुना गया। तकनीकी शाखा के लिए सरफराज अहमद अध्यक्ष तथा विपिन कुमार को शाखा मंत्री घोषित किया गया। सभी नव चयनित पदाधिकारियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर नवनीत कुमार, अनिल कुमार, दुष्यंत कुमार, अमित, नाजिर हुसैन, मगन वीर, अमित, दीपक गुप्ता, हर्षित, राहुल, मोहित शर्मा, सत्येंद्र कुमार, शाने आलम तथा चालक, परिचालक मौजूद रहे।

# कुवैत में नौकरी दिलाने का झांसा देकर रकम ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** तीन कारपेन्टरों को कुवैत भेजने के नाम पर लखीमपुर खीरी निवासी व्यक्ति ने ठग लिया और एक लाख 39 हजार रूपये की रकम ऐंठ ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला जलालनगर निवासी फारूख पुत्र इदरीस ने सोशल मीडिया पर एक नौकरी संबधी मैसेज आया। उसने उस पर लिखे नंबरो से सम्पर्क किया तो उधर से बोले व्यक्ति ने कहा कि वह लखीमपुर खीरी में रहता है, वहीं पर आकर जानकारी करें। जिसके बाद फारूख ने वहां

### न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज

जाकर देखा तो मिले व्यक्ति ने कुवैत भेजकर कारपेन्टर की नौकरी दिलाने की मांग की। 58 हजार रूपये मासिक वेतन की बात भी हुई। फारूख और इन्द्रजीत के मध्य खर्च आने वाली रकम आदि भी तय हो गई। फारूख ने वहां से आकर दो दोस्तों अरमान खान व शुएब को भी इस बारे में बताया। जिसके बाद संबधित व्यक्ति के नंबर पर 24 फरवरी 2025 को तीनों युवकों ने एक लाख 39 हजार रूपये की रकम भेज दी। जिसके बाद व्यक्ति ने इन्हें वीजा भी उपलब्ध कराया, जो कि जांच में फर्जी निकला। इसके बाद फारूख व उसके साथियों ने पैसे वापस मांगे तो उसने देने से इंकार कर दिया। फारूख का आरोप है कि पुलिस ने उसकी शिकायत नहीं सुनी, जिसके बाद उसने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने इन्द्रजीत पुत्र गुरवेन्द्र निवासी पंजाबी कालोनी, गोला जनपद लखीमपुर खीरी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# हादसे में चालक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** हाईवे पर अम्हेड़ा मजार के पास तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने आगे चल रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर चालक उछलकर सड़क पर गिर पड़ा और ट्रॉली के पहिए के नीचे आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान डिडौली निवासी तेजपाल उर्फ पप्पू के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह ट्रैक्टर-ट्रॉली से ईंट डालकर वापस लौट रहा था, तभी पीछे से आ रही पिकअप ने टक्कर मार दी।



# विधि विधान से कराया कन्याओं को भोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर क्षेत्र के गांवों में भक्ति और उल्लास का वातावरण बना हुआ है। इसी क्रम में शुक्रवार को ग्राम रामपुर भूड़ स्थित शिव मंदिर में मां आदि शक्ति की विशेष पूजा-अर्चना और हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर माता के जयकारों से गुंजायमान रहा और भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुति देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

इस वर्ष नवमी और दशमी के विशेष संयोग ने पर्व के महत्व को और बढ़ा दिया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में पारंपरिक कन्या पूजन का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने 2 वर्ष से लेकर 10 वर्ष तक की कन्याओं को मां दुर्गा का साक्षात स्वरूप मानते हुए उनके पैर पखारे और विधि-विधान से पूजन किया। पूजन के उपरांत कन्याओं को श्रद्धापूर्वक भोजन कराया गया और उन्हें उपहार भेंट किए गए। तत्पश्चात् मंदिर समिति द्वारा भक्तों को हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में भारी संख्या में ग्रामीण और दूर-दराज से आये भक्त मौजूद रहे। भक्तिमय भजनों और अनुष्ठानों से पूरा गांव माता की भक्ति में सराबोर नजर आया। स्थानीय पुलिस और प्रशासन भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्क रहा। ओमवीर सिंह चौहान, होमाशंकर, विशाल, नितिन कुमार, सोनू कुमार,सूरज सिंह, बालेश्वर नगर, कपिल, विनोद कुमार, अक्षय , देवेंद्र कुमार, प्रीतम सिंह, लाखन सिंह , मास्टर लखन सिंह, गणपत सिंह, कृष्ण कुमार आदि मौजूद रहे। इसके अलावा हसनपुर के गांवों में कन्याओं को विधि विधान के साथ पूजन एवं भोजन कराया गया।

# सिलेंडर लेने को लोगों को लगी कतारें

## घंटों इंतजार के बाद भी नहीं मिल रही गैस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** क्षेत्र में इन दिनों गैस सिलेंडर की किल्लत ने आम लोगों की दिनचर्या को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। हालात इतने खराब हैं कि ग्रामीणों को गैस सिलेंडर प्राप्त करने के लिए सुबह चार बजे से ही लाइन में लगना पड़ रहा है। जैसे-जैसे दिन चढ़ता है, कतारें और लंबी होती जाती हैं, जिससे लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

लोगों का कहना है कि वे अपने जरूरी कामकाज और रोजगार को छोड़कर गैस लेने के लिए मजबूर हैं। कई लोगों को तो पूरा दिन लाइन में बिताने के बावजूद सिलेंडर नहीं मिल पाता, जिससे उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है। इस समस्या के चलते घरों में खाना बनाने तक में दिक्कतें आ रही हैं। महिलाएं, बुजुर्ग और छोटे बच्चों के साथ आए लोग सबसे ज्यादा परेशान नजर आ रहे हैं। तेज धूप और भीड़भाड़ के बीच घंटों खड़े रहना उनके लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। कई महिलाओं ने बताया कि घर का सारा कामकाज प्रभावित हो रहा है और गैस की कमी के कारण भोजन बनाने में भी कठिनाई हो रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि गैस की आपूर्ति पर्याप्त नहीं है और वितरण व्यवस्था भी ठीक से संचालित नहीं हो रही। समय पर सिलेंडर न पहुंचने से एजेंसी पर भीड़ बढ़ती जा रही है।

# कीचड़ व गड्ढो से निकलने को मजबूर ग्रामीण



## चकनवाला के ग्रामीणों को हो रही परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता गजरौला।** ब्लॉक के एक गांव में रास्ते में भरे कीचड़ और गड्ढो के कारण लोगों को आने-जाने में काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रधान सहित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से शिकायत की है, मगर अभी तक समस्या का निवारण न हुआ है। ब्लॉक के गांव चकनवाला मुस्तकम में मुख्य रास्ते पर कीचड़ और गड्ढो के कारण आवाजाही में समस्या है। स्कूली बच्चों सहित ग्रामीणों को यहां से गुजरने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। पशुपालन करने वाले किसान बुग्गी और ट्रैक्टर में चारा आदि लेकर आते हैं तो गड्ढों और कीचड़ में फंस जाते हैं। आये दिन हादसों का खतरा बना रहता है। गांव में हजारों लोगों की आबादी को इस परेशानी से जूझते हुए कई महीने हो गए हैं, लेकिन शिकायत के बाद भी जनप्रतिनिधि, प्रधान और अधिकारियों ने समस्या का निस्तारण नहीं कराया है, जिससे ग्रामीणों में भारी रोष है। ग्रामीणों ने समस्या का निस्तारण न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

## 29 मार्च को बंद होगा त्रिवेणी मिल का पेराई सत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** त्रिवेणी शुगर मिल चंदनपुर का पेराई सत्र 29 मार्च को समाप्त होगा। मिल प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे अपना शेष गन्ना समय से मिल में आपूर्ति कर दें, क्योंकि इसके बाद खरीद बंद कर दी जाएगी। मिल के अनुसार वर्तमान सत्र में अब तक करीब 82.98 लाख कुंतल गन्ने की पेराई हो चुकी है। मिल के उपाध्यक्ष (एस.पी.) आलोक राय ने बताया कि 16 मार्च तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान बैंकों में भेजा जा चुका है, शेष भुगतान मिल बंद होने के बाद किया जाएगा। साथ ही किसानों को बसंतकालीन गन्ना बुवाई में स्वीकृत प्रजातियों का उपयोग और उचित दूरी व बीज शोधन का पालन करने की सलाह दी गई है।

## कोमल तोमर को मिली आदमपुर थाने की कमान

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने अखिलेश प्रधान को सोशल मीडिया सेल से प्रभारी निरीक्षक थाना रहरा भेजा गया है। वहीं संजय कुमार सिंह को प्रभारी निरीक्षक थाना आदमपुर से प्रभारी निरीक्षक थाना रजबपुर बनाया गया है। इसके अलावा उप निरीक्षक कोमल तोमर को थानाध्यक्ष रजबपुर से थानाध्यक्ष आदमपुर बनाया गया है जबकि धर्मेन्द्र सिंह को पुलिस लाइन से प्रभारी जनपदीय सोशल मीडिया सेल बनाया गया है।

# नशे की गोली, इंजेक्शन व सूखे नशे के खिलाफ निकाला पैदल मार्च

## जिला जाट महासभा ने कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक नशे को रोक लगाए जाने की मांग को लेकर नारेबाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को जिला जाट महासभा ने जनपद में नशे की बिक्री के विरोध में महासभा के कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक नारेबाजी करते हुए पैदल मार्च निकाला। उन्होंने नशे के खिलाफ नशे की गोली, इंजेक्शन और सूखे नशे पर रोक लगाने की मांग की और तहसीलदार को ज्ञापन देकर जल्द कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

इस मौके पर महासभा के पदा. धिकारियों का कहना था कि जिले में नशे का अवैध कारोबार बढ़ रहा है। जिले के कई मेडिकल स्टोर पर खुलेआम नशे की गोली और इंजेक्शन की बिक्री की जा रही है। जो समाज के युवाओं को नशे की ओर धकेल रही है। नशे के कारण अपराध, स्वास्थ्य समस्या और सामाजिक विघटन बढ़ रहे है। जो कि समाज के लिए चिंता का विषय है। इस बारें में महासभा की ओर से पहले भी प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है, मगर कोई कार्रवाई नहीं की गई। महासभा के विरोध के बावजूद जिले में दर्जनों गांवों में शराब के नए ठेके खोलने के प्रस्ताव किया जा रहा है। उनका कहना था कि समस्या को लेकर जिला प्रशासन उदासीन है। उन्होंने समस्या को लेकर कोई कार्रवाई न करने पर महासभा आंदोलन के लिए बाध्य होगी।



जिला जाट महासभा के पदाधिकारियों और समाज के लोगों ने जिला जाट महासभा के पदाधिकारियों और समाज के लोगों ने नशे के खिलाफ नारेबाजी की।




रैली कार्यालय से शुरू होकर नगर के राष्ट्रवंदना चौक से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। जहां उन्होंने तहसीलदार को ज्ञापन देकर नशे के अवैध कारोबार को बंद कराकर कार्रवाई की मांग की।

इस अवसर पर जिला जाट महासभा के अध्यक्ष एडवोकेट सोमेंद्र सिंह ढाका, रामदयाल सांगवान, सनी सिंह तोमर, विक्रम सिंह आर्य, वीरपाल सिंह तोमर, गौरव तोमर, गौरव मलिक, सुरेंद्र सिंह, भारत खोखर, जितेंद्र नैन, धर्मपाल सिंह वेदवान आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय पर छात्र सभा ने किया कार्यकारिणी का विस्तार



**बडौत।** शुक्रवार को राष्ट्रीय लोक. दल कार्यालय पर छात्र सभा की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों की विभिन्न समस्याओं को गंभीरता से सुना साथ ही समस्याओं के निस्तारण की योजना बनाई। साथ ही नये छात्रों को पार्टी से जोड़ने पर बल दिया गया।

बैठक में सभी छात्रों ने चौधरी चरण सिंह की विचारधारा पर चलने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय लोकदल छात्र सभा के जिलाध्यक्ष राहुल प्रधान ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया। शिवा चौधरी मविकला को उपाध्यक्ष, कपिल खोखर को जिला महासचिव व शुभम मलिक को जिला महासचिव मनोनीत किया। इस बैठक में रामजस कॉलेज दिल्ली के छात्रसंघ सचिव ओवैस खान, आकाश राठी विधानसभा अध्यक्ष छपरौली, अनुज बडौली जिला उपाध्यक्ष युवा रालोद, शिवम दांगी, पराग तोमर, प्रितेश वत्स, मोहित चौहान, अवध. ेश दांगी आदि उपस्थित रहे।

**संबंध विच्छेद**

मेरा पुत्र मौ. अनस गलत संगत में पड़ गया है। अपनी मनमानी करता है घर में झगड़ा करता है. काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन अपनी हरकतों से बाज नहीं आता। जिस कारण मैं व मेरे परिवार ने उससे व उसके परिवार से सभी तरह के संबंध विच्छेद कर उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

मौ. असलम पुत्र हबीब अहमद
निवासी- मोहल्ला शेखजादगान, थाना बछरायूँ, तहसील धनौरा, जिला अमरोहा

# पितृत्व में संदेह पर डीएनए जांच जरूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि जिन मामलों में किसी बच्चे के जैविक पिता की पहचान को लेकर गंभीर विवाद हो, वहां डीएनए जांच कराना न्यायसंगत है।

यह टिप्पणी करते हुए कोर्ट ने पारिवारिक न्यायालय के एक नाबा. लिग लड़की को भरण-पोषण देने के आदेश को रद्द कर दिया है। साथ ही कहा कि पिता और संतान दोनों को अपने श्श्जैविक सत्यश्श् को जानने का अधिकार है। यह आदेश न्यायमूर्ति मदन पाल सिंह की पीठ ने दिया है। सोनभद्र निवासी जवाहर लाल जायसवाल हाईकोर्ट में आपराधिक पुनरीक्षण याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता ने सोनभद्र परिवार न्यायालय के मार्च 2025 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उसे एक नाबालिग



**जिन मामलों में किसी बच्चे के जैविक पिता की पहचान को लेकर गंभीर विवाद हो, वहां डीएनए जांच कराना न्यायसंगत है: इलाहाबाद हाईकोर्ट**

लड़की को भरण-पोषण के रूप में छह हजार रुपये प्रति माह देने का निर्देश दिया गया था।

याचिकाकर्ता का कहना था कि उसकी पत्नी जून 1994 में विवाह के बाद फरवरी 2000 में बिना किसी वैध कारण के घर छोड़कर चली गई थी। उसका आरा. ेप था कि पत्नी किसी अन्य व्यक्ति के साथ संबंध में रहने लगी। वहीं, 2011 में पत्नी को बच्ची का जन्म हुआ। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि 2000 के बाद उनके बीच कोई संबंध नहीं थे, इसलिए वह बच्ची का जैविक पिता नहीं है। हाईकोर्ट ने पक्षों को सुनने के बाद पाया कि बच्ची का जन्म 1 जनवरी 2011 को हुआ, जबकि जन्म प्रमाण पत्र में यह तिथि 20 नवंबर 2009 दर्ज थी। मेडिकल रिकॉर्ड से पता चला कि महिला ने 2017 में एक और बच्चे को जन्म दिया, जिसमें आधिका. रिक तौर पर उसके कथित साथी को पिता बताया गया था।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि महिला 2000 के बाद अपने पति के पास कब और कितनी बार गई। यह भी कहा कि यदि जैविक पिता का पता नहीं चलता है, तो यह संशय पिता और पुत्री दोनों को जीवन भर परेशान करता रहेगा।

कोर्ट ने ने सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों को हवाला देते हुए कहा कि पितृत्व के अनसुलझे मुद्दों के कारण भरण-पोषण के विवाद को लटकाना उचित नहीं है। इसी के साथ नाबालिग लड़की का डीएनए परीक्षण कराने का निर्देश दिया गया। डीएनए रिपोर्ट आने के बाद पारिवा. रिक न्यायालय को तीन महीने के भीतर नए सिरे से फैसला करने का आदेश दिया गया है।

# शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्यता के विरोध में उठेगी मशाल

**लखनऊ।** विभिन्न जनपदों में शिक्षक पात्रता परीक्षा '(टीईटी) अनिवार्यता के विरोध में मशाल जुलूस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पारित किए जाने के क्रम में लखनऊ इकाई की महत्वपूर्ण बैठक डिप्लोमा इंजीनियर्स कार्यालय, राजभवन गेट नंबर-1, लखनऊ के सामने आयोजित की गई।बैठक में उपस्थित अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के समस्त घटक संगठनों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने टीईटी/शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता के विरोध में चल रहे आंदोलन के प्रथम चरण ह्शिक्षा की पाती अभियानह्व की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया तथा राजधानी लखनऊ सहित समस्त जनपदों के शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट किया।प्रदेश सहसंयोजक विक्रमादित्य मौर्य ने कहा यदि सरकार और संबंधित प्राधिकारी समय रहते शिक्षकों की न्यायोचित मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेते तो आंदोलन को और अधिक व्यापक एवं निर्णायक स्वरूप दिया जाएगा।

जिला संयोजक वीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रथम चरण 'शिक्षा की पाती अभियान' को जिस व्यापक जनसमर्थन और शिक्षक सहभागिता मिली है, उसने यह स्पष्ट कर दिया है कि शिक्षक समाज अब चुप बैठने



वाला नहीं है क्योंकि शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता को पूर्व प्रभाव से लागू करना सेवा में कार्यरत शिक्षकों के संवैधानिक और नैतिक अधिकारों के विपरीत है।जिला संयोजक अवधेश कुमार ने कहा कि 13 अप्रैल 2026 का मशाल जुलूस शिक्षक अस्मिता, सेवा सुरक्षा और न्याय की मांग को सरकार तक मजबूती से पहुंचाने का ऐतिहासिक माध्यम बनेगा।

इस बैठक में प्रकाश चंद्र तिवारी, आशुतोष मिश्रा ,बृजेश कुमार मौर्य , दिनेश कुमार सिंह, डा अलका राजवंशी, शालिनी मिश्रा, अर्पण गुप्ता, मोहम्मद रियाज,मनीष खरे बृजेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### देवांशू का किया भव्य स्वागत



**प्रयागराज।** होनहार देवांशू को यूपीएससी परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त करने और 564 वीं रैंक हासिल करने पर आज हाशिमपुर स्थित उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें व परिजनों को हार्दिक बधाई दी। मदन मोहन मालवीय टेक्निकल यूनिवर्सिटी से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग करने के बाद, देवांशू ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। आपकी यह उपलब्धि न केवल आपके परिवार के लिए, बल्कि हम सभी के लिए गर्व का विषय है।

### भागवत कथा में सुदामा और कृष्ण का वर्णन

**गोंडा।** क्षेत्र के लौवावीरपुर गांव में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में बृहस्पतिवार को कथा व्यास मनीषचंद्र त्रिपाठी ने श्रीकृष्ण और सुदामा की अद्भुत मित्रता का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि सुदामा की दरिद्र अवस्था देखकर स्वयं भगवान श्रीकृष्ण की आंखें भर आई, जो सच्ची मित्रता की गहराई को दर्शाता है। कार्यक्रम में मुख्य यजमान सूर्यलाल तिवारी व शिव देवी सहित श्रद्धालुओं ने व्यास पीठ की सामूहिक आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा में हृदयराम तिवारी, दीपकदेव तिवारी, हरिमंगल, अजय, उन्नत, उदभव सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

### रेलवे के मददगार बने जमील जमाली

**प्रयागराज।** फिल्म 'धुरंधर' में अभिनेता राकेश बेदी का निभाया गया पाकिस्तानी राजनेता जमील जमाली का किरदार और उनका डायलाग, 'बच्चा है तू मेरा... टेंशन क्यूं लेता है?' इन दिनों रेलवे के डिजिटल प्लेटफार्म्स पर छाया हुआ है।उत्तर मध्य रेलवे ने यात्रियों को जागरूक करने के लिए इस चर्चित डायलाग को अपना हथियार बनाया है। वायरल पोस्टर में अभिनेता के कैरिकेचर के साथ संदेश दिया गया है कि रेल सफर में अगर कोई भी दिक्कत आए, तो यात्री घबराने के बजाय तकनीक का सहारा लें। यात्री अब अपनी शिकायतों या सहायता के लिए इधर-उधर भटकने के बजाय सीधे रेलमदद एप का उपयोग करें।

### बड़े हनुमानजी का किया भव्य श्रृंगार

**प्रयागराज।** श्रीरामनवमी महापर्व के पावन अवसर पर जहां भगवान राम की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई, वहीं संगम क्षेत्र में स्थित बडे हनुमानजी का भव्य श्रृंगार किया गया। इस दौरान भय प्रकट कृपाला दीन दयाला... के साथ भगवान की आराधना की गई। महंत बलवीर गिरि ने हनुमानजी की आरती उतारी।आरती में हजारों की संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया। हनुमानजी का दर्शन करने के लिए लंबी कतार लगी रही। जय श्री राम के जयकारों से पूरा संगम क्षेत्र गुंजायमान रहा।

# अवधी भाषी कभी उद्दंड नहीं होते हैं: पवन चौहान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** अवध भारती संस्थान उत्तर प्रदेश, भारतीय भाषा संस्थान मैसूर कर्नाटक एवं एसआर ग्रुप ऑफ इंस्टीटड्यूशन्स, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में पांच दिवसीय अवधी राष्ट्रीय कार्यशाला के तीसरे दिन राजदेवी सभागार में राष्ट्रीय संगोष्ठी सम्पन्न हुई।

मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अवधी भाषा में व्यावसायिक पाठड्क्रम बनाने पर काम चल रहा है। हमारे सभी त्योहारों के अवधी व्यंजन मौसम के अनुसार शरीर की इम्युनिटी बढ़ाने का काम करते थे। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डा सत्येन्द्र अवस्थी समन्वयक भारतीय भाषा संस्थान मैसूर, कर्नाटक ने कहा कि अवधी भाषा प्रौद्योगिकी संरक्षण संवर्धन विषय पर व्यख्यान देते हुए कहा कि अवधी को गूगल की भाषा बनाने के लिए गद्य साहित्य की आवश्यकता है। राष्ट्रीय कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए अवध भारती संस्थान उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डा राम बहादुर मिश्र ने कहा कि अवधी बोली भाषा सबसे पुरानी भाषा है, विशिष्ट अतिथि केएमसी भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के मुख्य कुलानुशासक डा नीरज शुक्ला ढ्ढसमन्वयक अवधी शोधपीठऋ ने कहा कि अवधी भाषा, भाव, भोजन, भनिति सभी का संरक्षण करना चाहिए। कार्यक्रम संयोजक नागेन्द्र बहादुर सिंह चौहान के संचालन संगोष्ठी सम्पन्न हुई। इसमेवअवधी के 12 विशिष्ट विद्वानों की अवधी-बोली की रिकार्डिंग की गई। राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रदीप सारंग, कुसुम वर्मा, संजोली पाण्डेय, काजल सिंह, रजनी वर्मा, ज्योति किरण रतन, डा अर्जुन पाण्डेय, प्रवीण पाण्डेय, संदीप अनुरागी, हिमांशु श्रीवास्तव, देवेंद्र कश्यप निडर, कृष्णा प्रजापति सहित तीन दर्जन विद्वान उपस्थित रहे।

# बाल अपराधों पर पुलिस का रुख सख्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** बच्चों के संरक्षण और उनके अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए बुधवार को पुलिस लाइन के त्रिवेणी सभागार में एक उच्च स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

पीजीएस, एसजेपीयू, एएचटी एवं डीसीपीयू के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के 43 थानों के बाल कल्याण अधिकारियों को बाल अपराधों के खिलाफ तत्काल और सख्त कार्रवाई करने का मंत्र दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ढ्ढक्स्रे।ऋ के सचिव शशि कुमार ने स्पष्ट लहजे में कहा कि बाल श्रम, बाल विवाह, यौन शोषण और हिंसा जैसे मामलों में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि ऐसी घटनाओं की सूचना मिलते ही तत्काल एफ आई आर दर्ज की जाए। सीडब्ल्यूसी और चाइल्डलाइन के साथ समन्वय कर





**जिले के 43 थानों के बाल कल्याण अधिकारियों को बाल अपराधों के खिलाफ तत्काल और सख्त कार्रवाई करने का मंत्र दिया**

बच्चों को सुरक्षा घेरे में लिया जाए।पीड़ित बच्चों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर उनके भविष्य को सशक्त बनाया जाए। बाल अपराधों में लिप्त बच्चों के साथ व्यवहार संवेदनशील और सामान्य होना चाहिए, ताकि उन्हें सुधार कर समाज की मुख्यधारा में वापस लाया जा सके। शशि कुमार, सचिव कार्यशाला में अकादमिक और कानूनी विशेषज्ञों ने पुलिस अधिका. रियों को कानून की पेचीदगियों से रूबरू कराया इलाहाबाद विश्व. विद्यालय के प्रोफेसर डा. रोशन लाल और सहायक प्रोफेसर डा. संजीव कुमार ने पाक्सो अधिनियम 2012, भारतीय न्याय संहिता , और बाल विवाह व बाल श्रम निषेध कानूनों पर विस्तृत व्याख्यान दिया। जेजे बोर्ड की सदस्या शीला यादव ने किशोर न्याय अधिनियम 2015 की बारीकियों को समझाया। सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष ने देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों की कानूनी प्रक्रियाओं पर प्रकाश डाला। जिला प्रोबेशन अधिकारी सर्वजीत ने बताया कि ग्राम पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक बाल संरक्षण समितियों का गठन किया जा चुका है। इनका मुख्य कार्य संकटग्रस्त बच्चों की पहचान कर उन्हें सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया जिनका लाभ पात्र बच्चों को मिलना अनिवार्य है।कार्यक्रम का समापन पीजीएस की अध्यक्षा द्वारा अपनी संस्था के कार्यों के विवरण और सभी सहभागी विभागों के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ हुआ। इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रयागराज को बाल अपराध मुक्त जनपद बनाना और पुलिस-प्रशासनमें बेहतर तालमेल स्थापित करना रहा।

# रेहान खान को मिली हाईकोर्ट से बड़ी राहत

**लखीमपुर खीरी।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ से एक महत्वपूर्ण निर्णय सामने आया है, जिससे समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव रेहान ख़ान और उनके परिवार को बड़ी कानूनी राहत मिली है। न्यायालय ने उनके विरुद्ध दर्ज एफआईआर ढ्ढथ्प्त्रऋ को रद्द ढ्ढफनीऋ करने का आदेश जारी किया है। बताते चले को यह मामला जनपद खीरी के थाना पलिया से संबंधित है, जहां रेहान ख़ान एवं अन्य के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 10/2026 विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किया गया था। इस एफआईआर को चुनौती देते हुए रेहान ख़ान की ओर से इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में



क्रिमिनल रिट पिटीशन नंबर 412/2026 दाखिल की गई थी।

माननीय न्यायालय की कार्यवाही और मेडिएशन मामले की सुनवाई के दौरान माननीय न्यायालय ने संवेदनशीलता दिखाते हुए दोनों पक्षों को मेडिएशन सेंटर (मध्यस्थता केंद्र) भेजने का निर्देश दिया था। मेडिएशन सेंटर में हुई आपसी बातचीत और समझौते के बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद पूरी तरह सुलझ गया।

माननीय न्यायमूर्ति का आदेश मेडिएशन सेंटर की सकारात्मक रिपोर्ट और दोनों पक्षों की आपसी सहमति को आधार मानते हुए, माननीय न्यायमूर्ति अब्दुल मोइन और माननीय न्यायमूर्ति प्रमोद कुमार श्रीवास्तव की खंडपीठ ने याचिका को स्वीकार कर लिया। कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि समझौते के आधार पर उक्त एफआईआर को समाप्त किया जाता है। इस फैसले के बाद रेहान ख़ान और उनके समर्थकों में खुशी की लहर है।

# खेल सिखाता है अनुशासन: सिंह

**अमेठी।** खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है तथा खेल से शरीर स्वस्थ्य एवं निरोगी रहता है।खेल हमें अनुशासन व टीम वर्क सिखाता है।

यह बातें क्षेत्र के पूरे जीत तिवारी तेंदुआ में आजाद क्रिकेट क्लब तेंदुआ द्वारा आयोजित तेंदुआ प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के मैच का शुक्रवार को बतौर मुख्य अतिथि फीता काटकर शुभारम्भ करते हुए क्षेत्र के उद्योगपति जनसत्ता दल के नेता व भोजपुरी फिल्मों के निर्माता निर्देशक भूपेन्द्र विजय सिंह ने उपस्थित खिलाड़ियों खेल प्रेमियों व लोगों को संबोधित करते हुए कही।उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन अभिन्न हिस्सा है।ग्रामीण अंचल में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिताओ से युवा प्रतिभाएं निखरती हैं।शुक्रवार को क्षेत्र के पूरे जीत तिवारी तेंदुआ में आजाद क्रिकेट क्लब तेंदुआ द्वारा आयोजित टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के मैच का भूपेन्द्र विजय सिंह द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ किया गया और प्रतिभागी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर जहां उत्साहवर्धन किया गया इस दौरान जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के ब्लाक अध्यक्ष सर्वेश सिंह भी रहे आयोजन कमेटी के जावेद,आजाद,मोहम्मद कैफ राज ललन व शाकिब,अनिकेत सिंह सहित आयोजन कमेटी के लोग,प्रतिभागी खिलाड़ी, खेल प्रेमी व संभ्रांत जन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### रामनवमी पर उमड़ा अभूतपूर्व जनसैलाब

**अमेठी।** श्री राम के जन्मोत्सव रामनवमी के पावन अवसर पर अमेठी टाउन स्थित ऐतिहासिक हनुमानगढ़ी मंदिर में आयोजित भव्य कार्यक्रम ने आस्था के साथ-साथ जनशक्ति और सामा. जिक एकजुटता का अभूतपूर्व प्रदर्शन किया। यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि अमेठी की जागरूक जनता की एकता, विश्वास और मजबूत सामाजिक-राजनीतिक चेतना का प्रतीक बनकर सामने आया युवराज अनन्त विक्रम सिंह एवं बहुरानी शाम्भवी सिंह की उपस्थिति ने कार्यक्रम को ऊर्जा प्रदान की।

# पति ने पत्नी के सिर पर लोहे की प्रेस से किया प्रहार, मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** जिले के गंगानगर इलाके के झूंसी थाना क्षेत्र स्थित कनिहार वार्ड के चमनगंज इलाके में पारिवारिक विवाद में पति हेमंत कुमार वर्मा ने पत्नी स्वीटा के सिर पर लोहे की प्रेस से वार कर हत्या कर दी। रात भर बगल के कमरे में सोता रहा।

आरोपी ने पुलिस कंट्रोल रूम में फोन कर सूचना दी कि उसने अपनी पत्नी को मार डाला है, उसे गिरफ्तार कर लिया जाए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फतेहपुर का मूल निवासी 42 वर्षीय हेमंत वर्मा तीन दशक से चमनगंज इलाके में परिवार के साथ रह रहा था। उसकी आवास विकास कालोनी योजना-तीन स्थित बिजली उपकेंद्र के पास बैग रिपेयरिंग की दुकान है। यहां वह अपनी मां मुन्नी देवी के साथ बैठता था। हेमंत का विवाह 12 नवंबर 2021 को पंजाब के गुरुदासपुर शहर के माडल टाउन धारीवाल निवासी बशीर मसीह की बेटी स्वीटा से हुआ था। विवाह के कुछ दिन बाद से ही दोनों में अनबन शुरू हो गई। इससे परेशान होकर आरोपी की मां मुन्नी देवी और बहन गौरी मकान की दूसरी मंजिल पर

- **आरोपी ने पुलिस कंट्रोल रूम में फोन कर सूचना दी उसने पत्नी को मार डाला**

अलग रहने लगीं। इनकी रसोई भी ऊपर ही थी, जबकि हेमंत पत्नी स्वीटा और तीन साल की बेटी एस्टर्ड वर्मा के साध मकान के निचले हिस्से में रहता था। पुलिस के मुताबिक, देर रात दंपती में विवाद हुआ। बात इतनी आगे बढ़ी कि मारपीट के दौरान हेमंत ने गुस्से में स्वीटा के सिर पर लोहे की प्रेस से कई वार कर दिए। इससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ी। कुछ देर बाद उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सुबह करीब 10 बजे झुंसी पुलिस मौके पर पहुंची। फोरेंसिक टीम बुलाई गई। एसओ झुंसी महेश मिश्र ने बताया कि घटना की जानकारी महिला के परिजनों को फोन पर दे दी गई है। उनके आने के बाद आरोपी पति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसओ ने बताया कि पुलिस जब मौके पर पहुंची तो वह शव के पास बेटी के साथ बैठा था। उसका कहना था कि वह रोज-रोज के झगड़े से तंग आ चुका था।

# चार बच्चों की गंगा नदी में डूबने से मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** यमुनानगर इलाके के मांडा थाना क्षेत्र के बामपुर गांव स्थित गंगा घाट पर शुक्रवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। गंगा स्नान करने गये सात बच्चों में से चार की डूबने से मौत हो गई, जबकि गोताखोरों ने तीन को सुरक्षित बचाकर बाहर निकाल लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बामपुर गांव निवासी मोहित ढ्ढ13ऋ पुत्र दिगविजय, दिव्यांशु ढ्ढ16ऋ पुत्र कमलेश, अमन ढ्ढ9ऋ पुत्र कृष्ण कुमार, कुनाल ढ्ढ12ऋ पुत्र अनिल, निहाल ढ्ढ10ऋ पुत्र अनिल, दीपक ढ्ढ17ऋ पुत्र राजाराम और ऋषभ ढ्ढ10ऋ पुत्र कमलेश शुक्रवार सुबह करीब 10.30 बजे गंगा घाट पर स्नान करने पहुंचे थे। इसी दौरान अचानक गहराई में जाने से सभी बच्चे डूबने लगे। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद मछुआरे मौके पर पहुंचे और मोि. हत, दिव्यांशु व अमन को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। वहीं कुनाल, निहाल, दीपक और ऋषभ गंगा की डूबने से मौत हो गई। काफी प्रयास के बाद चारों के शव बरामद किए गए। घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर प्रभारी थाना निरीक्षक माधव प्रसाद त्रिपाठी व भारतगंज चौकी प्रभारी सुभाष सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे।

### कार्यक्रम में देरी को लेकर असीम अरुण नाराज, लिखा पत्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कन्नौज में आयोजित एक कार्यक्रम में अव्यवस्था और देरी को लेकर नाराजगी जताई है। उन्होंने जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री को पत्र लिखकर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। पत्र में कहा गया है कि रोमा स्मारक पर 26 मार्च को आयोजित कार्यक्रम में असीम अरुण को मुख्य अतिथि के रूप में शाम 5:30 बजे आमंत्रित किया गया था।

### अनुसूचित जाति छात्रों के लिए आधुनिक हॉस्टल

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा और आवासीय सुविधाएं देने की दिशा में बड़ा कदम उठा रही है। इसी क्रम में प्रदेश में 6 आधुनिक छात्रावासों के निर्माण और मरम्मत के लिए 6.15 करोड़ की पहली किस्त जारी की गई है। यह परियोजना केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के तहत संचा. लित की जा रही है।

# नागरिक सुरक्षा कोर ने किया मार्गदर्शन

**प्रयागराज।** चैत्र नवरात्री के शुभ अवसर पर अष्टमी के दिन माता आलोप शंकरी मंदिर पर श्रद्धालुओं की खूब भीड़ लगी हुई थी मंदिर के भीतर व बाहर पुलिस प्रशासन तथा भक्त जनों के सहयोग में जिलाधिकारी महोदय के आदेश अनुसार नागरिक सुरक्षा कोर के डिप्टी डिवीजनल वार्डन श्री मान आशीष बाजपेई के मार्गदर्शन में पोस्ट वार्डन राजेश पाठक व डिप्टी पोस्ट वार्डन काशीनाथ जी के कुशल नेतृत्व में यहां पर उपस्थित रहकर निष्काम भाव से सेवारत सदस्य के. के. पाठक, शिशिर चंद श्रीवास्तव,सर्वेश त्रिपाठी,सोनू निषाद, नरेंद्र पांडे,आकाश कुशवाहा,सरिता यादव,वंश कनौजिया,अमित मिश्रा,शुभम सैनी, शुभम निषाद,सुनील मिश्रा, शैलेंद्र मिश्रा,दिलीप मिश्रा,वागीश मिश्रा,आदर्श चौरसिया आदि उपस्थित रहे ! पुलिस प्रशासन व मंदिर के लोगों ने सिविल डिफेंस की खूब सराहना किया और आगे भी इसी प्रकार सहयोग करने के लिए कहा!



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# एयरपोर्ट के उद्घाटन के लिए रूट प्लान जारी




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**यमुना सिटी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन 28 मार्च को होगा। इसे देखते हुए नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे, यमुना एक्सप्रेसवे और कार्यक्रम स्थल के आसपास की सड़कों पर सुबह 7 से रात 11 बजे तक आपातकालीन वाहनों को छोड़कर सभी मालवाहक वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

ट्रैफिक पुलिस ने डायवर्जन के साथ पार्किंग की योजना भी जारी की है। मेरठ और गाजियाबाद की ओर से आने वाले वाहन ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे होकर सिरसा गोलचक्कर से डाढा गोलचक्कर, सुपरटेक गोलचक्कर से दाएं मुड़ेंगे। यहां से नट मढैया गोलचक्कर से होंडा सीएल चौक पुस्ता तिराहा (एटीएस) से बाएं घूमकर रनहेरा पुलिस चौकी के सामने बने अस्थायी गेट से प्रवेश कर निर्धारित सामान्य पार्किंग (मेरठ पी7 और गाजियाबाद पी छह) में वाहन पार्क कर कार्यक्रम स्थल जा सकेंगे।

मथुरा और अलीगढ़ से यमुना एक्सप्रेसवे होकर आने वाले वाहन जेवर टोल पार करने के बाद जेवर कट से उतरकर दाएं मुड़कर सबौता अंडरपास से किशोरपुर गेट से प्रवेश कर एयरपोर्ट परिसर में (मथुरा पी-05 और अलीगढ़ पी-नौ, पी-11) में वाहन पार्क कर सकेंगे। वहीं, हापुड़, बुलंदशहर की ओर से आने वाले वाहनों की पार्किंग जेवर खुर्जा मार्ग पर ग्राम थोरा से पहले दाएं मुड़कर पारोही गेट से एयरपोर्ट परिसर में प्रवेश कर टाटा बीचिंग प्लांट के सामने दाएं ओर निर्धारित सामान्य पार्किंग (हापुड़ पी-14 और बुलंदशहर पी-13) में गाड़ियों को पार्क करने के बाद कार्यक्रम में शामिल होंगे।

**वीआईपी लोगों के लिए शटल वाहनों की सुविधा:** वीवीआईपी और वीआईपी लोग यमुना एक्सप्रेसवे से जेवर एयरपोर्ट के लिए बने इंटरचेंज मार्ग से प्रवेश कर अपने वाहन पार्किंग पी-1, पी-2 और पी3 में लगा सकेंगे। यहां से शटल वाहनों के जरिये वह कार्यक्रम स्थल में पहुंचेंगे। मीडिया के वाहन किशोरपुर गेट से प्रवेश कर पार्किंग पी-8 में पार्क होंगे। ड्यूटी पर नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों के वाहन पी-10 पर पार्क होंगे। वहीं, नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे से आने वाले वाहन एक्सपो मार्ट गोलचक्कर से यूटर्न लेकर एक्सपो मार्ट अंडरपास होकर एनएसजी गोलचक्कर से बाएं मुड़ेंगे। यहां से वाहन पुस्ता तिराहा होते हुए रन्हैरा पुलिस चौकी के सामने बने अस्थायी गेट से प्रवेश कर पी-7 में वाहन पार्क कर सकेंगे। जरूरत के समय ट्रैफिक हेल्पलाइन नंबर 9971009001 पर संपर्क कर सकते हैं।

**वायुसेना के हेलीकॉप्टर ने मौके का जायजा लिया:** नोएडा एयरपोर्ट के उद्घाटन की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन के दो दिन पहले से एसपीजी ने एयरपोर्ट को सुरक्षा घेरे में ले रखा है। वहीं, गुरुवार को प्रधानमंत्री के लिए चयनित हैलीपेड पर वायु सेना का हेलीकॉप्टर उतारकर सुरक्षा गुणवत्ता को परखा गया। एसपीजी ने एयरपोर्ट व जनसभा स्थल पर बिना सत्यापन लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी है।

### इस तरह मार्ग बदले जाएंगे

-जेवर-टप्पल मार्ग पर गोपालगढ़ की ओर से जेवर की ओर से आने वाले व्यावसायिक वाहनों को वापस टप्पल की ओर भेजा जाएगा।

-खुर्जा से जेवर की ओर आने वाले व्यावसायिक वाहनों को खुर्जा से डायवर्ट किया जाएगा।

-सिकंद्राबाद-ककोड़ से जेवर से आने वाले व्यावसायिक वाहनों को चचुरा नहर पुल से खैलरी की ओर डायवर्ट किया जाएगा।

-आगरा से आने वाले यातायात को जेवर टोल से पहले बने यूटर्न से आगरा की ओर जाएंगे। यह यातायात अलीगढ़, टप्पल होकर गंतव्य को जा सकेगा।

-नोएडा-ग्रेनो से यमुना एक्सप्रेसवे का प्रयोग कर आगरा की ओर से आने वाले वाहन परीचौक से अल्फा कॉमर्शियल गोलचक्कर होते हुए ईस्टर्न पेरीफेरल होकर गंतव्य को जा सकेंगे।

-मेरठ, हापुड़, गाजियाबाद से ईस्टर्न पेरीफेरल से यमुना एक्सप्रेसवे का इस्तेमाल कर आगरा, मथुरा, लखनऊ व अन्य स्थानों को जाने वाले वाहन ईस्टर्न पेरीफेरल के बील अकबरपुर से उतरकर एनएच-91 से जा सकेंगे।

-पलवल से ईस्टर्न पेरिफेरल द्वारा ग्रेनो एक्सप्रेसवे होकर अन्य स्थानों पर जाने वाले वाहनों का सिरसा लूप से उतरना प्रतिबंधित रहेगा।

# एयरपोर्ट जनसभा की तैयारी, 2500 बसों पर नजर रखने को कंट्रोल रूम सक्रिय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** हैलो, कंट्रोल रूम से बोल रहा हूं। आपकी बस नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शुभारंभ में होने वाली जनसभा से अभी कितनी दूर है, इसकी जानकारी उपलब्ध करा दें। विभिन्न जनपदों से आने वाले 2500 बस चालकों के पास शुक्रवार से कलेक्ट्रेट के कंट्रोल रूम से फोन किए जाएंगे। इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से छह से सात टीमें बनाई गई हैं।

हर टीम में 10 से 12 लोगों की तैनाती की गई है। हर टीम के सदस्यों को 100-100 बसों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन सदस्यों का काम होगा कि हर बस चालक से उसकी लोकेशन लेकर अपडेट रहें। जनसभा स्थल पर पहुंचने पर बसों को कहां खड़ा किया जाएगा, इसकी भी जानकारी दी जाएगी। सभी कर्मियों को 27 से 28 मार्च शाम छह बजे तक कंट्रोल रूम में रहना होगा। कंट्रोल रूम में शामिल एक सदस्य ने बताया कि हर बस चालक को फोन करने की जिम्मेदारी दी गई है, ताकि प्रधानमंत्री की जनसभा में आने वाले किसी भी व्यक्ति को कोई परेशानी न हो। इसके लिए सभी सदस्यों को दो दिन का प्रशिक्षण भी दिया गया है। बातचीत के दौरान किसी को ऊंची आवाज में बोलने की अनुमति नहीं होगी। साथ ही बसों में आने वाले लोगों को खाना-पानी



मिला या नहीं, इसकी जानकारी भी ली जाएगी।

उन्होंने बताया कि कंट्रोल रूम से लाइव लोकेशन पर भी काम किया जाएगा। कई जनपदों से लोग शुक्रवार दोपहर से ही आने लगेंगे। उनके रहने और खाने की व्यवस्था भी की गई है। साथ ही निर्देश दिए गए हैं कि कंट्रोल रूम में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर तत्काल कार्रवाई होगी।

**इन जनपदों से आएंगी बसें:** गौतम बुद्ध नगर के साथ-साथ बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, एटा, मथुरा और आगरा जिलों से लोग पहुंचेंगे। इसके अलावा दिल्ली, लखनऊ, कानपुर, इटावा, सैफई, मैनपुरी समेत प्रदेश के कई इलाकों से बसें आएंगी। टीम को हर जिले के कार्यकर्ताओं और अधिकारियों के नाम व नंबर भी दिए गए हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर उनसे संपर्क कर अपडेट लिया जा सके।

# 2040 तक सात करोड़ यात्रियों के साथ नोएडा एयरपोर्ट




■ **देश का सबसे बड़ा हवाई अड्डा, पांच रनवे से उड़ान भरेंगे विमान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रथम फेज का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकार्पण करने जेवर आ रहे हैं। एयरपोर्ट एक रनवे, टर्मिनल बिल्डिंग, एटीसी टावर एवं कार्गो हब सहित अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर होगा। लेकिन 2040 में दो रनवे के साथ एयरपोर्ट से वार्षिक यात्रियों की क्षमता सात करोड़ पहुंचने का अनुमान है।

4752 हेक्टेयर में पांच रनवे बनने के साथ नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को देश का सबसे बड़े एयरपोर्ट का गौरव हासिल होगा। नए भूमि अधिग्रहण अधिनियम के तहत एयरपोर्ट के लिए तीनों चरणों में किसानों से 5428 हेक्टेयर जमीन ली जा रही है।पहले चरण में 1334 हेक्टेयर का अधिग्रहण पूरा कर एयरपोर्ट का निर्माण हो चुका है। बाकी अन्य फेज की परियोजना के लिए जमीन अधिग्रहण और विस्थापन अंतिम चरण में है केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकारों की प्रतिबद्धता की वजह से पूरी प्रक्रिया शांति पूर्ण संपन्न हो रही हैं।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण दो स्टेज में किया जा रहा है प्रथम स्टेज में दो रनवे तैयार होंगे उसके बाद दूसरे स्टेज में एयरपोर्ट पर पांच रनवे तैयार किए जाएंगे। राज्य सरकार ने प्रथम स्टेज के लिए 4406 करोड़ रुपये खर्च करते हुए 3300 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया है। प्रथम स्टेज में दो रनवे से सात करोड़ यात्री क्षमता के लिए एयरपोर्ट के निर्माण पर 36 हजार करोड़ से अधिक का खर्च होगा। एयरपोर्ट दो स्टेज के कुल चार चरणों में बनकर तैयार होगा, जिसके प्रथम स्टेज के प्रथम चरण पर 11077 करोड़ रुपये खर्च कर लोकार्पण के लिए तैयार है।

**एक रनवे के साथ की जा रही एयरपोर्ट की शुरुआत:** एयरपोर्ट की शुरुआत एक रनवे के साथ एक करोड़ 20 लाख यात्री क्षमता के साथ की जा रही है जो वर्ष 2031 में दो रनवे के साथ बढ़कर तीन करोड़ वार्षिक यात्री हो जाएगी। वर्ष 2036 में पांच करोड़ और वर्ष 2040 में सात करोड़ वार्षिक यात्री हो जाएगी। इस परियोजना पर उस समय तक कुल 36267 करोड़ रुपए के निवेश का अनुमान है।

4752 **हेक्टेयर जमीन पर तैयार होंगे पांच रनवे:** एयरपोर्ट पर पहला और दूसरा रनवे 1334 हेक्टेयर जमीन पर बनाए जा रहे हैं। तीसरा रनवे 1365 हेक्टेयर, चौथा 1318 हेक्टेयर और पांचवां 735 हेक्टेयर जमीन पर तैयार होंगे।

पांच रनवे के लिए 4752 हेक्टेयर और विस्थापन के लिए 676 हेक्टेयर सहित कुल 5428 हेक्टेयर 13407 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को वर्ष 2021 में एयरपोर्ट के शिलान्यास कार्यक्रम में एयरपोर्ट के दो रनवे का माडल दिखाया गया था 28 मार्च को उद्घाटन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री को एयरपोर्ट के पांच रनवे का माडल दिखाया जाएगा।

**वैश्विक एविएशन हब बनने की क्षमता:** एयरपोर्ट को भविष्य के एक बड़े मल्टी-मॉडल इंटरनेशनल एविएशन हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह दिल्ली के आइजीआइ एयरपोर्ट पर बढ़ते दबाव को कम कर एयर ट्रैफिक को संतु. लित करेगा। पांच रनवे की प्रस्तावित क्षमता के साथ यह देश का सबसे बड़ा एविएशन हब बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। बदलते वैश्विक हालात के बीच यह दुबई, दोहा और अबु धाबी जैसे स्थापित हब के विकल्प के रूप में उभरकर भारत की एविएशन क्षमता को नई ऊंचाई देने की क्षमता रखता है।

## कन्या पूजन के लिए जा रहे बच्चे लिफ्ट में फंसे

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की हिमालय प्राइड सोसाइटी के टावर ए में एक लिफ्ट अचानक बीच रास्ते में अटक गई। इसमें कई छोटे बच्चे और महिलाएं सवार थीं, जो नवरात्रि के अवसर पर कन्या पूजन के लिए दूसरे टावर में जा रही थीं। लिफ्ट रुकते ही अंदर फंसे लोगों में घबराहट फैल गई।यह घटना शुक्रवार को हुई। लिफ्ट के अंदर फंसे छोटे बच्चे और महिलाएं मदद के लिए चिल्लाने लगे। आरोप है कि सुरक्षाकर्मी और मेंटेनेंस कर्मचारियों ने उनकी आवाज नहीं सुनी। लिफ्ट में फंसे लोगों ने बताया कि अलार्म बटन दबाने के बावजूद काफी देर तक कोई सहायता नहीं मिली। इस दौरान लिफ्ट के अंदर फंसे लोगों को सांस लेने में परेशानी होने लगी। छोटे बच्चे डर के मारे जोर-जोर से रोने लगे, जिससे स्थिति और बिगड़ गई।सोसाइटी के अन्य निवासियों ने जब लिफ्ट के अंदर से आ रही आवाजें सुनीं, तो मौके पर भीड़ जमा हो गई। सभी फंसे हुए लोगों को निकालने की कोशिश करने लगे, लेकिन लिफ्ट पूरी तरह जाम हो चुकी थी। कड़ी मशक्कत के बाद मेंटेनेंस कर्मचारियों और लिफ्ट स्टाफ ने लिफ्ट को खोलकर सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। बाहर निकलने पर कई बच्चों की हालत रोने के कारण खराब हो गई थी, जबकि महिलाओं को पानी पिलाकर शांत किया गया। थोड़ी देर बाद सभी ने राहत की सांस ली। सोसाइटी की एओए प्रेसिडेंट सीमा भंडारी ने बताया कि यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बार लिफ्ट के अचानक बंद होने और लोगों के फंसने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। हिमालय प्राईड सोसाइटी में करीब 1100 से अधिक परिवार रहते हैं जिनमें बच्चे बुजुर्ग और बीमार लोग भी शामिल हैं लिफ्ट का बार-बार खराब होना उनकी सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन गया है।इस घटना में सभी लोग सुरक्षित बाहर निकल आए।

# एयरपोर्ट के उद्घाटन से पहले सड़कों की मरम्मत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन की तैयारियां जोरों पर हैं। शनिवार को होने वाले इस कार्यक्रम के मद्देनजर प्रशासनिक स्तर पर व्यापक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इसी क्रम में जेवर से जुड़े विभिन्न मार्गों की मरम्मत का कार्य भी तेजी से कराया जा रहा है।

हालांकि, वर्षों से जर्जर पड़ी सड़कों की मरम्मत उद्घाटन से ठीक पहले शुरू होने पर स्थानीय लोगों ने नाराजगी व्यक्त की है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़कों की मरम्मत में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है और यह केवल औपचारिकता है। उनका कहना है कि घटिया सामग्री का उपयोग कर जल्दबाजी में काम पूरा किया जा रहा है, जिससे सड़कें लंबे समय तक नहीं टिकेंगी। स्थानीय निवासियों ने बताया कि लंबे समय से खराब सड़कों के कारण उन्हें आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। उनका कहना है कि प्रशासन ने पहले इस ओर ध्यान नहीं दिया, लेकिन अब वीआईपी कार्यक्रम के चलते आनन-फानन में काम कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि सड़कों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए, ताकि लोगों को स्थायी राहत मिल सके। इस संबंध में, प्रशासन का कहना है कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार कराए जा रहे हैं और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# चाइल्ड पीजीआई में भी लग रही एचपीवी वैक्सीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए अब सेक्टर-30 स्थित चाइल्ड पीजीआई में भी किशोरियों को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) वैक्सीन लगने लगी है। शुक्रवार को संस्थान में 14 साल की किशोरी को वैक्सीन लगाई गई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुरू हुए इस अभियान के तहत अबतक यह वैक्सीन सिर्फ जिला अस्पताल में ही लग रही थी।

चाइल्ड पीजीआई के निदेशक डॉ. अरुण कुमार सिंह ने बताया कि भारत सरकार की ओर से सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों के लिए एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम का



शुभारंभ 28 फरवरी से किया गया। इसी क्रम में 27 मार्च को चाइल्ड पीजीआई में पहला एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम हुआ। संस्थान में आने वाली 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की सभी किशोरियों को यह टीका निशुल्क लगाया जाएगा।

कार्यक्रम संस्थान के निदेशक डॉ. अरुण कुमार सिंह, संकायाध्यक्ष डॉ. डीके सिंह, सीएमएस डॉ. मुकुल कुमार जैन, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ. आलोकिता शर्मा, नर्सिंग ऑफिसर कोमल यादव और प्रदीप सिंह की उपस्थिति रही।

**टीकाकरण के बाद 30 मिनट का ऑब्जर्वेशन:** डॉ. आलोकिता ने बताया कि टीकाकरण के बाद किशोरी को निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार 30 मिनट तक चिकित्सकीय पर्यवेक्षण में रखा गया। स्वास्थ्य स्थिति सामान्य पाए जाने पर उसे सुरक्षित रूप से घर भेज दिया गया।

## एक नजर

### ऑटो चालक की मौत के मामले में केस दर्ज

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में सड़क हादसे में हुई ऑटो चालक की मौत के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है। करीब छह महीने पहले अज्ञात वाहन ने ऑटो में टक्कर मारी थी। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से इटावा निवासीस नेहा ने बताया कि वह अपने पति बालिस्टर के साथ चोटपुर कॉलोनी में रहती थी। लखनावली मोड़ पर अज्ञात वाहन ने 15 सितंबर की रात बालिस्टर के ऑटो में टक्कर मार दी थी। हादसे में घायल ऑटो चालक को पहले नजदीक के अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। इसके बाद इटावा के एक अस्पताल रेफर किया गया। हालत बिगड़ने पर इटावा से सैफई ले जाते समय रास्ते में 18 सितंबर को ऑटो चालक बालिस्टर की मौत हो गई थी। पीड़िता ने बताया कि पति की मौत के बाद वह आरोपी अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने थाने पहुंची थी, लेकिन पुलिस ने अधिक समय बीत जाने के चलते मुकदमा दर्ज नहीं किया।

### विशाल भंडारे का आयोजन



**नोएडा( शाह टाइम्स )।** रामनवमी के अवसर पर सेक्टर 6 स्थित एक कंपनी में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। आज देश में घरेलू गैस सिलेंडर की परेशानी को देखते हुए माता के भक्तों ने माता के नवरात्रि के बाद आज रामनवमी के दिन लकड़ी की भट्टी जलाकर स्वादिष्ट भोजन बनाकर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। जिसमें आसपास के फैक्ट्री के लोगों ने भी सेवा भाव से अपना कार्य किया। इस मौके पर सेवाभाव अंशुमन यादव, सीपी तिवारी, सुमित कुमार, सानिध्य तिवारी, सुबोध रस्तोगी, रूपेश गौतम, बबलू सिंघल, कुंदन सिंह, दीवान सिंह, राहुल कुमार, शशि पाठक, दीपाली रावत सहित दर्जनों महिलाओं ने भी सेवा की।

### उद्योगों को भी मिलेगा कॉमर्शियल सिलिंडर, आदेश का इंतजार

**नोएडा।** जिले के उद्योगों को भी जल्द गैस की किल्लत से राहत मिलेगी। प्लास्टिक, स्टील आदि उद्योगों को कॉमर्शियल गैस सिलिंडर की आपूर्ति होगी। केंद्र सरकार से इसका आदेश जारी हो गया है। प्रशासन प्रदेश सरकार के आदेश का इंतजार कर रहा है। शासनादेश आने के बाद आपूर्ति शुरू होगी। हालांकि उद्यमियों को पीएनजी कनेक्शन के लिए आवेदन करना होगा। केवल उन उद्योगों को छूट दी है जो केवल एलपीजी गैस पर ही चल सकते हैं। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में कॉमर्शियल गैस नहीं मिलने से 3000 से अधिक उद्योग प्रभावित हैं। इनमें से 500 से अधिक उद्योग बंद हो चुके है।

# तीन सालों में धोखाधड़ी करने वाले 1692 लोगों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** साइबर अपराधियों के खिलाफ पुलिस का सख्त अभियान लगातार जारी है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में साइबर क्राइम पुलिस द्वारा बीते तीन वर्षों में व्यापक कार्रवाई करते हुए उल्लेखनीय सफलता हासिल की गई है।

पुलिस द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, 1 जनवरी 2023 से 27 मार्च 2026 तक चलाए गए विशेष अभियान के दौरान डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी, केवाईसी अपडेट के नाम पर ठगी, फर्जी कस्टमर केयर कॉल और लोन ऐप फ्रॉड समेत विभिन्न साइबर अपराधों का सफल खुलासा किया गया है। इस दौरान कुल 1692 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

ये गिरफ्तारियां केवल उत्तर प्रदेश तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि पश्चिम बंगाल, झारखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब और गुजरात जैसे कई राज्यों से अभियुक्तों को पकड़ा गया है, जो इस नेटवर्क की व्यापकता को दर्शाता है। साइबर क्राइम पुलिस की त्वरित कार्रवाई के चलते अब तक 139 करोड़ 54 लाख 11 हजार 170 रुपये की ठगी की रकम को फ्रीज कराया गया है। वहीं, बड़ी राहत देते हुए 68 करोड़ 37 लाख 48 हजार 484 रुपये की धनराशि पीड़ितों को वापस भी कराई गई है। यह उपलब्धि साइबर अपराध नियंत्रण की दिशा में एक बड़ी सफलता मानी जा रही है। पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर द्वारा आधुनिक तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुए साइबर अपराधों की निगरानी, विश्लेषण और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। इसके साथ ही आम जनता को जागरूक करने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। जनजागरूकता अभियानों, सोशल मीडिया, कार्यशालाओं और साइबर सुरक्षा कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को लगातार सचेत किया जा रहा है। इन अभियानों में नागरिकों को बताया जा रहा है कि वे अनजान कॉल, संदिग्ध लिंक और फर्जी संदेशों से सावधान रहें। विशेष रूप से "डिजिटल अरेस्ट" और निवेश से जुड़े लालच वाले ऑफर्स से बचने की सलाह दी जा रही है।

# महिला ने पति समेत छह पर केस दर्ज कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**यमुना सिटी।** जेवर कोतवाली क्षेत्र स्थित ढूढ़ेरा गांव की एक महिला ने अपने पति और ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट तथा जबरन गर्भपात कराने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शुक्रवार को महिला की शिकायत पर पति सहित छह आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में सुंदरी नामक महिला ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2024 में भूपेंद्र उर्फ ज्ञानेंद्र से हुई थी। आरोप है कि ससुराल पक्ष शादी में मिले दहेज से संतुष्ट नहीं था और शादी के बाद से ही उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। महिला ने यह भी कहा कि पति और अन्य ससुरालजन उसके साथ अक्सर मारपीट करते थे। महिला ने आरोप लगाया है कि शादी के कुछ महीनों बाद जब वह गर्भवती हुई, तो उसके पति ने जबरन दवा खिलाकर उसका गर्भपात करा दिया। इसके अतिरिक्त, उससे दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल और नकदी की मांग की जा रही थी। मांग पूरी न होने पर उसे घर में रखने से इनकार कर दिया गया।

पीड़िता के अनुसार, विरोध करने पर कुछ महीने पहले उसके साथ मारपीट की गई और उसे घर से निकाल दिया गया। इसके बाद उसने पुलिस से संपर्क किया।

# मेगा मार्ट में आग लगने से अफरातफरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-76 स्थित एक मेगा मार्ट में शुक्रवार तड़के भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि पूरी इमारत ही चपेट में आ गई। इससे आसपास के लोगों में अफरातफरी मच गई। इस हादसे में मार्ट के अंदर रखा सामान जलकर राख हो गया। राहत की बात यह रही कि घटना के समय मार्ट बंद था। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि सुबह चार बजकर 37 मिनट पर आग लगी। ड्यूटी पर तैनात गार्ड ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जब तक दमकल की टीमें मौके पर पहुंचतीं, तब तक आग काफी फैल चुकी थी। इसके बाद फेज तीन फायर स्टेशन से दमकल की पांच गाड़ियां बुलाई गईं। आग तेजी से फैलती देख 10 अन्य दमकल की गाड़ियों को अलग-अलग जगहों से मंगाया गया। कुल 15 दमकल गाड़ियों को मौके पर लगाया गया। कई घंटों की




कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। शुरुआती जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है।बताया जा रहा है कि इमारत के बाहर लगे एक टीन शेड में बिजली के बोर्ड से आग लगनी शुरू हुई। इसके बाद यह आग विज्ञापन बोर्ड और बैनर के सहारे तेजी से पूरी इमारत में फैल गई। आग के कारण इमारत में धुआं भर गया, जिससे वहां मौजूद मौजूद कर्मचारी और सुरक्षा गार्ड आग बुझाने के लिए अंदर नहीं जा सके। इस वजह से आग पर काबू पाने में देरी हुई और एक जूते का स्टोर पूरी तरह जलकर राख हो गया। साथ ही, कपड़ों और अन्य सामान को भी भारी नुकसान हुआ। एहतियात के तौर पर दमकल की दो गाड़ियां दोपहर 12 बजे तक घटनास्थल पर मौजूद रहीं ताकि अगर आग का दायरा बढ़े तो तुरंत ही उस पर काबू पाया जा सके।बगल के रेस्टोरेंट तक पहुंची लपटेंआग बगल स्थित एक रेस्टोरेंट तक भी पहुंच गई थी, लेकिन दमकल विभाग की तत्परता से उसे आगे फैलने से रोक लिया गया। रेस्टोरेंट में मामूली नुकसान हुआ। अधिकारियों के मुताबिक अगर आग और ऊपर तक फैलती तो बड़ा हादसा हो सकता था, क्योंकि बिल्डिंग के ऊपर हाई वोल्टेज बिजली लाइन भी गुजर रही है।

घटना के दौरान बिल्डिंग का फायर सिस्टम भी फेल हो गया। जब फायर डिपार्टमेंट ने फायर फाइटिंग सिस्टम का इस्तेमाल करने की कोशिश की, तो वह काम नहीं कर रहा था। पाइपलाइन में जंग लगी मिली। इसके बाद सेक्टर-76 मेट्रो स्टेशन के फायर सिस्टम की भी मदद ली गई और अन्य जिलों से भी दमकल की गाड़ियां बुलाई गईं।इमारत के शीशे तोड़ने पड़ेदमकलकर्मियों को आग बुझाने के लिए इमारत के शीशे तोड़ने पड़े, ताकि अंदर से धुआं निकल सके।

# सैमसंग ने भारत में फ्लैगशिप स्मार्टफोन को अधिक सुलभ बनाने के लिए 'गैलेक्सी फॉरएवर' लॉन्च किया

**गुरुग्राम।** सैमसंग, भारत की सबसे बड़ी कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, ने आज भारत में गैलेक्सी फॉरएवर की घोषणा की, जो अपने फ्लैगशिप स्मार्टफोन को अधिक सुलभ बनाने के लिए एक नया ओन. रशिप मॉडल पेश कर रहा है। प्रोग्राम ग्राहकों को सैमसंग केयर+द्वारा संचा. लित नो-क्वेश्चंस-एस्क्ड-रिटर्न पॉलिसी के साथ एक साल के बाद 50 प्रतिशत अस्यूरड बायबैक के खिलाफ 50 प्रतिशत की छूट का वादा करता है। यह ग्राहकों को क्रेडिट कार्ड या सैमसंग फिनांस+ के माध्यम से 12 नो-कॉस्ट ईएमआई में डिवाइस की लागत का केवल आधा भुगतान करके एक साल के लिए गैलेक्सी 26 अल्ट्रा या गैलेक्सी एस 26 प्लस का मालिक बनने में सक्षम बनाता है। सैमसंग फिनांस+ को वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है ताकि ग्राहक न्यूनतम दस्तावेज़ीकरण और त्वरित लोन अनुमोदन के साथ आसान क्रेडिट प्राप्त कर सकें। एक साल के बाद, क्रेडिट कार्ड भुगतान मोड के माध्यम से ऑप्ट-इन करने वाले ग्राहक सीधे 50 प्रतिशत अस्यूरड बायबैक प्राप्त कर सकते हैं, या अतिरिक्त 12 नो-कॉस्ट ईएमआई के माध्यम से शेष 50 प्रतिशत का भुगतान कर सकते हैं। सैमसंग फिनांस+ के लिए ऑप्ट करने वाले ग्राहकों को बस रिटर्न करना होगा और अगले गैलेक्सी फ्लैगशिप स्मार्टफोन में अपग्रेड करना होगा। डिवाइस को बनाए रखने के लिए, ग्राहकों को 13वें महीने में शेष 50 प्रतिशत का भुगतान करना होगा। गैलेक्सी फॉरएवर में सैमसंग केयर+ (अकसीडेंटल और लिक्विड डैमेज प्रोटेक्शन के साथ शून्य कटौती) भी शामिल है, जिसका मूल्य छ्छत 13999 है, जो 13 महीनों के लिए डिवाइस सुरक्षा और नो-इवेश. चंस-एस्क्ड-रिटर्न का वादा करता है।

**गैलेक्सी फॉरएवर-मुख्य विवरण**

**योग्य डिवाइस:** गैलेक्सी 26 अल्ट्रा और गैलेक्सी एस 26 प्लस

**प्रोग्राम फी:** आईएनआर 749. 92/माह एक साल के लिए

**अस्यूरड बायबैक:** हमारे नो-इंवेश्चंस-एस्क्ड रिटर्न प्रॉमिस के साथ 50 प्रतिशत की छूट

**कॉस्ट स्प्रेड करें:** क्रेडिट कार्ड के साथ 12 नो-कॉस्ट ईएमआई में शेष 50 प्रतिशत का भुगतान करें

**मन की शांति:** 13 महीनों के लिए शून्य कटौती के साथ सैमसंग केयर+ अकसीडेंटल और लिक्विड डैमेज कवर प्राप्त करें

**फ्लेक्सिबिलिटी:** 12 महीने के बाद रिटर्न, रिटेन या अपग्रेड करें

**उपलब्धता:** सैमसंग.कॉम और देशभर में 1,500+ सैमसंग एक्सपीरियंस स्टोर्स

**भुगतान विधियां:**

सैमसंग फिनांस+ (सैमसंग. कॉम और सैमसंग एक्सपीरियंस स्टोर्स में लागू)

क्रेडिट कार्ड- नो-कॉस्ट ईएमआई (केवल सैमसंग.कॉम पर लागू)

गैलेक्सी फॉरएवर के साथ, हम एक ग्राहक-प्रथम ओनरशिप मॉडल पेश कर रहे हैं जो हमारे फ्लैगशिप गैलेक्सी एस 26 अल्ट्रा और गैलेक्सी एस 26 प्लस को भारतीय ग्राहकों के लिए अधिक सुलभ बनाता है। प्रोग्राम को इस अंतर्दृष्टि के आधार पर डिज़ाइन किया गया है कि ग्राहक नवीनतम तकनीक का मालिक बनना चाहते हैं और साथ ही साल-दर-साल अपग्रेड करने का एक हस्सल-फ्री विकल्प भी चाहते हैं। गैलेक्सी फॉरएवर हमारी नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है -न केवल तकनीक में बल्कि यह भी कि उपयोगकर्ता नवीनतम गैलेक्सी डिवाइसों का मालिक कैसे बनते हैं और अपग्रेड करते हैं कि सुमित वालिया, वाइस प्रेसिडेंट, हेड ऑफ डी2सी बिजनेस और कॉर्पोरेट मार्केटिंग, सैमसंग इंडिया ने कहा।

# गर्ल्स कॉलेज में घुसकर बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा

## रामनवमी पर कॉलेज में हो रहा था कार्यक्रम, प्राचार्या और कार्यकर्ताओं में तीखी बहस, कई छात्राएं बेहोश

शाह टाइम्स संवाददाता

**सरधना।** नगर के संत जोजफ गर्ल्स डिग्री कॉलेज में शुक्रवार को रामनवमी के अवसर पर उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब बजरंग दल के कार्यकर्ता कॉलेज परिसर में पहुंच गए और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने सरकार द्वारा घोषित अवकाश के बावजूद कॉलेज खुले होने और अंदर कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर कड़ा ऐतराज जताया। जैसे ही कार्यकर्ता कॉलेज पहुंचे, उन्होंने मंच तक जाकर नारेबाजी शुरू कर दी और कार्यक्रम का विरोध करने लगे। इस दौरान कॉलेज की प्राचार्या क्रिस्टीना लुईस और बजरंग दल पदाधिकारियों के बीच मंच पर ही तीखी बहस हो गई। बहस इतनी बढ़ गई कि माहौल तनावपूर्ण हो गया और कॉलेज परिसर में अफरा-तफरी मच गई। हंगामे के चलते वहां मौजूद छात्राओं में दहशत फैल गई और भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। इस दौरान कई छात्राएं घबरा कर बेहोश हो गईं। एक छात्रा की हालत ज्यादा बिगड़ने पर उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया, जहां उपचार के बाद परिजन उसे अपने साथ घर ले गए। स्थिति बिगड़ती देख कॉलेज प्रशासन ने एहतियातन कार्यक्रम को बीच में ही रद्द कर दिया। पूरे घटनाक्रम के दौरान कॉलेज परिसर में तनाव बना रहा और छात्राओं व अभिभावकों में भी चिंता का माहौल दिखाई दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया, लेकिन सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि थाना परिसर के पास स्थित कॉलेज में इतना बड़ा हंगामा होने के बावजूद पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसे लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी भी देखने को मिली।

घटना के बाद बजरंग दल के कार्यकर्ता थाना परिसर पहुंचे और कॉलेज प्रशासन के खिलाफ तहरीर देते हुए प्राचार्या पर गंभीर आरोप लगाए। दूसरी ओर, कॉलेज की प्राचार्या क्रिस्टीना लुईस ने इस मामले में कोई कार्रवाई करने से साफ मना कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी (एसपी देहात) अभितीज कुमार भी कॉलेज पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटाई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। फिलहाल, इस घटना को लेकर इलाके में चर्चा का माहौल है और लोग पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़े कर रहे हैं। वहीं, प्रशासन द्वारा मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई किए जाने की बात कही जा रही है।


सरधना नगर स्थित संत जोजफ गर्ल्स डिग्री कॉलेज में हंगामा करते बजरंग दल के कार्यकर्ता।


हंगामे के चलते छात्राओं में मची अफरा-तफरी।


सरधना सीएचसी में भर्ती छात्रा।

## जानी क्षेत्र में पहुंची सीबीआई, मचा हड़कंप

शाह टाइम्स संवाददाता

**जानी खुर्द।** मवाना में अवैध टेलीफोन एक्सचेंज से भारतीय अर्थव्यवस्था को काफी समय से नुकसान पहुंच रहा है। आरोपी की तलाश में सीबीआई ने थाना क्षेत्र के बाफर गांव में पहुंची जहां तीन व्यक्तियों को पूछताछ के लिए सीबीआई ने उठा लिया। मवाना कस्बे में 14 सितंबर 2025 को पुलिस को सूचना मिली थी कि कस्बे में अवैध टेलीफोन एक्सचेंज संचालित कर भारतीय अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी ने पुलिस के अधिकारियों को जानकारी देकर बताए गए स्थान पर दबिश दी तो करीब 150 मोबाइल, टेलीफोन एक्सचेंज के उपकरण आदि बरामद हुआ। तीन आरोपियों इस्लाम, आसिफ और गुफरान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया उन्होंने अन्य स्थानों के नाम बताए। शुक्रवार को सीबीआई की दो टीमों ने दिन निकलते ही गांव में दबिश देकर तीन व्यक्तियों को पूछताछ के लिए उठा लिया। बताया जा रहा है यह लोग काफी शातिर किस्म के व्यक्ति हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक ने सीबीआई द्वारा की गईकार्रवाई की जानकारी दी।

# कोल्ड ड्रिंक पीने गए युवक को घर में खींचकर किया जानलेवा हमला

## हमलावरों ने धारदार हथियार से सिर पर किए वार, युवक गंभीर रूप से घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** थाना सरधना क्षेत्र के ग्राम खिर्वा जलालपुर में रंजिश के चलते दबंगों ने एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि युवक को दुकान से घसीटकर घर के भीतर ले जाया गया, जहां धारदार हथियारों और तमंचे की बटों से उसे लहूलुहान कर दिया गया। शोर मचने पर ग्रामीणों ने बामुश्किल युवक की जान बचाई। पीड़ित पिता ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

मिली जानकारी के अनुसार, खिर्वा जलालपुर निवासी आस मोहम्मद का पुत्र सोनू गुरुवार शाम करीब 4:30 बजे गांव में ही मुन्नी की दुकान पर कोल्ड ड्रिंक पीने गया था। आरोप है कि वहां पहले से घात लगाकर बैठे गांव के ही दबंगों ने सोनू को देखते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। जब सोनू ने विरोध किया, तो आरोपियों ने उस पर हमला बोल दिया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमलावर सोनू को जबरन खींचकर अपने घर के भीतर ले गए। वहां मौजूद समीर, शादाब पुत्रगण इमरान और सावेज, सुहैल उर्फ मज्जन पुत्रगण यूनुस ने धारदार हथियारों, तमंचे और डंडों से सोनू पर प्रहार किए। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे शाहनवाज और भूरा सहित दर्जनों ग्रामीणों ने हस्तक्षेप कर सोनू को हमलावरों के चंगुल से छुड़ाया।



घटना के बाद घायल सोनू को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। पीड़ित पिता ने बताया कि आरोपी जाते-जाते जान से मारने की धमकी दे गए हैं। थाना प्रभारी का कहना है कि शिकायती पत्र मिला है, मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# राम नवमी पर सरधना में निकाली भव्य शोभायात्रा

शाह टाइम्स संवाददाता

**सरधना।** राम नवमी के पावन पर्व पर शुक्रवार को नगर में आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला जब भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा पूरे धूमधाम और श्रद्धा के साथ निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान नगर की सड़कों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा और पूरा वातावरण राममय हो गया।

शुक्रवारर को रामा मंडल के तत्वावधान में आयोजित इस शोभायात्रा का शुभारंभ राम तलैया मंदिर से हुआ, जहां मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संगीत सोम ने विधिवत पूजा-अर्चना कर यात्रा को रवाना किया। यात्रा में भगवान श्रीराम, मां दुर्गा और भगवान गणेश की सजीव और आकर्षक झांकियां शामिल रहीं, जिन्हें देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। बैंड-बाजों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु झूमते और नृत्य करते हुए आगे बढ़ते रहे। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया, जिससे पूरा मार्ग भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों गुजरान गेट, देवी मंदिर, बिनौली



रोड, तहसील रोड, भाटवाड़ा और कुम्हारान मोहल्ला से होकर पुनः राम तलैया मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान जय श्रीराम के जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा। कार्यक्रम में मलखान सैनी, शरद त्यागी, सूर्यदेव त्यागी, विनोद जैन, डॉ. मुनेश पंडित, महेंद्र सैनी, पंकज जैन, दीपक शर्मा, अभिषेक, प्रदीप बुद्धिराजा, सुशील कुमार, आलोक जैन, सुभाष वेदप्रकाश, बिरेंद्र सैनी और संजीव पंवार सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## द इंडियन पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

शाह टाइम्स संवाददाता

**सरूरपुर।** क्षेत्र के पांचली बुजुर्ग स्थित सीबीएसई बोर्ड से संचालित द इंडियन पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित करने के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में थाना प्रभारी गौरव सिंह मौजूद रहे, जिन्होंने विभिन्न कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय का परीक्षा परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा, जिससे विद्यालय परिवार और अभिभावकों में खुशी की लहर दौड़ गई। कक्षा अनुसार परिणाम में प्री नर्सरी में रुकय्या, नर्सरी में रफत, एलकेजी में देव, यूकेजी में मो. शमी, कक्षा 1 में दीपक, कक्षा 2 में रजिया, कक्षा 3 में अबुबकर, कक्षा 4 में कहकशा, कक्षा 5 में वंश चौहान, कक्षा 6 में मो. अदनान खान, कक्षा 7 में मो. हुजैा तथा कक्षा 8 में रुस्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

समारोह में विशेष उपलब्धि के तहत मो. शमी ने 97.1 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि कहकशा ने 95.4 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के चेयरमैन एडवोकेट इस्तखार चौहान एवं प्रिंसिपल मिस शीबा सैफी ने मुख्य अतिथि सरूरपुर थाना प्रभारी गौरव सिंह को स्मृति चिन्ह व पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान अभिभावक, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# वेंक्टेश्वरा में दो दिवसीय 'ग्लोबल एचआर मीट व प्लेसमेंट ड्राईव- 2026' का शानदार शुभारंभ

**भारत शोध, नवाचारों एवं स्किल्स के बल पर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने को तैयार: डॉ. राजीव**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/ संस्थान में दो दिवसीय ग्लोबल एच.आर. मीट/प्लेसमेंट ड्राईव-2026 का शानदार शुभारंभ हुआ। पहले दिन आई.टी., मैनेजमेंट, हेल्थ सेक्टर, डेयरी एण्ड फूड प्रोसेसिंग, फार्मा, नर्सिंग सेक्टर समेत 50 से अधिक संस्थानो के एच.आर. हेड, निदेशकों ने प्रतिभाग करते हुए पैनल डिसक्शन, लिखित परीक्षा, व्यक्तित्व विकास सत्र आदि के द्वारा अलग-2 क्षेत्रों के 1200 बच्चो में से 422 बच्चो ने साक्षात्कार के अगले राउण्ड में प्रवेश के लिए क्वालीफाई किया। एक साथ देश की नामचीन सौ से अधिक कम्पनियों के 'कैम्पस ड्राईव' में प्रतिभाग करने से गदगद वेंकटेश्वरा समूह के अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि स्किल्ड



भारतीय युवाओ के लिए देश एवं विदेश में सम्मानित रोजगार के असीमित अवसर उपलब्ध है, जरूरत सिर्फ इस बात की है कि भारतीय युवा राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय बाजार की मांग के अनुसार अपने आप को अपडेट रखे। श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय/ संस्थान के डॉ. सी. वी. रमन सभागार में आयोजित दो दिवसीय 'ग्लोबल एच.आर. मीट/प्लेसमेंट ड्राईव-2026' का शुभारंभ संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, प्रभारी कुलपति युवराज सिंह, कुलसचिव प्रो. पीयूष कमार पाण्डेय एवं विभिन्न कम्पनियों से आये एच. आर. प्रतिनिधियों ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। अलग-2 कम्पनियों एवं संस्थानो से आये एच.आर. हेड/प्रबंधकों ने संस्थान के विभिनन संकायो के डीन एवं फैकल्टी के साथ मिलकर कुल 1200 छात्र-छात्राओं में से चार सौ बाईस अभ्यार्थियों ने दो राउण्ड की साक्षात्कार परीक्षा पास कर फाईनल राउण्ड में प्रवेश किया। विवि के प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने प्रभारी कुलपति युवराज सिंह, कुलसचिव के साथ मिलकर विभिन्न कम्पनियों से आये एच.आर. प्रबंधकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर डीन एकेडमिक डॉ. राजेश सिंह, एच.आर. हेड कुलदीप सिंह, डॉ. नीतू पंवार, डॉ. शिल्पा रैना, डॉ. आशिया वाहिद, डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. सुमन, डॉ. सचिन टोटे, डॉ. पारस जामवाल, डॉ. पुनीत, डॉ. राजवर्द्धन, डॉ. आशुतोष, डॉ. अश्विनी सक्सेना, डॉ. एस.के. श्रीवास्तव, डॉ. मोहित शर्मा, डॉ.ओमप्रकाश गोसाई, डॉ. धीरज, डॉ. ऐना ऐरिक ब्राउन, डॉ. रीना जोशी, डॉ. अनिल जायसवाल, डॉ. योगेश्वर, डॉ. थॉमस, डॉ. राम कुमार, डॉ. विवेक सचान, डॉ. विकास पाण्डेय, डॉ. श्रीराम गुप्ता, डॉ. मनीष, डॉ. मंजरी राणा, डॉ. स्नेहलता, कृष्ण कांत गुर्जर, एस.एस. बघेल, प्रांशूल सेठी, अनुषा कर्णवाल, निशा, रिया, हरप्रीत, शीलभद्र, अरविंद, प्रशांत, सोनू सैनी, आदेश सिंह, मेरठ परिसर से डॉ. पंकज सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# स्मार्ट डकैत है बिजली विभाग का स्मार्ट मीटर: नदीम खान

## लोगों के लिए जी का जंजाल बना स्मार्ट मीटर, बिल जमा करने के बाद भी परेशान उपभोक्ता

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ/मुजफ्फरनगर।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम इन दिनों स्मार्ट मीटर पर पूरा ध्यान केंद्रित कर रहा है। वह जबरन भी उपभोक्ताओं के परिसर पर स्मार्ट मीटर लगाने का प्रयास कर रहा है और उसके लिए उसने इंटेल स्मार्ट कंपनी को इसका ठेका दे रखा है। कंपनी के लोग गली मोहल्ले में जाकर जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लग रहे हैं और जो उपभोक्ता मीटर लगवाने से इनकार करता है तो उसके साथ बदतमीजी करते हैं उसे धमकाते हैं। इसी चीज के खिलाफ अभियान तेज हो गया है। भारतीय किसान यूनियन सर्व समाज के राष्ट्रीय प्रतिनिधि राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि नदीम खान ने बड़ा ऐलान कर दिया है। वह अब गली मोहल्ले में जाकर भी स्मार्ट मीटर के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। नदीम ने बिजली विभाग के स्मार्ट मीटर को स्मार्ट डकैत कहा है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के घरों पर जो स्मार्ट मीटर लगे हैं उनका बिल बहुत ज्यादा आ रहा है, साथ ही साथ बिल जमा करने के बाद भी लोगों के घरों की लाइट नहीं आ रही है। अभी बीते हफ्ते ही लगभग हजारों लोगों के घरों की लाइट अचानक चली गई। बिल जमा करने के बाद भी लाइट नहीं आई तब जाकर पता चला कि कनेक्शन सीधे इंटेल स्मार्ट कंपनी से काटा गया है। कम्पनी एक बटन दबाकर लोगों की बत्ती गुल कर रही हैं वहीं बिजली की रीडिंग में भी छेड़खानी कर सकते हैं। नदीम में साफ कह दिया है कि यह लड़ाई लंबी है और इस लड़ाई को जनता के साथ लड़ा जाएगा और किसी भी कीमत पर लोगों के घरों पर स्मार्ट डकैती नहीं पड़ने देंगे चाहे इसके लिए हमें कई बार जेल ही क्यों ना जाना पड़े।


नदीम खान

### धरने से घबरा गई थी इंटेल स्मार्ट कंपनी

बीते सर्दियों के महीने में इंटेल स्मार्ट कंपनी की गुंडागर्दी और उनके कर्मियों के द्वारा उपभोक्ताओं के साथ की जा रही बदसलूकी के खिलाफ नदीम खान ने कंपनी के गोदाम पर धरना दिया था और आर पार की लड़ाई का ऐलान किया था। उन्होंने गोदाम का ताला लगाकर वहां पर दिन रात पहरा दिया जिसके बाद कंपनी के मैनेजर ने पुलिस के द्वारा इस धरना स्थल को खत्म कराया। पुलिस ने फोर्स लेकर जबरदस्ती किसानों को और उपभोक्ताओं को धरने से उठाकर जेल भिजवा दिया था जिसके बाद से लड़ाई और मजबूत हो गई।

### जबरदस्ती लगे मीटर तो कर्मियों को बनाएंगे बंधक

भारतीय किसान यूनियन सर्व समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि नदीम ने कहा कि अगर उपभोक्ताओं के परिसर पर जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगाने की कोशिश की गई तो कंपनी के कर्मचारियों को वहीं पर बंधक बनाया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी खुद कंपनी की होगी और अगर कोई बदतमीजी कर्मचारी द्वारा किसी भी उपभोक्ताओं के साथ की गई तो उसका मुंहतोड़ जवाब भी मौके पर ही दिया जाएगा जिसका हर तरीके से जिम्मेदार खुद इंटेल स्मार्ट के मैनेजर और प्रबंधक होंगे क्योंकि अब लड़ाई आर पार की है।

## मुमताज आलम के पिता के निधन पर भाजपा के पूर्व विधायक सत्यवीर त्यागी ने जताई शोक संवेदना



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक सत्यवीर त्यागी ने समाजवादी पार्टी यूथ के राष्ट्रीय सचिव मुमताज आलम के आवास पर पहुंचकर उनके पिता के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर दुख की इस घड़ी में ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। पूर्व विधायक ने कहा कि पिता का साया उठ जाना परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और परिजनों को इस दु:ख को सहने की शक्ति दें। इस अवसर पर पूर्व उप प्रधान यूसुफ खान, रफीक खान, आमान उल्ला खान, माह-ए-आलम खान, जावेद खान, फैजी खान, अरीब खान सहित कई लोग मौजूद रहे और सभी ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की।

# गैस सिलेंडर के लिए उमड़ी भीड़

## एजेंसी प्रबंधन को तत्काल होम डिलीवरी व्यवस्था शुरू करने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** स्थानीय गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर एआरओ आशाराम सिंह तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करते हुए व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए।



एआरओ आशाराम सिंह ने भीड़ को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि क्षेत्र में गैस की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि एजेंसी के पास वर्तमान में 750 सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने जनता को आश्वस्त किया कि किसी भी उपभोक्ता को सिलेंडर की कमी नहीं होने दी जाएगी। श्री सिंह ने कुछ अराजक तत्वों पर निशाना साधते हुए कहा कि वे लोग जनता को गुमराह कर रहे हैं और अनावश्यक रूप से भड़काने का प्रयास कर रहे हैं। भीड़ को कम करने और उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए एआरओ ने एजेंसी प्रबंधन को तत्काल होम डिलीवरी व्यवस्था शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 24 तारीख से पहले की सभी लंबित बुकिंग की होम डिलीवरी प्राथमिकता के आधार पर कराई जाएगी। शहर के लिए हॉकर्स और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए डिलीवरी मैन की पूरी टीम को सक्रिय कर दिया गया है ताकि समय पर सिलेंडर पहुंचाए जा सकें। एआरओ ने लोगों से अपील की कि वे किसी के बहकावे में न आएं और एजेंसी पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं। उन्होंने दोहराया कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और हर घर तक समय पर सिलेंडर पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है।

# सिलेंडर को लेकर गैस एजेंसी के कर्मचारी को पीटा

### पुलिस ने दो आरोपियों का किया चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** एलपीजी गैस सिलेंडर लेने को लेकर दो युवकों ने एजेंसी के कर्मचारी के साथ मारपीट कर डाली, सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से युवकों को हिरासत में लिया और थाने लाकर चालान कर दिया।

नांगल थाना क्षेत्र के गांव चंदोक में इंडेन की गैस एजेंसी है। शुक्रवार को एजेंसी से गैस का वितरण किया जा रहा था। तभी दो युवकों ने गैस सिलेंडर लेने को लेकर एजेंसी के कर्मचारियों से साथ मारपीट कर दी। एजेंसी के कर्मचारी ने घटना की सूचना नांगल पुलिस को दी। सूचना पर नांगल थाना प्रभारी अमर सिंह राठौर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए।

पुलिस ने मारपीट के आरोपी रुकशीद और आबिद निवासी गांव शहजादपुर थाना नांगल को हिरासत में ले लिया। एजेंसी के कर्मचारी भोलू की तहरीर पर दोनों आरोपियों का चालान कर दिया।

## कन्याओं को जिमाकर उपहार दिए

**नजीबाबाद।** दुर्गा अष्टमी के मौके पर नगर में कन्या पूजन किया गया। चैत्र नवरात्रों के आठवें दिन दुर्गा अष्टमी के मौके पर दुर्गा चालीसा का पाठ कर मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई। श्रद्धालुओं ने कन्याओं को आदर सत्कार के साथ अपने घरों पर बुलाकर हलवा, पूरी, नारियल के प्रसाद का भोग लगाकर उनको भोजन कराया।

# वन विभाग ने पकड़ी कीमती खैर की लकड़ी

### कीमती लकड़ी से भरा वाहन छोड़ माफिया फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** साहूवाला वन क्षेत्र से लाखों रुपए कीमत की खैर की लकड़ी महिंद्रा गाड़ी में ले जा रहा माफिया वन कर्मियों के पीछा करने पर अफजलगढ़ में गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। वन विभाग ने गाड़ी सीज कर लकड़ी माफिया की तलाश शुरू कर दी है।

साहूवाला वन रेंज की इनायतपुर वन चौकी पर तैनात वन दरोगा साजिद अंसारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर वन दरोगा अभिषेक यादव, शुभम कुमार व वन रक्षक नितिन कुमार बीती देर रात ग्राम मदपुरी के जंगल में पहुंचे, तो वहां पर लकड़ियों से लदी एक महिंद्रा गाड़ी जाती हुई दिखाई दी। रोकने का इशारा करने पर चालक ने गाड़ी तेजी से दौड़ा दी। वन विभाग की टीम द्वारा गाड़ी का पीछा करने पर चालक अफजलगढ़ में पेट्रोल पंप के पास गाड़ी को छोड़कर फरार हो गया। टीम लकड़ियों से लदी गाड़ी को रेंज कार्यालय ले आई।

वन दरोगा ने बताया कि गाड़ी में लाखों रुपए की खैर की लकड़ी है। गाड़ी को सीज कर दिया गया है। लकड़ी माफिया की तलाश की जा रही है। लकड़ी कहां से काटकर लाई गई है, इसकी भी जांच की जा रही है।

# गायत्री शक्तिपीठ में राम नवमी मनाई

## भगवान राम के आदर्शों पर प्रकाश डाला, श्रद्धालु रहे मौजूद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** गायत्री शक्तिपीठ में श्री राम नवमी का पर्व उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस मौके पर गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक डा. दीपक कुमार ने भगवान राम के आदर्शों पर प्रकाश डाला।



डा. दीपक कुमार ने बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम भारत के प्राण, सनातन जगत की आस्था के केंद्र और आराध्य हैं। उनका चरित्र मर्यादा की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा कि मर्यादाओं का पालन, कर्त्तव्य पर निष्ठा, व्यवहार में सौजन्य और अनीति के विरुद्ध प्रबल संघर्ष जैसे आदर्श रामचरित्र के हर प्रसंग में पाए जाते हैं। उन्होंने भगवान राम के जीवन से जुड़े कई उदाहरण दिए। बचपन में गेंद खेलते समय राम ने छोटे भाई भरत को प्रसन्न करने के लिए हारने का अभिनय किया। महर्षि विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा के लिए उन्होंने अपने प्राणों की परवाह न करते हुए असुरों से संघर्ष किया। डा. कुमार ने भगवान राम के साथियों और सहयोगियों के आदर्श चरित्र का भी उल्लेख किया। लक्ष्मण ने एक सेवक की तरह भाई का साथ दिया, जबकि भरत ने राजगद्दी न लेकर राम की पादुका को सिंहासन पर रखा। केवट ने उन्हें गंगा पार उतारा और निषाद राज ने उनसे मित्रता की।

उन्होंने जटायु के बलिदान का भी जिक्र किया, जिसने रावण से जूझते हुए अपने प्राण गंवा दिए। रीछ और वानर सेना का त्याग और बलिदान भी अद्वितीय रहा। भक्तराज हनुमान ने प्रभु के प्रति पूर्ण समर्पण के साथ श्री राम के कार्यों को पूरा किया।

कार्यक्रम के दौरान गायत्री शक्तिपीठ में श्री राम दरबार का चित्र स्थापित किया गया और राम आरती उतारी गई।

इस मौके पर एचपी गुप्ता, राज भटनागर, पुष्पा शर्मा, कामेश शर्मा, रेखा चौहान, महिपाल सिंह सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# दिशा के विद्यार्थियों की इंडस्ट्रियल विजट

## पंतजलि इंडस्ट्री में उत्पादन प्रक्रियाओं एवं कार्यप्रणाली की जानकारी ली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दिशा इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी द्वारा छात्रों के लिए एक शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने पंतजलि इंडस्ट्री, हरिद्वार का दौरा किया। इस इंडस्ट्रियल विजिट का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उद्योगों में होने वाली उत्पादन प्रक्रियाओं एवं कार्यप्रणाली की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था।



इस दौरान छात्रों को इंडस्ट्री की यूनिट्स का भ्रमण कराया गया, जिनमें सेंट्रल लैब, पैकेजिंग यूनिट, प्रिंटिंग यूनिट, मैन्युफैक्चरिंग यूनिट, वेयरहाउस तथा दंतकांति यूनिट शामिल रहीं। विद्यार्थियों ने इन सभी यूनिट्स में कार्यप्रणाली को नजदीक से देखा और समझा।

छात्रों ने विभिन्न उत्पादों के निर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण, पैकेजिंग तथा भंडारण की प्रक्रियाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। विशेषज्ञों ने भी छात्रों को उद्योग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं, जिससे उनका ज्ञानवर्धन हुआ।

संस्थान के अध्यापक डॉ. समीर अहमद, नाजिश, प्रभात कुमार एवं रश्मि शर्मा आदि इस भ्रमण में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों का मार्गदर्शन किया और उन्हें औद्योगिक क्षेत्र की बारीकियों से अवगत कराया।

संस्थान प्रबंधन ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण से छात्रों की व्यावहारिक समझ बढ़ती है और वे अपने क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

# महिला को जिंदा जलाने की साजिश

### कार्यवाही न होने पर पीड़िता ने दी आत्महत्या की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** दहेज उत्पीड़न और मानसिक प्रताड़ना का एक रोंगटे खड़े कर देने वाला मामला सामने आया है। विवाहिता ने ससुराल वालों पर उसे ज़िंदा जलाने की साजिश रचने और पति द्वारा अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का गंभीर आरोप लगाया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार सुनीता कुमारी की शादी 21 फरवरी, 2025 को ग्राम सदुल्लाखानपुर निवासी जोगेंद्र सिंह से हुई थी। सुनीता के अनुसार उसके भाई ने अपनी हैसियत से बढ़कर दान-दहेज दिया था, जिसके लिए उसने बैंक और सोसाइटी से लोन भी लिया था। लेकिन शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष ने दो लाख रुपए नकद की अतिरिक्त मांग शुरू कर दी और उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। सुनीता ने बताया कि उसके पति जोगेंद्र सिंह, ससुर अमर सिंह, सास उर्मिला और परिवार के अन्य सदस्यों ने मिलकर उसे ज़िंदा जलाकर मारने की योजना बनाई थी। इसकी भनक लगने पर सुनीता ने पूरी रात घर के बाहर बैठकर जान बचाई। आरोप है कि पति जोगेंद्र सिंह ने सुनीता को धमकी दी है कि उसने उनके निजी पलों का अश्लील वीडियो बना लिया है और यदि मांग पूरी नहीं हुई, तो वह वीडियो वायरल कर देगा। पीड़िता का आरोप है कि दबंग ससुराल पक्ष पुलिस प्रशासन को अपनी कठपुतली समझता है और उन्हें कानून का कोई डर नहीं है। पीड़िता ने बताया कि उसने पहले भी 10 जनवरी को प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। ससुराल पक्ष का कहना है कि वे ज़मीन बेचकर प्रशासन को अपनी मुट्ठी में कर लेंगे। सुनीता ने चेतावनी दी है कि यदि उसे न्याय नहीं मिला, तो वह आत्महत्या कर लेगी। जिसकी पूरी ज़िम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# घर में घुसकर युवती के साथ मारपीट

### पांच के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नूरपुर।** घर में घुसकर युवती के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने एक ही परिवार के पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम टंडेरा निवासी अक्शा पत्नी आफताब ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि एक हफ्ते पहले उसका देवर अरमान ग्राम के ही निवासी युवक की बारात में नन्हेड़ा गया था। जहां पर ग्राम के ही निवासी मोनिश पुत्र अलाउद्दीन से उसकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। महिला का आरोप है कि बारात से घर वापस लौटने पर मोनिश, मुकीम, साजिद व सोनी पुत्रगण अलाउद्दीन ने अपनी मां परवीन के साथ उसके घर में घुसकर गाली-गलौच करते हुए लाठी-डंडों से उसकी ननद अर्शी परवीन पर हमला कर दिया। हमले में अर्शी गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला का आरोप है कि मोनिश ने उसकी ननद अर्शी परवीन के साथ गाली-गलौच के साथ अश्लील हरकतें की है। उसकी फोटो खींच कर सोशल मीडिया पर डालने की धमकी दी है। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के विरोध कार्रवाई करने की गुहार की है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो महिलाओं समेत एक ही परिवार के पांच लोगों के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी ने मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि की है।

# 700 मीटर विद्युत केबिल गायब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** मरम्मत के लिए उतारी गई 11 केवी विद्युत केबिल गायब हो गई है। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह कार्रवाई अवर अभियंता की लिखित शिकायत के आधार पर की गई है।



### तीन नामजद समेत अन्य की जांच शुरू

33/11 केवी उपकेंद्र बढ़ापुर पर तैनात अवर अभियंता शाजिम हसन ने अपनी तहरीर में बताया कि कस्बे के मौहल्ला नौमी स्थित कल्लर वाली मस्जिद से मौहल्ला इकबाल. पुरा तक लगे 250 केवीए के दो ट्रांसफार्मरों को जोड़ने वाली लगभग 700 मीटर लंबी 11 केवी केबिल को मरम्मत के लिए उतारा गया था। यह कार्य ठेकेदार अमरीक सिंह करा रहे थे।

मरम्मत के बाद केबिल को कार्य कर रही लेबर द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर ग्राम बासोवाला स्थित एक मकान में रखा गया था, जहां लेबर निवास कर रही थी। 24 मार्च को जब ठेकेदार अमरीक सिंह सामग्री लेने मौके पर पहुंचे, तो केबिल गायब मिली और लेबर के सदस्य भी वहां मौजूद नहीं थे।

आसपास के लोगों और मकान मालिक से मिली जानकारी के अनुसार, लेबर सदस्य 24 मार्च की सुबह लगभग 4 बजे उक्त सामग्री वाहन में भरकर ले गए। तहरीर में अमरोहा जनपद के ग्राम तसिया मिलक निवासी सोनू, शिवम और राहुल को नामजद किया गया है। इसमें कुछ अन्य अज्ञात व्यक्तियों के भी शामिल होने की बात कही गई है।

इस संबंध में बढ़ापुर थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

# युवकों के साथ मारपीट के मामले में छः आरोपियों को जेल भेजा

**नांगल सोती।** गांव कमराजपुर में दो युवकों के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने छः आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सुमित कुमार के साथ गांव के ही मौहम्मद नईम के साथ कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया था। सुमित कुमार अपने ताऊ के लड़के शिवम के साथ गांव तिसोतरा जा रहा था। इसी दौरान नईम ने अपने साथियों के साथ सुमित और शिवम के साथ मारपीट कर डाली। सुमित के भाई अमित कुमार की तहरीर पर नांगल पुलिस ने छः नामजद सहित एक अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने मौहम्मद नईम अहमद, मौहम्मद आमिर, साजिद, मौहम्मद अमजद, वाजिद और अरशद को गिरफ्तार कर चालान कर दिया, जहां से कोर्ट ने इन्हें जेल भेज दिया। थाना प्रभारी अमर सिंह राठौर ने बताया कि गांव में शांति व्यवस्था कायम है। किसी प्रकार का कोई तनाव नहीं है।

# मिशन शक्ति टीम ने किया जागरूक

### हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** ग्राम झाड़पुरा में मिशन शक्ति फेस 5.0 अभियान चलाया गया। इस दौरान महिला उपनिरीक्षक रीनू पंवार, उपनिरीक्षक जयवीर सिंह और आरक्षी अंजू ने उपस्थित महिलाओं को जागरूक किया।



अभियान के तहत महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी गई। इनमें महिला हेल्पलाइन 181, वूमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एंबुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और साइबर हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं।

पुलिस टीम ने महिलाओं को उनके अधिकारों, घरेलू हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने और सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर जागरूक किया। उन्हें मोबाइल या सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाली परेशानियां, अश्लील मैसेज भेजने और छेड़छाड़ जैसी शिकायतों से निपटने के तरीके बताए गए।

इस अवसर पर साइबर अपराधों से बचाव और उनके घटित होने के बाद की कानूनी कार्यवाही के बारे में भी जानकारी दी गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं की समस्याओं को भी सुना गया।

## एक नजर

### गंगा का जलस्तर बढ़ने से प्लेज नष्ट



**नांगल सोती।** गंगा का जलस्तर बढ़ने से गंगा खादर क्षेत्र में सब्जी की कई बीघा खेती नष्ट हो गई, जिससे प्लेजिया किसान चिंतित हैं। हाल ही में प्लेज से सब्जी की फसल शुरू हुई थी। गंगा खादर क्षेत्र में नांगल, जीतपुर, शहजादपुर, गौसपुर, सराय आलम, के किसान प्लेज व सब्जी की खेती करते हैं। हाल ही में प्लेज से लौकी, खीरा, ककड़ी, करेला, टिंडा, की फसल शुरू हुई थी। पिछले कई दिनों से गंगा नदी का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है। प्लेज में पानी आने से किसानों की कई बीघा सब्जी की फसल नष्ट हो गई। जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हुआ है। किसानों शिव कुमार, लाखन, सोनू, नरेश, बाबूराम, मनोज, युसूफ, महबूब, आदि का कहना है कि उन्होंने लागत लगाकर फसल तैयार की थी। अभी फसल की शुरुआत ही हुई थी, लेकिन गंगा का जलस्तर बढ़ने से उनकी फसल नष्ट हो गई, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

### मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न



**नांगल सोती।** उत्तम शुगर मिल के प्रांगण में बनाए गए नव निर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के विद्वान पंडितों द्वारा हवन यज्ञ कर, मंदिर में कई प्रतिमा स्थापित की गई। इस दौरान मिल के प्रबंध निदेशक सहित पूरा मिल परिवार मौजूद रहा। मिल प्रांगण में उत्कृष्ट कलाकृति से भव्य मंदिर बनाया गया। मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए बीते पांच दिनों से विद्वान पंडितों आशीष भारद्वाज, राजीव मिश्रा, हेमेंद्र भारद्वाज आदि द्वारा हवन यज्ञ के साथ सुंदर पाठ और भजन कीर्तन किया जा रहा था। आज विद्वान पंडितों ने मंदिर प्रांगण में मां दुर्गा, भगवान हनुमान, श्री गणेश और शिव लिंग की विधि विधान के साथ मंत्रोच्चार से स्थापना कराई, जिसके बाद भगवान के जयकारों के बाद प्रसाद वितरण किया गया। हवन पूजन के मुख्य यजमान गन्ना महाप्रबंधक विकास पुंडीर सपत्नी नीलम पुंडीर रहे। इस धार्मिक आयोजन में मिल के प्रबंध निदेशक राजकुमार अदलखा उनकी पत्नी नीलम, संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह राठौर उनकी पत्नी ज्योत्सना राठौर, नम्रता पांडे, जेपी त्रिपाठी, विकास ठाकुर, एसएल लांबा, सुखविंदर सिंह, अतेंद्र शर्मा, अनिल शर्मा, कुलदीप सिंह, आशीष बंसल, चांदवीर सिंह हरीश ढींगरा आदि मिल के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### माता रानी का भजनों से गुणगान



**धामपुर।** चैत्र नवरात्र की दशमी के शुभ अवसर पर अनन्त श्रीशिवशक्तिपीठ एवं संस्कार शाला आश्रम पर माता रानी का पूजन कीर्तन भजन प्रसाद वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मुख्य यजमान यतेन्द्र चौहान अर्चना सिंह रहे। आचार्य डा. दिनेश चन्द्र भारद्वाज संस्थापक गौरी गौशाला आश्रम के सान्निध्य में पूरी नवरात्र भर मातारानी के कीर्तन भजन का आयोजन रहा। प्रतिदिन अलग-अगल परिवार ने अपने संकल्प पूजन सम्पन्न कराया। गौ सेवा भण्डारा लगवाया। आचार्य श्री ने माता रानी की महिमा के बारे में बताया कि माता के नौ रूप विशेष कर नवरात्र में पूजे जाते हैं। मां सभी का कल्याण करने वाली है। इस अवसर पर कविता भारद्वाज, बबीता त्यागी, अर्चना रानी, संदीपा चौहान, कविता अग्रवाल, मनु चौहान, अनीता वर्मा, भूमिका भारद्वाज, ललित बाला, पारुल चौहान, सोनम शर्मा, सीमा चौहान, निशि रस्तोगी, नीतू चौहान, प्रीति शर्मा, निर्मल चौहान, तुलसी जोशी, उर्मिला भारद्वाज, प्रियंका, संगीता श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

### रैंक होल्डर विद्यार्थी सम्मानित




**धामपुर।** परी स्कूल एवं धामपुर पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हिंदू रक्षा सेना महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती ऐश्वर्या चौधरी उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं द्वारा मां सरस्वती वंदना पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया गया। साथ ही दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर मां दुर्गा स्तुति पर भी भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विभिन्न वर्गों के रैंक होल्डर विद्यार्थियों को मंच पर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या बबीता गुप्ता ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायक उद्बोधन दिया। पंकज, पुलकित, मोहित तथा शिक्षिकाओं में कंचन, इशा, रविता, जैनब, वंदना, खनक, अमित, नसरीन, सुरभि, रीना, अनीता, प्रियंका, आंचल, प्रिया, प्रतिभा, तरन्नुम, फरिया एवं आदिल का सहयोग प्रदान रहा।

### पालकी का फूलों से स्वागत



**बिजनौर।** श्री शिरडी साईं साधना संस्थान शंभा बाजार में राम मंदिर का महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। प्रात: बाबा का स्नान कर पालकी निकाली गई। विभिन्न स्थानों पर पालकी का स्वागत फूलों से किया गया। नई बस्ती दुष्यंत कुमार शर्मा के यहां आरती कर पालकी का स्वागत किया गया। इस दौरान कढ़ी-चावल का प्रसाद भी वितरण कर किया गया। पालकी यात्रा में अरुण कुमार खन्ना, नीरज तुली, राजेंद्र, गौतम, उमा, कुसुम लता, ऊषा, योगिता शर्मा आदि ने पालकी उठाकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर पहुंचकर बाबा की आरती की गई तथा प्रसाद वितरित किया गया।

# युवती से रेप में दस साल की सजा

## अदालत ने बीस हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नौकरी के बहाने युवती को दूर का रिश्तेदार हरिद्वार ले गया। जहां उसके साथ उसने बलात्कार किया। इस मामले में कोर्ट ने युवक को दोषी ठहराते दस साल व बीस हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनाई।

साल 2021 का मामला अमरोहा देहात क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा था। यहां पर एक किसान का परिवार रहता है। उनकी इकलौती बेटी के साथ उसके मुरादाबाद जिले के छजलैट थाना क्षेत्र के गांव सहदौलपुर निवासी दूर के रिश्तेदार मुन्नू ने दुष्कर्म किया था। मुन्नू का किसान के घर में आना-जाना था, इसी दौरान उसने शादी का झांसा देकर किसान की बेटी के साथ कई बार दुष्कर्म किया। बाद में मुन्नू युवती को हरिद्वार के रावली महदूद क्षेत्र में नौकरी के बहाने अपने साथ ले गया था, यहां भी मुन्नू उसे अपने पास रखकर शारीरिक शोषण किया था। इस दौरान उसने युवती की अश्लील वीडियो भी बना ली थी। जब युवती गर्भवती हुई तो मुन्नू ने पहले उसका अल्ट्रासाउंड कराया और फिर जबरन दवाई खिलाकर गर्भपात करा दिया था। इसके बाद जब युवती ने शादी का दबाव बनाया तो वह अपने वादे से पीछे हट गया था। वीडियो वायरल करने तथा जान से मारने की धमकी दी थी। पीड़िता ने पहले थाना अमरोहा देहात में शिकायत की थी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। बाद में उसने डीआईजी के आदेश पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, जबरन गर्भपात समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी मुन्नू के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। गुरुवार को अंतिम सुनवाई के दौरान पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने मुन्नू को दोषी करार दिया। उसे दस साल जेल की सजा सुनाई तथा 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। कोर्ट से फैसले आने के बाद दोषी मुन्नू को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

## प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने चेताया, तालाबों के जीर्णोद्धार व वृक्षारोपण पर जोर

# आयुष्मान योजना में गड़बड़ी पर होगी कार्रवाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को राज्य मंत्री (वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन) एवं जनपद प्रभारी मंत्री के0पी0 मलिक की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षक विधायक हरिसिंह ढिल्लो व विधायक हसनपुर महेन्द्र सिंह खड़गवंशी भी मौजूद रहे।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने कहा कि तालाबों के जीर्णोद्धार के साथ उनके चारों ओर वृक्षारोपण अवश्य किया जाए। उन्होंने आयुष्मान योजना में संभावित दुरुपयोग पर सख्ती दिखाते हुए सीएमओ को निर्देश दिए कि अस्पतालों द्वारा किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो, इसके लिए ठोस कदम उठाए जाएं और शिकायतों पर कार्रवाई की रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत की जाए। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान किसानों को योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ देने, उर्वरक व कीटनाशकों के कम उपयोग के प्रति जागरूक करने तथा अफवाहों के निराकरण के लिए अधिकारियों को सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए। वहीं जल जीवन मिशन की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कार्यों में सुधार लाने को कहा। स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, मनरेगा, महिला कल्याण, पशुपालन, उद्यान, मत्स्य, सहकारिता व अन्य विभागों की योजनाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने लाभार्थियों तक योजनाओं का पारदर्शी और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम सचिवालय, लाइब्रेरी निर्माण और स्वच्छ भारत मिशन के तहत कार्यों की प्रगति भी जानी। बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने 10 बच्चों को कृत्रिम अंग सहायक योजना के अंतर्गत स्मार्टफोन वितरित किए। अंत में जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि मंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन किया जाएगा और अगली बैठक में और बेहतर परिणाम प्रस्तुत किए जाएंगे। बैठक में जनपद स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## निर्माण में खामियां देख भड़के प्रभारी मंत्री



**शाह टाइम्स संवाददाता नौगांवा सादात।** नव निर्मित तहसील नौगावां सादात के निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री के0पी0 मलिक का सख्त रुख देखने को मिला। निर्माण कार्यों में खामियां मिलने पर उन्होंने अधिकारियों और कार्यदायी संस्था को जमकर फटकार लगाई और एक सप्ताह के भीतर सभी कमियां दुरुस्त करने के निर्देश दिए। शुक्रवार को राज्य मंत्री (वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन) एवं जिला प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने तहसील परिसर पहुंचकर आवासीय व अनावासीय भवनों का निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्य भवन, हवालात, बैरक, गैराज, पंप रूम, बाउंड्रीवाल, सीसी सड़क, बोरिंग, ट्यूबवेल, विद्युत संयोजन और बाह्य विकास कार्यों का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार लकी सिंह, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# सुबह चार बजे से लगी सिलेंडर के लिए लाइन

## पुलिस के साये में बंटे सिलेंडर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा/बछरायूं।** रसोई की आग ठंडी पड़ने लगी है और लोगों को रोटी के लिए जंग लड़नी पड़ रही है। बछरायूं की इंडियन गैस एजेंसी पर शुक्रवार को हालात ऐसे बने जैसे कोई राहत सामग्री बांटी जा रही हो। चार दिन बाद जैसे ही गैस की सप्लाई पहुंची, उपभोक्ताओं का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह चार बजे से ही लोग लाइन में डटे रहे और देर शाम तक अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए।

गैस की किल्लत ने घर-घर की रसोई का बजट और व्यवस्था दोनों बिगाड़ दी है। महिलाएं सिलेंडर के इंतजार में परेशान हैं, तो कई घरों में चूल्हा तक ठंडा पड़ा है। सप्ताह में महज दो दिन सप्लाई आने और बाकी दिनों में पूरी तरह ठप रहने से हालात और बिगड़ गए हैं। मंडी धनौरा निवासी तरुण सैनी और हैवतपुर चौधरियान के हारुन मलिक ने बताया कि घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद भी सिलेंडर मिलना किसी जंग जीतने जैसा है। तेज धूप, धक्का-मुक्की और अव्यवस्था के बीच लोग किसी तरह अपनी बारी का इंतजार करते रहे। भीड़ बढ़ने और हंगामे की आशंका को देखते हुए पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा। बछरायूं थाने से एक उपनिरीक्षक और पांच कांस्टेबल तैनात किए गए। पुलिस की निगरानी में सिलेंडर बांटे गए, तब जाकर हालात काबू में रहे। क्षेत्र के शहर से लेकर गांव तक के अधिकांश उपभोक्ता इसी एजेंसी पर निर्भर हैं, जिससे समस्या विकराल रूप ले चुकी है। लगातार शिकायतों के बाद आपूर्ति विभाग भी हरकत में आया है। आपूर्ति निरीक्षक अमित श्रीवास्तव ने बताया कि अनियमित सप्लाई और अव्यवस्था को गंभीरता से लेते हुए एजेंसी को नोटिस जारी किया गया है और स्पष्टीकरण मांगा गया है। उधर, उपभोक्ताओं की मांग है कि गैस की सप्लाई नियमित की जाए, ताकि रोटी के लिए यह रोज की जंग खत्म हो सके। उधर एजेंसी प्रबंधन का पक्ष जानने का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

# हार्टअटैक से सहायक अध्यापक की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** ब्लॉक के डिडौली क्षेत्र निवासी सहायक अध्यापक पंकज वर्मा का हार्ट अटैक से आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, वहीं क्षेत्र और शिक्षा विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंकज वर्मा (लगभग 42 वर्ष), पुत्र रामकिशोर, को अचानक सीने में तेज दर्द की शिकायत हुई थी। परिजन उन्हें तत्काल उपचार के लिए दिल्ली के एक निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उनकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई। चिकित्सकों के प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका और हार्ट अटैक आने से उनका निधन हो गया। स्वर्गीय पंकज वर्मा जोया ब्लॉक के गांव गंदासपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत थे। वे अपने सरल स्वभाव, कर्तव्यनिष्ठा और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते थे। उनके निधन से विद्यालय परिवार और ग्रामीणों में गहरा शोक व्याप्त है। परिवार में उनकी माता मुन्नी देवी और पत्नी सिम्पी वर्मा सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। क्षेत्रीय लोगों, सहकर्मियों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संवेदनाएं प्रकट की हैं।

## एक नजर

### नामित सभासद कुसुमलता का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** प्रदेश सरकार द्वारा पूर्व प्रांतीय पार्षद एवं भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री वरिष्ठ नेत्री कुसुमलता गोयल को नगर पालिका परिषद धनौरा में नामित सभासद बनाए जाने पर अग्रवाल समाज में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों एवं महिलाओं ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।अग्रवाल सभा के अध्यक्ष पंकज सिंहल व उनकी पत्नी अर्चना सिंहल, सचिव कमल एडवोकेट, कोषाध्यक्ष विनय अग्रवाल व उनकी पत्नी श्रुति अग्रवाल सहित समाज के गणमान्य लोगों ने कुसुमलता गोयल को गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया।

### खादर क्षेत्र में तेंदुए का आतंक

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** खादर क्षेत्र के गांवों में इन दिनों तेंदुए का खौफ बना हुआ है। लगातार हो रही घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। हालात को देखते हुए वन विभाग ने फतेहउल्लापुर और आसपास के इलाकों में पिंजरा लगा दिया है, लेकिन उसमें अभी तक चारा न डाले जाने पर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई है। बताया जाता है कि सबसे पहले फतेहउल्लापुर गांव में एक किसान ने अपनी गाड़ी में बैठकर तेंदुए का वीडियो बनाया था, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद वन विभाग हरकत में आया। कुछ दिन बाद झुंडपुरा गांव निवासी गुरदीप सिंह गोपी के घर के आंगन से तेंदुआ उनके पालतू कुत्ते को उठा ले गया और खेत में मार दिया। वहीं दो दिन पहले नीलीखेड़ी गांव में भी एक मवेशी को तेंदुए ने अपना शिकार बना लिया। लगातार हो रही घटनाओं से क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है।

### पिता-पुत्र व पोती को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** थाना क्षेत्र के एक गांव में दंबगो ने घर में घुसकर एक पिता पुत्र व पोती को लाठी डंडो से पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के शहबाजपुर डोर निवासी जाहिद अपने पुत्र तमजीद व पोती नजराना के साथ 26 मार्च को घर पर था। आरोप है कि दोपहर के करीब एक बजे गांव निवासी दो भाईयों जिशान व इमरान और माहराज ने घर में घुसकर पिता पुत्र और पोती को लाठी डंडो से पीटकर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# धूमधाम से मना प्रभु श्रीराम का प्रकटोत्सव

## नगर में निकाली भव्य शोभायात्रा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** श्री रामायण संकीर्तन मंडल द्वारा प्रभु श्रीराम का प्रकोटत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। जिसमें शमिल झांकियों ने सभी का मन मोह लिया।

शुक्रवार को श्री बाबा गंगानाथ मन्दिर में में भजन कीर्तन के बाद प्रभु श्री राम की भव्य आरती के साथ प्रकटोत्सव मनाया गया। तत्पश्चात नगर में भव्य शोभा यात्रा का शुभारंभ अनेको मनोरम झांकियो, गाजे बाजो एवं प्रभु के डोले के साथ भव्य रूप से किया गया। श्री बाबा गंगानाथ से प्रारंभ होकर स्टेट बैंक, जट बाजार, मोहल्ला गस्तियां, मंडी चौब होती हुई बड़े बाजार में मंदिर श्री बाबा गंगा नाथ जी पर विश्राम लिया। शोभा यात्रा में कमेटी के पदाधिकारीयो द्वारा सुंदर-सुंदर भजनों की प्रस्तुति की गई जिसमें संदीप रस्तौगी ने - हरे रामा हरे रामा, रामा रामा हरे हरे, प्रतुल शर्मा ने - गोविंद जय जय गोपाल जय जय, उमेश पाठक ने - मेरा छोटा सा परिवार, अमित रस्तौगी ने - वीर हनुमाना अति बलवाना, प्रदीप भटनागर ने लहर लहर लहराए रे। शोभायात्रा का स्वागत नगर के मुख्य मार्ग में भक्तजनों द्वारा पुष्प वर्षा करके एवं प्रसाद वितरण करके किया गया। शोभायात्रा में चैनसुख गोले, अतुल पंडित, संदीप रस्तौगी, प्रतुल शर्मा, अमित रस्तौगी, अनिल महेश्वरी, कपिल शर्मा, विशाल गोयल, पंकज यादव, राजवीर यादव, आदित्य त्रिवेदी, नीरज सरन अग्रवाल, विकास टंडन, संतोष लश्करी आदि मौजूद रहे।

# दुर्घटना में बसपा नेता नूर अब्बास की मौत, दौड़ी शोक की लहर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** दुर्घटना में बसपा नेता नूर अब्बास राणा की मौत हो गयी। जिससे परिजनों व पार्टी कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गयी।

मृतक नूर अब्बास राणा बसपा के संस्थापक सदस्य थे। इसके अलावा वह नौगावां सादात ताजिया कमेटी के जनरल सेक्रेटरी के साथ-साथ अंजुमन-ए-आब्दिया के अध्यक्ष भी थे। परिवार में पत्नी महजबीन फातिमा, बड़ी बेटी कशी बतूल और सायमा और बेटा रेहान अब्बास और छोटा बेटा आजम हैं। परिजनों के मुताबिक नूर अब्बास राणा गुरुवार को बिजनौर जिले के जोगीरमपुरा स्थित दरगाह-ए-आलिया नजफ-ए-हिंद से वापस लौटे थे। रात में करीब साढ़े आठ बजे जब वह नौगावां-अमरोहा रोड स्थित अपने घर के पास गाड़ी से उतर रहे थे, तभी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद गंभीर घायल नूर अब्बास राणा को तुरंत पहले अमरोहा में जोया रोड स्थित एक निजी अस्पताल ले गए, जहां से डॉक्टरों ने उन्हें दिल्ली रेफर कर दिया। परिजन उन्हें इलाज के लिए नोएडा ले गए थे, जहां एक अस्पताल में उनकी मौत हो गई। सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों में उनकी सक्रिय भूमिका के चलते क्षेत्र में उनकी अच्छी पहचान थी। परिजनों ने पोस्टमार्टम नहीं कराया और पंचनामा भरवाकर शुक्रवार अपराह्न शव सुपुर्द-ए-खाक कर दिया।

# टीईटी अनिवार्यता मामले में होगी आरपार की लड़ाई

## चार अप्रैल को दिल्ली में महारैली की सफलता पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** टीईटी के अनिवार्यता समाप्त करने को लेकर टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 4 अप्रैल को दिल्ली में प्रस्तावित महारैली को सफल बनाने के लिए प्राथमिक शिक्षक संघ ने आर पार की लड़ाई का निर्णय लिया है। ब्लॉक अध्यक्ष गंगेश्वरी रामवीर सिंह के टीचर्स कालोनी स्थित निवास पर शिक्षक पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित कर रणनीति बनाई गई। ब्लॉक अध्यक्ष गंगेश्वरी रामवीर सिंह ने कहा कि शिक्षक भारी संख्या में बसों द्वारा प्रस्तावित रैली में प्रतिभाग करने हेतु अभी से अपनी तैयारी में जुट गये है। श्री सिंह ने कहा कि प्रांतीय दिशा निर्देशों के क्रम में 4 अप्रैल 2026 को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के सानिध्य में शिक्षकों की एक महारैली का आयोजन किया जायेगा। बैठक में प्रत्येक ब्लॉक से कम से कम दो दो बसों के ले जाने पर सहमति जताई गई। रैली में शिक्षकों की भागीदारी अनिवार्य रूप से निर्धारित की गई है। रैली को सफल बनाने के लिए वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर थोपें गये टेट की अनिवार्यता को समाप्त करने के लिए शिक्षक लाखों की तादाद में प्रदर्शन में शामिल होंगे। बताया कि देश भर से लाखों की संख्या में शिक्षक नई दिल्ली में आंदोलन करेंगे। उन्होंने बताया कि दिल्ली धरने के दौरान पुलिस द्वारा बसों को किसी भी स्थान पर रोका जाता है तो रोके गये स्तल पर शिक्षक तत्काल धरना एवं प्रदर्शन शुरू कर देंगे और आंदोलन की गति वहीं से जारी रखी जायेगी। टेट की अनिवार्यता को समाप्त करने के लिए शिक्षक अबकी बार आर पार की लड़ाई के लिए तत्पर तैयार है। इस अवसर पर ब्लॉक संयुक्त मंत्री महताबुद्दीन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार शर्मा, गौतम सिंह,विनोद कुमार गौतम, कर्णवीर सिंह, योगराज सिंह, धर्मेंद्र शर्मा,संजीव कुमार, राजाराम, कुलदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

# डीजे पर डांस करने को लेकर हुआ खूनी संघर्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव गागटकोला में एक शादी समारोह के दौरान शुरू हुआ मामूली विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। दबंगों ने घर में घुसकर एक बुजुर्ग पर जानलेवा हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया।

गुरुवार की रात गांव में एक बारात आई थी। डीजे पर डांस करने के दौरान अंकुर और सोन्टी नाम के दो युवकों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। उस समय मौके पर मौजूद ग्रामीणों और रिश्तेदारों ने हस्तक्षेप कर मामले को शांत करा दिया था। लेकिन यह विवाद यहीं खत्म नहीं हुआ। शुक्रवार को दबंग पक्ष के लोग रंजिश रखते हुए अंकुर के घर में घुस आये। आरोप है कि हमलावरों ने घर में मौजूद अंकुर के पिता, उमराव, पर लाठी-डंडों और लोहे के सरियों से हमला कर दिया। इस बर्बर पिटाई में बुजुर्ग उमराव लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। परिजनों के शोर मचाने पर हमलावर मौके से फरार हो गए। परिजनों ने आनन-फानन में घायल बुजुर्ग को कोतवाली पहुंचाया। जहां से पुलिस ने उन्हें उपचार और मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है। इस संबंध में कोतवाल राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि पीड़ित पक्ष की ओर से तहरीर प्राप्त हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

# मां सिद्धिदात्रि की पूजा कर कन्याओं को जिमाया

## आस्था के साथ हुआ नवमी पूजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन भक्तों ने मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना कर कन्याओं को जिमाया। इस दौरान देवी मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। महिलाओं ने घरों में देवी माता के भजन भी गाए।

शुक्रवार को नवरात्रि का अंतिम दिन था। सुबह घरों में भक्तों ने मां भगवती के नवे स्वरूप मांसिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की और सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। मां सिद्धिदात्री की पूजा करने के लिए सुबह से ही श्रद्धालु नगर के मायापुरी स्थित प्राचीन चामुण्डा मंदिर समेत अन्य देवी मंदिरों मं पहुंचने प्रारंभ हो गए थे।। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ मां भगवती के नवें स्वरूप की पूजा अर्चना करके मनोकामनाएं मांगी। मंदिर पर पूजा अर्चना और भोग लगाने के बाद श्रद्धालुओं ने अपने घरों में कन्याओं और बरूओं को जिमायां। उन्हें हलुवा, पूरी आदि खिलाकर नकद धनराशि व उपहार प्रदान किए। महिलाओं ने मंदिरों और घरों में देवी माता के भजन भी गाए। मां सिद्धिदात्री की पूजा के बाद चौत्रीय नवरात्रि समाप्त हो गए हैं।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# वार्ता और बमबारी!

ईरान का इस्राईल-अमेरिका के साथ युद्ध छिड़े 28 दिन गुजर चुके हैं, लेकिन जंग है कि रुकने का नाम नहीं ले रही है। हालांकि पिछले कुछ दिनों से ऐसी खबरें भी आ रही हैं, जिसमें बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच वार्ता चल रही है, लेकिन इस तरह की खबरें अमेरिका की तरफ से ज्यादा आ रही हैं। ईरान से इस संबंध में बेहद ठंडी प्रतिक्रिया देखी जा रही है। शुक्रवार की ही बात करें, तो अमेरिका की तरफ से दस दिन तक ईरान के पेट्रोलियम ठिकानों पर किसी तरह की कार्रवाई न करने की बात कही गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि यह फैसला इसलिए लिया गया है ताकि जो बातचीत चल रही है, उसको पूरा मौका मिले, लेकिन जिस तरह इस्राईल ने ईरान के स्टील के दो बड़े प्लांट जो इस्फाहान और खुजेस्तान में स्थित हैं, उन पर बड़ा हमला किया, तो वहीं ईरान ने भी बदले की कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन टू प्रोमिस 4 के तहत 83वां चरण युद्ध का शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि इस बार ईरान ने इस्राईल को बड़ी चोट पहुंचाई है। उसने इस्राईल के साथ-साथ खाड़ी देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। ईरान ने बेलेस्टिक मिसाइल और सुसाइडल ड्रोन्स के जरिये इस्राईल के अश्दोद में तेल डिपो को निशाना बनाया। वहां आग लगने की बात कही जा रही है। कुवैत, बहरीन, अलधाफरा में भी ईरानी ड्रोन्स ने अमेरिका के सैन्य बेस को निशाना बनाया है। ईरान की तरफ से कुछ चेताया भी जा रहा है और कहा जा रहा है कि खाड़ी देशों ने ज्यादातर अमेरिका के सैन्य बेस तबाह हो चुके हैं और उसके सैनिक वहां के होटलों में शरण ले रहे हैं। ईरान तो यहां तक कह रहा है कि होटल स्वामी भगौड़े सैनिकों को शरण न दें। वह लोगों से भी अपील करता दिखाई दे रहा है कि अगर उन्हें ऐसे भगौड़े सैनिकों के छिपने की जानकारी हो तो उन्हें दें। जाहिर है इस तरह का रवैया बेहद आक्रामक तो है ही, साथ ही यह भी बताता है कि ईरान इस युद्ध में अमेरिका-इस्राईल के साथ किसी भी सीमा तक जाने का इरादा रखता है और उसके हौसलें बुलंद हैं। जाहिर है वार्ता और हमले एकसाथ नहीं चल सकते। इससे तो यही पता चलता है कि दोनों ही पक्ष केवल वार्ता करने का दिखावा कर रहे हैं, लेकिन वास्तव में वह जंग को रोकने के पक्ष में नहीं हैं। कोई भी समझ सकता है कि किसी भी समस्या का हल वार्ता से तभी निकल सकता है, जब पहले से ही दोनों ही पक्षों की ओर से कुछ ऐसे सकारात्मक कदम उठाए जाएं, जिससे जो अविश्वास की खाई जोकि बहुत बड़ी है, उसको पाटा जा सके। जब दोनों पक्षों को एक-दूसरे पर भरोसा ही नहीं होगा, तो नतीजे क्या खाक आएंगे। इतना ही नहीं अमेरिका की वार्ता की बात भी कर रहा है। साथ ही वह ईरान को धमकाने से भी बाज नहीं आ रहा है। यूं भी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प अपने अटपटे व्यवहार के लिए जाने जाते हैं। वह अभी भी युद्ध रोकने को गंभीर दिखाई नहीं दे रहे हैं।

## उत्पाद शुल्क कटौती, वसूली का खेल



ईधन में उत्पाद शुल्क कटौती जनता से वसूली का खेल है, सरकार पहले जनता से भारी वसूलती है और बाद में मामूली राहत देकर उसे उपकार के रूप में पेश करती है, वर्ष 2014 में पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क 9.48 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 3.56 रुपये प्रति लीटर थी, जो अब बढ़कर क्रमश: लगभग 32.98 रुपये और 31.83 रुपये प्रति लीटर हो गई है,सरकार ने इन करों के जरिए लाखों करोड़ रुपये वसूले हैं, अब सरकार खुद को राहत देने वाली बताकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रही है, जबकि आम लोगों की परेशानी कम नहीं हुई है, लगता है जो फाइल है, उसका कुछ असर अब दिमाग पर भी दिखने लगा है।

**-प्रमोद तिवारी, नेता विपक्ष, राज्यसभा**

# नई खोजों ने जैव विविधता की हमारी समझ को नई दिशा दी

प्रशांत महासागर की अथाह गहराइयों में हाल ही में हुई एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक खोज ने समुद्री जैव-विविधता की हमारी समझ को नई दिशा दी है। वैज्ञानिकों ने गहरे समुद्र में रहने वाले छोटे लेकिन अत्यंत महत्वपूर्ण जीवों एम्फिपोड्स की 24 नई प्रजातियों की पहचान की है, जिनमें एक पूरी तरह नई सुपरफैमिली का भी पता चला है। यह खोज केवल नई प्रजातियों की सूची में वृद्धि भर नहीं है, बल्कि यह इस बात का प्रमाण है कि पृथ्वी के महासागरों में जीवन की विविधता अभी भी काफी हद तक अनजानी है और वैज्ञानिकों के सामने अनगिनत रहस्य अब भी छिपे हुए हैं।

एम्फिपोड्स छोटे, झींगे जैसे क्रस्टेशियन जीव होते हैं, जो समुद्र के विभिन्न स्तरों पर पाए जाते हैं, लेकिन गहरे समुद्र में उनकी विशेष भूमिका होती है। ये जीव समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र में सफाईकर्मी के रूप में कार्य करते हैं, क्योंकि वे मृत जीवों और जैविक अवशेषों को खाकर पोषक तत्वों के चक्र को बनाए रखते हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार, एम्फिपोड्स की विविधता बहुत अधिक है और वे समुद्री तल के सबसे महत्वपूर्ण जीवों में से एक माने जाते हैं, फिर भी उनकी अधिकांश प्रजातियां अभी तक वैज्ञानिक रूप से दर्ज नहीं की गई हैं।

यह नई खोज प्रशांत महासागर के क्लैरियन-क्लिपरटन जोन नामक क्षेत्र में की गई, जो लगभग 60 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। यह क्षेत्र समुद्र की गहराइयों में स्थित है और खनिज संसाधनों, विशेष रूप से पॉलिमेटालिक नोड्यूल्स, के लिए प्रसिद्ध है। इन नोड्यूल्स में कोबाल्ट, निकल और मैंगनीज जैसे धातु पाए जाते हैं, जिनका उपयोग आधुनिक तकनीकों जैसे इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरियों में किया जाता है। यही कारण है कि यह क्षेत्र वैज्ञानिकों के साथ-साथ औद्योगिक गतिविधियों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

इस अध्ययन में वैज्ञानिकों ने 10 अलग-अलग एम्फिपोड परिवारों से संबंधित 24 नई प्रजातियों की पहचान की। यह अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि गहरे समुद्र में नई प्रजातियों की खोज करना अत्यंत कठिन और समय लेने वाला कार्य होता है। लेकिन इस खोज की सबसे खास बात यह है कि इसमें एक नई सुपरफैमिली की पहचान भी हुई है, जिसे मिराबेस्टियोइडिया नाम दिया गया है। टैक्सोनॉमी यानी वर्गीकरण विज्ञान में एक नई सुपरफैमिली की खोज अत्यंत दुर्लभ होती है, क्योंकि यह जीवों के विकासक्रम में एक पूरी तरह नई शाखा का प्रतिनिधित्व करती है। नई सुपरफैमिली के अंतर्गत एक नया परिवार और दो नए जीनस भी शामिल किए गए हैं। यह दर्शाता है कि इन जीवों का विकास अन्य ज्ञात एम्फिपोड समूहों से काफी अलग तरीके से हुआ है। वैज्ञानिकों के अनुसार, इस तरह की खोज यह संकेत देती है कि गहरे समुद्र में जीवन का विकास बहुत जटिल और विविध रहा है और हम अभी तक उसका केवल एक छोटा हिस्सा ही समझ पाए हैं।



गहरे समुद्र के पर्यावरण की बात करें तो यह पृथ्वी के सबसे कठिन और चरम वातावरणों में से एक है। यहां सूर्य का प्रकाश नहीं पहुंचता, तापमान अत्यंत कम होता है और दबाव बहुत अधिक होता है। इन परिस्थितियों में जीवों का जीवित रहना अपने आप में एक अद्भुत उदाहरण है। एम्फिपोड्स ने इन कठिन परिस्थितियों के अनुकूल खुद को ढाल लिया है। कुछ प्रजातियां मृत जीवों को खाकर जीवित रहती हैं, जबकि कुछ शिकारी भी होती हैं।

इस खोज में आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वैज्ञानिकों ने न केवल पारंपरिक रूपात्मक अध्ययन (मॉर्फोलॉजी) का उपयोग किया, बल्कि डीएनए बारकोडिंग जैसी उन्नत तकनीकों का भी सहारा लिया। इससे उन्हें प्रजातियों के बीच सूक्ष्म अंतर समझने और उनके विकास संबंधों को स्पष्ट करने में मदद मिली। आज के समय में डीएनए विश्लेषण समुद्री जीवों के अध्ययन में एक क्रांतिकारी उपकरण बन चुका है, जिससे नई प्रजातियों की पहचान अधिक सटीक और तेजी से संभव हो पाई है।

यह खोज एक बड़े वैश्विक प्रयास का हिस्सा भी है, जिसका उद्देश्य गहरे समुद्र की जैव-विविधता को समझना और दस्तावेज करना है। वैज्ञानिकों का मानना है कि क्लैरियन-क्लिपरटन जोन में मौजूद 90 प्रतिशत से अधिक प्रजातियां अभी तक अनजान हैं। इसका मतलब यह है कि समुद्र की गहराइयों में जीवन की अपार विविधता छिपी हुई है, जिसे समझने के लिए अभी बहुत काम किया जाना बाकी है।

इस खोज का एक महत्वपूर्ण पहलू संरक्षण से भी जुड़ा हुआ है। क्योंकि यह क्षेत्र खनन गति. विधियों के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है, इसलिए यहां की जैव-विविधता को समझना और संरक्षित करना अत्यंत आवश्यक हो जाता है। यदि खनन कार्य बिना पर्याप्त वैज्ञानिक जानकारी के शुरू कर दिए जाते हैं, तो कई ऐसी प्रजातियां नष्ट हो सकती हैं, जिनके बारे में हमें अभी तक पता भी नहीं है।

वैज्ञानिकों ने इस संदर्भ में चेतावनी दी है कि गहरे समुद्र के पारिस्थितिकी तंत्र बहुत संवे. दनशील होते हैं और इनमें होने वाले परिवर्तन का प्रभाव लंबे समय तक बना रह सकता है। इसलिए यह आवश्यक है कि किसी भी औद्योगिक गति. विधि से पहले व्यापक वैज्ञानिक अध्ययन किया जाए और पर्यावरणीय प्रभावों का आकलन किया जाए। इस खोज से यह भी स्पष्ट होता है कि समुद्री जीवन के अध्ययन में अभी बहुत संभावनाएं हैं। हर नई खोज न केवल हमारी जानकारी को बढ़ाती है, बल्कि हमें यह भी सिखाती है कि पृथ्वी पर जीवन कितनी विविधता और जटिलता से भरा हुआ है। एम्फिपोड्स जैसे छोटे जीव भी पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनके बिना समुद्री जीवन की संतुलन व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। गहरे समुद्र की खोज एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, जिसमें अत्याधु. निक तकनीक, विशेष उपकरण और विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। लेकिन इसके बावजूद, वैज्ञानिक लगातार नई खोजें कर रहे हैं, जो यह दर्शाती हैं कि मानव जिज्ञासा और वैज्ञानिक प्रयासों की कोई सीमा नहीं है।

अंतत:, 24 नई एम्फिपोड प्रजातियों और एक नई सुपरफैमिली की पहचान न केवल एक वैज्ञानिक उपलब्धि है, बल्कि यह एक चेतावनी भी है कि हमें अपने महासागरों को समझने और संरक्षित करने के लिए और अधिक प्रयास करने होंगे। यह खोज हमें यह याद दिलाती है कि पृथ्वी का अधिकांश भाग अभी भी अनदेखा और अनजाना है, और उसमें छिपे रहस्यों को उजागर करना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इस प्रकार, यह अध्ययन समुद्री विज्ञान के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होता है और भविष्य के अनुसंधानों के लिए एक नई दिशा प्रदान करता है। यह हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि यदि केवल एक क्षेत्र में इतनी नई प्रजातियां मिल सकती हैं, तो पूरे महासागर में कितनी अज्ञात प्रजातियां अभी भी खोजे जाने की प्रतीक्षा कर रही होंगी।

**-एम. इमरान**

# राष्ट्रवाद की चाशमी में लिपटी धुरंधर 2 पर उठते सवाल

**फिल्म के शुरू में ही यह बता दिया जाता है कि इस फिल्म के सभी पात्र काल्पनिक हैं लेकिन काल्पनिक पात्र दरअसल काल्पनिक नहीं हैं। सवाल उठ रहे हैं कि आदित्य धर को मोदी सरकार का गुणगान करने के लिए यह फिल्म बनाने की जरूरत क्यों पड़ी? रामगोपाल वर्मा ने कहा है कि अब सिनेमा कहानी नहीं, एजेंडा बेच रहा है। आरोप यह भी लग रहा है कि इस फिल्म में कई बातें ऐसी हैं जो इस सरकार की गलतियों पर परदा डालने के लिए कही गई हैं।**



**रोहित कौशिक**

इस दौर में राष्ट्रवाद की चाशनी में लपेटकर बनाई जा रही फिल्में क्या वास्तव में जनता के अंदर राष्ट्रवाद पैदा करना चाहती हैं या फिर ऐसी फिल्में किसी राजनीतिक एजेंडे के तहत बनाई जाती हैं? क्या इन दिनों राष्ट्रवाद भुनाने के लिए फिल्में बनाई जा रही हैं? क्या इन दिनों राष्ट्रवाद को एक फार्मूला बना दिया गया है? क्या इन दिनों फिल्मों के माध्यम से राष्ट्रवाद को बेचा जा रहा है? क्या ऐसी फिल्मों के माध्यम से सच्चे अर्थों में जनता के अंदर राष्ट्रवाद पैदा हो सकता है? सवाल कई हैं लेकिन ऐसी जनता जिनकी आंखों पर पर्दा पड़ा है, वह न ही तो इन सवालों के उत्तर जानता चाहती है और न ही वह ऐसी फिल्मों के पीछे लगे दिमाग को पढ़ पाती है। इन दिनों फिल्म 'धुरंधर द रिवेंज' चर्चा में है। फिल्म धुरंधर-2 विवादों में आ गई है। अनेक लोग इस फिल्म को देश की एक बड़ी हकीकत मान रहे हैं तो कई लोग इसे प्रोपेगेंडा फिल्म मान रहे हैं। यह फिल्म निर्देशक आदित्य धर की चर्चित एक्शन फिल्म धुरंधर का दूसरा भाग है। इस फिल्म की कहानी कराची के लियारी इलाके की पृष्ठभूमि पर केन्द्रित है। फिल्म में अंडरवर्ल्ड और खूफिया क्रियाकलापों के संसार को दिखाया गया है। इस फिल्म में कई घटनाओं के संदर्भ भी हैं जैसे कंधार हाईजैक, भारतीय संसद पर हमला और 2008 का मुबंई हमला। इस फिल्म में मुख्य भूमिका रणवीर सिंह ने निभाई है। इसके साथ ही अर्जुन रामपाल, आर माधवन, संजय दत्त, राकेश बेदी जैसे कलाकारों ने भी फिल्म में काम किया है। तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव से पहले इस फिल्म पर रोक लगाने की मांग को लेकर मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर करने की तैयारी की जा रही है। याचिकाकर्ता का कहना है कि चुनाव से ठीक पहले इस तरह की फिल्म का प्रदर्शन आचार सं. हता के उल्लंघन की आशंका पैदा करता है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म धुरंधर-2 सिनेमाघरों में 19 मार्च को रिलीज हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करने वाली यह फिल्म अब विवादों में आ गई है।

अब इस फिल्म पर गुरबानी का अपमान करने और सिख भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप भी लग रहा है। आरोप है कि फिल्म के एक दृश्य में गुरबानी के एक पवित्र श्लोक का अनुचित प्रयोग किया गया है। साथ ही एक दृश्य में रणवीर सिंह को बढ़ी हुई दाढ़ी, हाथ में कड़ा और पगड़ी पहने हुए दिखाया गया है। आरोप है कि इस .श्य और लुक से सिखों और गुरु गोविंद सिंह का अपमान हुआ है। इस मुद्दे पर 'सिख इन महाराष्ट' संगठन के अध्यक्ष सरकार गुरज्योत सिंह ने फिल्म निर्माताओं से माफी मांगने की मांग की है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस फिल्म के जरिए दूसरों दलों को बदनाम करने का आरोप लगाया है। इस फिल्म में अतीक अहमद की तरह दिखते एक चरित्र के पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई और आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के साथ संबंधों को दिखाया गया है। अब इस मुद्दे पर अतीक अहमद को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। निश्चित रूप से अतीक अहमद कोई संत नहीं था। वह अपराधी था, लेकिन उस अपराधी को पाकिस्तान से जोड़ना संदेह पैदा करता है। सवाल यह है कि यदि अतीक अहमद के काफी सालों से पाकिस्तान से संबंध थे और वह वहां से हथियार ले रहा था तो सरकारें क्या कर रही थीं?

भाजपा की सरकारों ने अब तक इस संबंध में कार्रवाई क्यों नहीं की? सवाल यह है कि क्या इस फिल्म में कई जगह अतिवाद का सहारा क्यों लिया गया है? एक तरफ कई लोग धुरंधर-2 में फिल्म की कास्टिंग, बैकग्राउंड म्यूजिक, डारेक्शन और रणवीर सिंह के अभिनय की की प्रशंसा कर रहे हैं तो दूसरी तरफ कई लोग इस फिल्म को भाजपा सरकार की प्रशंसा का प्रोपेगेंडा बता रहे हैं। हालांकि इस फिल्म में सीधे तौर पर किसी राजनेता या अन्य व्यक्तित्व के बारे में कुछ नहीं दिखाया गया है लेकिन चरित्र छिपाए हुए ही बहुत कुछ कह देते हैं। यानी छिपाते हुए वास्तविक चरित्र पर पहुंचा गया है। दर्शक यह चालाकी समझ भी लेते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# कोशिकाओं का रहस्मयी उपांग जो हमेशा अन्देखा रहा!

कोशिकाओं के एक ऐसे रहस्यमय और लंबे समय तक अनदेखे रहे उपांग को अब वैज्ञानिकों ने एक नए काम में लगा दिया है, जिसके बारे में पहले बहुत कम जानकारी थी। सामान्य तौर पर जब हम कोशिकाओं की संरचना के बारे में पढ़ते हैं तो हमें बताया जाता है कि उनमें एक कोशिका झिल्ली होती है, पादप कोशिकाओं में कोशिका भित्ति भी होती है, एक केंद्रक मौजूद रहता है, ऊर्जा उत्पादन के लिए माइटोकॉण्ड्रिया होते हैं और पदार्थों के भंडारण के लिए रिक्तिकाएं होती हैं। लेकिन इसके अलावा भी कोशिक. ाओं में हजारों की संख्या में एक ऐसा घटक मौजूद होता है, जिसके बारे में लंबे समय तक वैज्ञानिकों के पास सीमित जानकारी ही थी।

इन रहस्यमई संरचनाओं को वॉल्ट कहा जाता है। इनकी खोज 1986 में कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, लॉस एंजेल्स के वैज्ञानिक लियोनार्ड रोम और नैन्सी केडेर्शा ने की थी। तब से लेकर अब तक वैज्ञानिक इनकी संरचना और कार्य को समझने की कोशिश में लगे हुए हैं। हालांकि अभी भी इनके कई पहलू रहस्य बने हुए हैं, लेकिन हाल के शोध में इनके एक महत्वपूर्ण उपयोग को सामने लाया गया है, जो जैविक अनुसंधान के क्षेत्र में काफी उपयोगी साबित हो सकता है। वॉल्ट वास्तव में खोखले और बैरल जैसे आकार के राइबोन्यूक्लियोप्रोटीन कण होते हैं, जो मनुष्यों सहित लगभग सभी यूकेरियोटिक यानी केंद्रक-युक्त कोशिकाओं के कोशिका द्रव्य में पाए जाते हैं। इनका आकार लगभग 70 नैनोमीटर होता है, जिससे यह कोशिका के सबसे बड़े कणों में गिने जाते हैं। इनकी बाहरी संरचना मुख्यत: मेजर वॉल्ट प्रोटीन यानी MVP से बनी होती है, जबकि इनके अंदर छोटे वॉल्ट आरएनए और तीन प्रकार के प्रोटीन पाए जाते हैं। एक सामान्य मानव कोशिका में इनकी संख्या लगभग 10,000 से लेकर 1,00,000 तक हो सकती है, खासकर प्रतिरक्षा प्रणाली की कोशिकाओं जैसे मैक्रोफेज में इनकी अधिकता देखी जाती है। यह कण मुख्य रूप से कोशिका द्रव्य में उपस्थित रहते हैं और कोशिका कंकाल से जुड़े रहते हैं, लेकिन कभी-कभी नाभिकीय छिद्रों के पास भी पाए जा सकते हैं। वैज्ञानिक जब यह समझना चाहते हैं कि किसी कोशिका के भीतर किस प्रकार की जैव-रासायनिक गतिविधियां हो रही हैं, तो वे सामान्यत: दो तरीकों का उपयोग करते हैं। पहला तरीका है प्रोटियोम का अध्ययन, जिसमें किसी विशेष समय पर कोशिका में मौजूद सभी प्रोटीन्स का विश्लेषण किया जाता है, क्योंकि प्रोटीन ही कोशिका की गतिविधियों के प्रमुख परिणाम होते हैं, इसलिए इनके अध्ययन से यह समझा जा सकता है कि उस समय कोशिका में कौन-कौन सी प्रक्रियाएं सक्रिय थीं। दूसरा तरीका है ट्रांसक्रिप्टोम का अध्ययन, जिसमें को. शिका में मौजूद सभी आरएनए अणुओं का विश्लेषण किया जाता है। आरएनए वह अणु होता है, जो डीएनए में निहित सूचनाओं के आधार पर प्रोटीन के निर्माण का निर्देश देता है। डीएनए के भीतर मौजूद जीन यह तय करते हैं कि कौन-कौन से प्रोटीन बनाए जा सकते हैं। आवश्यकता पड़ने पर इन जीनों की प्रतिलिपि आरएनए के रूप में तैयार होती है, जिसे मैसेंजर आरएनए या m



RNA कहा जाता है। यही mRNA कोशिका द्रव्य में जाकर प्रोटीन निर्माण की प्रक्रिया को संचालित करता है। इस प्रकार यदि किसी कोशिका में उपस्थित सभी आरएनए का अध्ययन किया जाए, तो यह पता लगाया जा सकता है कि कौन-कौन से प्रोटीन बन रहे हैं या हाल ही में बने हैं। इस पूरी प्रक्रिया को ट्रांसक्रिप्टोम विश्लेषण कहा जाता है। हालांकि इस पद्धति की एक बड़ी सीमा यह है कि आरएनए अणु बहुत अस्थिर होते हैं। वे अपना कार्य पूरा करने के कुछ ही मिनटों के भीतर नष्ट हो जाते हैं। इसका मतलब यह हुआ कि ट्रांसक्रिप्टोम विश्लेषण केवल बहुत हाल की गति. विधियों की ही जानकारी दे सकता है, उससे पहले की नहीं। यही वह जगह है जहां वॉल्ट्स ने वैज्ञानिकों को एक नया समाधान प्रदान किया। ब्रॉड इंस्टीटूट के जैव-चिकित्सा इंजीनियर फाइ चेन ने यह जानने की कोशिश की कि किसी कोशिका में पिछले कुछ दिनों के दौरान कौन-कौन से जीन सक्रिय रहे हैं। उनका विचार यह था कि यदि mRNA अणुओं को किसी तरह सुरक्षित रखा जा सके, तो बाद में उनका विश्लेषण करके यह जाना जा सकता है कि वे किन जीनों से बने थे और किन जीनों की गतिविधि पहले हुई थी। शुरुआत में उन्होंने पोली A बाइंडिंग प्रोटीन यानी PABP का सहारा लेने की सोची। यह प्रोटीन स्वाभाविक रूप से mRNA के एक सिरे से जुड़ता है और उसकी रक्षा करता है। योजना यह थी कि इस प्रोटीन को किसी स्थाई संरचना के साथ जोड़ दिया जाए, ताकि जब यह mRNA से जुड़े, तो उसे लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सके। इस उद्देश्य से उन्होंने चाठच को एक बैक्टीरिया के प्रोटीन के साथ जोड़ने का प्रयास किया, लेकिन यह प्रयोग सफल नहीं हो पाया। इसके बाद वैज्ञानिकों ने वॉल्ट्स का सहारा लेने का विचार किया, क्योंकि यह संरचनाएं अंदर से खोखली होती हैं और अणुओं को अपने भीतर समाहित कर सकती हैं। m-RNA को वॉल्ट के अंदर पहुंचाने के लिए उन्होंने एक विशेष रणनीति अपनाई, जिसमें चाठच के जीन को वॉल्ट के अंदर मौजूद प्रोटीन से जुड़ने वाले जीन के साथ मिला दिया गया। वॉल्ट की संरचना तीन परतों से बनी होती है। इसकी सबसे बाहरी परत मेजर वॉल्ट प्रोटीन की होती है, जबकि अंदर की ओर छोटे प्रोटीन की परतें होती हैं। इसका बाहरी आवरण स्थिर नहीं होता, बल्कि समय-समय पर इसमें छोटे छिद्र बनते रहते हैं, जिनके माध्यम से छोटे अणु अंदर प्रवेश कर सकते हैं। वॉल्ट के अंदर प्रवेश करने के लिए किसी भी अणु को एक विशेष प्रोटीन, जिसे वॉल्ट पॉली (एडीपी राइबोस) पॉलीमरेज या VPARP कहा जाता है, से जुड़ना होता है। यह एक तरह का संकेत तंत्र होता है। जब कोई अणु इससे जुड़ता है, तो उसे वॉल्ट के भीतर जाने की अनुमति मिल जाती है। इसी तंत्र का उपयोग करते हुए वैज्ञानिकों ने m-RNA को वॉल्ट के अंदर पहुंचाया। उन्होंने कोशिका में संशोधित PABP जीन को प्रविष्ट कराया और साथ ही MVP जीन की अतिरिक्त प्रतियां भी डालीं। इसके परिणामस्वरूप संशोधित PABP ने m-RNA को पकड़कर उसे वॉल्ट के अंदर पहुंचा दिया। बाद में वैज्ञानिकों ने इन वॉल्ट्स को रासायनिक रूप से खोलकर उनके अंदर मौजूद m-RNA का विश्लेषण किया और उसके न्यूक्लियोटाइड अनुक्रम को पढ़ा। इससे यह पता चल गया कि यह m-RNA किन जीनों से उत्पन्न हुए थे। इस तकनीक की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें m-RNA को वॉल्ट के भीतर कैद कर लिया जाता है, जहां वह लगभग सात दिनों तक सुरक्षित रह सकता है। इस प्रकार वैज्ञानिक अब कोशिका की पिछली गतिविधियों का भी अध्ययन कर सकते हैं, जो पहले संभव नहीं था। इस विधि को परखने के लिए कोशिकाओं को गर्मी और कम ऑक्सीजन जैसी परिस्थितियों में रखा गया और उनकी आनुवंशिक प्रतिक्रियाओं का अध्ययन किया गया।

**-स्रोत फीचर्स**

# अमेरिका और नाटो में बढ़ रही कलह

## ट्रम्प की धमकी के चलते जी-7 की बैठक में अमेरिकी विदेश मंत्री रूबियो की होगी अग्निपरीक्षा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो फ्रांस में आयोजित हो रहे जी-7 सम्मेलन में शिरकत करने के लिए अमेरिका से रवाना हो गए हैं। मार्को रूबियो को इस जी-7 सम्मेलन में ईरान युद्ध के लिए जी7 देशों का समर्थन जुटाने की मुश्किल चुनौती है, खासकर तब जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प नाटो पर तीखा हमला कर रहे हैं।



■ पश्चिमी देशों में ईरान के खिलाफ युद्ध को लेकर शंका की स्थिति बनी हुई है और अधिकतर देश इस पर आपत्ति जता चुके हैं

वहीं पश्चिमी देशों में ईरान के खिलाफ युद्ध को लेकर शंका की स्थिति बनी हुई है और अधिकतर देश इस पर आपत्ति जता चुके हैं। नाटो के सदस्य देश ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी और इटली, जी-7 का भी हिस्सा हैं, जबकि जापान इस सैन्य गठबंधन में शामिल नहीं है। रूबियो जब फ्रांस के लिए के लिए वाशिंगटन से रवाना हुए, ठीक उससे कुछ घंटे पहले ही ट्रम्प ने ईरान युद्ध में अमेरिका और इजरायल का साथ न देने के लिए नाटो देशों की आलोचना की। ट्रम्प ने कहा, श्हम नाटो से बहुत निराश हैं, क्योंकि नाटो ने बिल्कुल कुछ नहीं किया। ट्रम्प ने ये भी कहा कि हम नाटो की रक्षा के लिए हैं, लेकिन वे हमारी रक्षा के लिए नहीं हैं। ऐसे में रूबियो का फ्रांस दौरा, यूरोपीय सहयोगियों के साथ रिश्तों को संतुलित करने की दिशा में भी अहम होगा। नाटो और अमेरिका के बीच बीते कुछ समय से तनाव बना हुआ है। दरअसल ग्रीनलैंड को लेकर ट्रम्प के रुख और रूस-यूक्रेन युद्ध में अमेरिका को लेकर भी यूरोप परेशान है। अब पश्चिम एशिया का मौजूदा संघर्ष इस तनाव को और बढ़ा रहा है। फ्रांस रवाना होने से पहले रूबियो ने कहा कि वह जी-7 देशों के विदेश मंत्रियों के साथ अच्छी बैठकों की उम्मीद कर रहे हैं। बाद में उन्होंने एक्स पर लिखा कि वह वैश्विक सुरक्षा चिंताओं, पश्चिम एशिया की स्थिति और रूस-यूक्रेन युद्ध पर चर्चा करेंगे। इससे पहले नाटो महासचिव मार्क रुते ने कहा कि नाटो के सदस्य रक्षा खर्च बढ़ा रहे हैं और अब अमेरिका की सैन्य शक्ति पर अत्यधिक निर्भरता कम करने की दिशा में बदलाव आ रहा है। उन्होंने यह भी दोहराया कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने दिए जा सकते। जी-7 बैठक की मेजबानी कर रहा फ्रांस, ईरान युद्ध को लेकर चिंतित है। फ्रांसीसी रक्षा प्रमुख जनरल फैबियन मैंडों ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने सैन्य कार्रवाई शुरू करने से पहले सहयोगियों को जानकारी नहीं दी, जिससे उनकी सुरक्षा और हित प्रभावित हुए।

### रैपर, मेयर, पीएमः नेपाल की राजनीति के शीर्ष तक बालेन्द्र शाह का सफर

**काठमांडू।** रैपर से राजनेता बने बालेन्द्र शाह ने चार साल में नेपाल की राजनीति के शीर्ष तक का सफर पूरा कर लिया है। राजनीति में शून्य से अपनी शुरुआत करने वाले शाह शुक्रवार को शपथ लेने के बाद नेपाल के सबसे युवा प्रधानमंत्री बन गए। काठमांडू में 27 अप्रैल 1990 को जन्मे शाह इससे पहले 2022 से 2026 तक काठमांडू के मेयर रह चुके हैं और युवाओं के बीच उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है। शाह का जन्म एक नेवार बौद्ध परिवार में हुआ। उनके पिता आयुर्वेद के चिकित्सक थे। उन्होंने काठमांडू के हिमालयन व्हाइटहाउस इंटरनेशनल कॉलेज से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक हासिल किया। इसके बाद भारत आकर 2018 में कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु स्थित निट्टे मीनाक्षी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में परास्नातक की डिग्री प्राप्त की।



बेरूत। ईरान के दूतावास के बाहर हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान खिलौने वाली बंदूक पकड़े एक लड़की।

### स्पेनः ईरान संघर्ष के परिणामों को कम करने के उपायों के पैकेज मंजूर

**मैड्रिड।** स्पेन की संसद के निचले सदन, कांग्रेस ऑफ डेप्युटीज ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के आर्थिक प्रभाव को कम करने के लिए पांच अरब यूरो (5.8 अरब डॉलर) के संकट-रोधी पैकेज को मंजूरी दे दी है। सदन की ओर से जारी बयान में कहा गया कि कांग्रेस ने ईरान में युद्ध से स्पेनिश परिवारों और व्यवसायों पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करने के लिए सरकार द्वारा लागू किए जा रहे उपायों से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। रॉयल डिक्री-लॉ के रूप में तैयार इस दस्तावेज में ईंधन, गैस और बिजली पर कर में कटौती सहित कई प्रावधान शामिल हैं।

### ईरान ने 10 तेल टैंकर गिफ्ट किएः ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया था कि ईरान ने 10 तेल टैंकरों को गुजरने दिया, यह उनकी तरफ से गिफ्ट है। इन टैंकरों पर पाकिस्तान का झंडा था और ईरान इससे भरोसा जीतना चाहता था। उन्होंने कहा कि ईरान ने भरोसा दिखाने के लिए 8 बड़े तेल टैंकरों को गुजरने दिया और बाद में 2 और भेजे। वहीं, ट्रम्प ने कहा कि ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर हमले 10 दिन के लिए टाल दिए हैं। नई डेडलाइन अब 6 अप्रैल तय की गई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ईरान के एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर फिलहाल कार्रवाई नहीं करेगा और 10 दिन की मोहलत दी गई है। उन्होंने बताया कि यह फैसला इसलिए लिया गया है ताकि दोनों देशों के बीच चल रही बातचीत को आगे बढ़ने का मौका मिल सके। इससे पहले भी ट्रम्प ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले की योजना को टाल चुके हैं, जिसे अब फिर से आगे बढ़ाया गया है। इसी बीच खबरें हैं कि अमेरिका, ईरान के खार्ग द्वीप पर जमीनी हमला (ग्राउंड इनवेजन) कर सकता है। इसके जवाब में ईरान ने बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट को बंद करने की चेतावनी दी है। बाब-अल-मंदेब रेड सी का एंट्री प्वाइंट है। यह रेड सी को अरब सागर से जोड़ता है। स्वेज नहर तक जाने वाले जहाज इसी रास्ते से गुजरते हैं। दुनिया के करीब 12 प्रतिशत तेल की सप्लाई यहीं से गुजरती है।

# स्कूल पर हमला गलती नहीं, युद्ध अपराधः अराघची

## ईरानी विदेश मंत्री ने यूएनएचआरसी को भेजे गए वीडियो संदेश में अमेरिका-इजरायल को ठहराया जिम्मेदार

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने शुक्रवार को अमेरिका और इजरायल की में आलोचना की। अराघची ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) को वीडियो संदेश में बताया कि मिनाब शहर के एक विद्यालय पर 'सुनियोजित हमला' किया गया था।

उन्होंने इसे 'मानवता के खिलाफ अपराध' करार दिया। अराघची ने बताया कि शजराह तैय्येबह प्राथमिक स्कूल पर किए गए इस हमले में 175 से अधिक छात्रों और शिक्षकों की मौत हो गई थी। अराघची ने कहा अमेरिका और इजरायल अपने पास अत्याधुनिक तकनीक होने का दावा करते हैं, इसलिए कोई यह नहीं मान सकता कि विद्यालय पर हमला जानबूझकर और इरादतन नहीं किया गया था। उन्होंने इसे युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध करार दिया। उन्होंने कहा, इस तरह के कृत्य की पूरी दुनिया में निंदा होनी चाहिए और दोषियों को इसकी सजा भुगतनी होगी। उन्होंने कहा, इस अत्याचार को न तो उचित ठहराया जा सकता है, न ही इसे छिपाया जा सकता है और न ही इस पर चुप्पी और उदासीनता बरती जानी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा यह हमला केवल एक



■ ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य बंद करने का कानूनी अधिकार, संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुटेरेस से बोले अराघची

'घटना' या 'गलती' नहीं थी। उन्होंने आगे कहा अमेरिका के विरोधाभासी बयान उनके अपराध को सही ठहराने के लिए दिए गए हैं। इस तरह के बयान से वे किसी जिम्मेदारी से भाग नहीं सकते। रिपोर्ट के मुताबिक, मिनाब के विद्यालय पर हमला 28 फरवरी को हुआ था। यह युद्ध का पहला दिन था। अराघची की ये टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं, जब शुक्रवार 27 मार्च को युद्ध का एक महीना पूरा हो गया है। यह हमला 28 फरवरी 2026 को ईरान-अमेरिका युद्ध के पहले दिन हुआ था, जब कथित तौर पर एक अमेरिकी टोमहाक क्रूज मिसाइल ने दक्षिण ईरान के मिनाब में शजराह तैय्यबेह प्राथमिक विद्यालय को निशाना बनाया। इसमें कम से कम 175 लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर छात्र और शिक्षक थे और कई घायल हुए थे। वहीं ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से फोन पर बातचीत की और कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करना ईरान का कानूनी अधिकार है। यह जानकारी प्रेस टीवी ने शुक्रवार को मंत्री के हवाले से दी। 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने तेहरान सहित ईरान में कई ठिकानों पर हमले किए, जिससे बहुत नुकसान हुआ और नागरिक हताहत हुए। ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इजरायली क्षेत्र और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए। ईरान ने बढ़ते तनाव के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी की है जो फारस की खाड़ी के देशों से वैश्विक बाजार में तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस की आपूर्ति का एक प्रमुख मार्ग है।

### ट्रम्प ने ईरान के ऊर्जा संयंत्र पर हमले को 10 दिनों के लिए किया स्थगित

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि ईरानी सरकार के अनुरोध पर उन्होंने ईरान के ऊर्जा संयंत्रों पर हमले की प्रक्रिया को 10 दिनों के लिए रोक दिया है। ट्रम्प ने कहा कि वे इस प्रक्रिया को छह अप्रैल को पूर्वी समयानुसार रात आठ बजे तक के लिए स्थगित कर रहे हैं। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि ईरानी सरकार के अनुरोध पर, मैं ऊर्जा संयंत्रों पर हमले की अवधि को 10 दिनों के लिए सोमवार, छह अप्रैल को रात आठ बजे (पूर्वी समय) तक रोक रहा हूं। उन्होंने दोहराया कि बातचीत जारी है और फर्जी मीडिया और अन्य लोगों द्वारा इसके विपरीत दिए गए गलत बयानों के बावजूद, यह बहुत अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है।

### स्पेन में पिता से कानूनी लड़ाई के बाद बेटी को मिली इच्छामृत्यू

**बार्सिलोना।** स्पेन में 25 साल की नोएलिया कास्तिलो ने लंबी कानूनी लड़ाई के बाद इच्छामृत्यु के जरिए अपना जीवन खत्म कर लिया। बार्सिलोना की रहने वाली नोएलिया का 2022 में एक फैसिलिटी सेंटर में 3 युवकों ने रेप किया था। इसके बाद नोएलिया ने आत्महत्या की कोशिश की और पांचवीं मंजिल से छलांग लगा दी। इस दौरान वह गंभीर रूप से घायल हुई और कमर के नीचे से लकवाग्रस्त हो गई। नोएलिया ने कहा था कि वह अपनी मौत के समय अकेली रहना चाहती हैं और नहीं चाहती थीं कि कोई उन्हें अंतिम समय में देखे। इच्छामृत्यु की प्रक्रिया में तीन इंजेक्शन दिए गए। पहले दो से गहरी बेहोशी लाई गई और तीसरे इंजेक्शन से दिल की धड़कन रुक गई। नोएलिया ने 2024 में इच्छामृत्यु के लिए आवेदन किया था, जिसे कैटेलोनिया सरकार ने मंजूरी भी दे दी थी। लेकिन आखिरी समय में उसके पिता ने अदालत में आपत्ति दर्ज कराई और प्रक्रिया रुकवा दी। पिता का तर्क था कि उनकी बेटी मानसिक रूप से पूरी तरह सक्षम नहीं है और देश को उसकी जान की रक्षा करनी चाहिए। यह मामला करीब डेढ़ साल तक अदालत में चला। अंत में यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय ने नोएलिया के पक्ष में फैसला सुनाया, जिससे इच्छामृत्यु का रास्ता साफ हुआ।

# अमेरिकी मुद्रा पर होंगे ट्रम्प के हस्ताक्षर

**वाशिंगटन।** अमेरिका की करेंसी डॉलर में बड़ा बदलाव होने वाला है। जल्द ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हस्ताक्षर अमेरिकी नोटों पर दिखाई देंगे। साल 1861 में डॉलर बिल की शुरुआत होने के बाद यह पहली बार है, जब किसी मौजूदा राष्ट्रपति के हस्ताक्षर देश की मुद्रा पर होंगे। अमेरिकी ट्रेजरी द्वारा लिया गया यह फैसला, इस साल अमेरिकी आजादी की 250वीं सालगिरह के जश्न के मौके पर लिया गया है।

अमेरिकी ट्रेजरर ब्रैंडन बीच ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस बात की जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रम्प के हस्ताक्षर ट्रेजरी सचिव स्काट बेसेंट के हस्ताक्षर के साथ अमेरिकी मुद्रा पर नजर आएंगे। यह इतिहास में पहली बार हो रहा है। यह राष्ट्रपति के नेतृत्व और देश के प्रति उनके समर्पण का प्रतीक है, जिसका देश पर लंबे समय तक प्रभाव रहेगा। बीच ने आगे कहा इतिहास में राष्ट्रपति की पहचान अमेरिका के 'स्वर्ण युग' के आर्थिक सुधारों के निर्माता के रूप में है। अमेरिकी मुद्रा पर उनके हस्ताक्षर होना न केवल सही है, बल्कि वह इसके हकदार भी हैं। इससे पहले इसी महीने एक संघीय कला आयोग ने 24 कैरेट सोने के एक खास सिक्के के डिजाइन को



■ पद पर रहते हुए ये उपलब्धि हासिल करने वाले पहले राष्ट्रपति

मंजूरी दी थी। इस सिक्के पर राष्ट्रपति ट्रम्प की तस्वीर है और इसे भी आजादी की 250वीं सालगिरह के जश्न के हिस्से के रूप में तैयार किया गया है। ट्रेजरी सचिव स्काट बेसेंट ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प के नेतृत्व में देश आर्थिक विकास, डॉलर के दबदबे और वित्तीय मजबूती के रास्ते पर है। उन्होंने कहा देश की ऐतिहासिक उपलब्धियों और राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रम्प को सम्मान देने के लिए अमेरिकी डॉलर पर उनके नाम से बेहतर कोई और तरीका नहीं हो सकता। आजादी की 250वीं सालगिरह पर इस ऐतिहासिक मुद्रा को जारी करना बिल्कुल सही है।

# मेक्सिको की खाड़ी में तेल का रिसाव

## 600 किलोमीटर तक फैला प्रदूषण, सात प्राकृतिक रिजर्व प्रभावित

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की खाड़ी में मार्च की शुरुआत में तेल का भारी रिसाव हुआ। अब इसका प्रदूषण 600 किलोमीटर से ज्यादा बड़े इलाके में फैल गया है। मेक्सिकन अधिकारियों ने बताया कि यह रिसाव एक ऐसे जहाज से शुरू हुआ जिसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

■ यह रिसाव एक ऐसे जहाज से शुरू हुआ जिसकी पहचान अभी तक नहीं हुई

इसमें दो प्राकृतिक स्रोत भी शामिल हैं। इस घटना ने सात प्राकृतिक रिजर्व क्षेत्रों को अपनी चपेट में ले लिया है। नौसेना सचिव एडमिरल रायमुंडो मोरालेस ने मीडिया वार्ता में बताया कि सैटेलाइट तस्वीरों और जांच से रिसाव के तीन मुख्य ठिकानों का पता चला है। पहला स्रोत वेराक्रूज राज्य के कोत्जाकोआल्कोस बंदरगाह के पास खड़ा एक जहाज है। इस जहाज की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है क्योंकि उस समय वहां 13 जहाज मौजूद थे। दूसरा स्रोत इसी बंदरगाह से 8 किलोमीटर दूर एक ऐसी जगह है जहां से कच्चा तेल प्राकृतिक रूप से निकलता है। तीसरा स्रोत कैम्पेचे की खाड़ी में स्थित एक और प्राकृतिक रिसाव वाली जगह है। मोरालेस ने स्वीकार किया कि तेल का रिसाव अब भी जारी है। कैम्पेचे की खाड़ी में स्थित कंटारेल से सबसे ज्यादा रिसाव हो रहा है। यहां से प्राकृतिक रूप से तेल निकलता रहता है। हालांकि, पिछले महीने में प्रदूषकों का बहाव काफी ज्यादा रहा है। इस रिसाव ने वेराक्रूज और टबैस्को राज्यों के 200 किलोमीटर लंबे तट को प्रभावित किया है। अब तक 430 टन हाइड्रोकार्बन इकट्ठा किया जा चुका है। मामले पर पर्यावरण सचिव एलिसिया बारसेना ने बताया कि इस रिसाव से वेराक्रूज और ताबास्को राज्यों के सात संरक्षित प्राकृतिक रिजर्व प्रभावित हुए हैं, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि हमें पर्यावरण को किसी भी तरह का गंभीर नुकसान होता हुआ नहीं दिखा है।

### रूस के लेनिनग्राद क्षेत्र में 36 ड्रोन नष्ट किए गएः गवर्नर

**मॉस्को।** उत्तर-पश्चिमी रूस में फिनलैंड की खाड़ी के तट पर स्थित लेलिनग्राद शहर के गवर्नर अलेक्जेंडर ड्रोजडेन्को ने कहा कि क्षेत्र में 36 ड्रोन नष्ट किए गए।ड्रोजडेन्को ने टेलीग्राम पर लिखा कि लेनिनग्राद क्षेत्र में हवाई हमले की चेतावनी हटा दी है। हमले को नाकाम करने के दौरान 36 ड्रोन नष्ट किए गए। गौरतलब है कि रूस 24 फरवरी, 2022 से अपना विशेष सैन्य अभियान चला रहा है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि इस अभियान का उद्देश्य यूक्रेन शासन द्वारा नरसंहार का शिकार हुए लोगों की रक्षा करना है।

# पश्चिम एशिया में 10000 अतिरिक्त सैनिक भेजेगा यूएस!

## ईरान के साथ बातचीत चलने के बावजूद अमेरिका यह बड़ा कदम उठा सकता है

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच एक रिपोर्ट्स में दावा किया गया गया है कि अमेरिका पश्चिम एशिया में 10,000 अतिरिक्त जमीनी सैनिक भेजने की योजना बना रहा है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान के साथ बातचीत चलने के बावजूद अमेरिका यह बड़ा कदम उठा सकता है। यरूशलेम पोस्ट ने वाल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट के हवाले से यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में युद्ध विभाग के अधिकारियों का हवाला देते हुए बताया गया, इस नई तैनाती में पैदल सेना और बख्तरबंद गाड़ियां शामिल हो सकती हैं। अमेरिका की 82वीं



■ इस नई तैनाती में पैदल सेना और बख्तरबंद गाड़ियां शामिल हो सकती हैं

एयरबोर्न डिवीजन पहले से ही इस क्षेत्र में मौजूद है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस डिवीजन की तैनाती का सीधा उद्देश्य ईरान के रणनीतिक हितों, जैसे कि खर्ग द्वीप, को निशाना बनाना है। हालांकि रिपोर्ट में कहा गया है कि यह स्पष्ट नहीं है कि अतिरिक्त सेना को कहां भेजा जाएगा या तैनात किया जाएगा। व्हाइट हाउस की उप प्रेस सचिव अन्ना केली ने इस मामले पर कहा कि सैनिकों की तैनाती से जुड़ी कोई भी आधिकारिक घोषणा युद्ध विभाग ही करेगा। उन्होंने साफ किया कि राष्ट्रपति ट्रम्प के पास सभी सैन्य विकल्प उपलब्ध रहते हैं। दूसरी ओर, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने इस रिपोर्ट पर कोई भी टिप्पणी करने से मना कर दिया है।

### इजरायल ने मध्य तेहरान पर बड़े पैमाने पर सिलसिलेवार हमले किएः आईडीएफ

**मास्को।** इजरायल रक्षा बलों ने शुक्रवार को कहा कि उसने मध्य तेहरान पर बड़े पैमाने पर सिलसिलेवार हमले किए। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा कि कुछ देर पहले आईडीएफ ने तेहरान के केंद्र में ईरानी आतंकी शासन अवसंरचना को निशाना बनाते हुए बड़े पैमाने पर हमले किए। इसी बीच, प्रेस टीवी ने खबर दिया है कि ईरान ने ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4 की 83वीं लहर शुरू कर दी है।

# इजरायल का लेबनान की बस्तियों पर हमला

## नवम्बर 2024 के युद्धविराम समझौते के बावजूद, लेबनान ने बार-बार इजरायल पर अपनी संप्रभुता के उल्लंघन करने का आरोप लगाता रहा

**बेरुत।** इजरायली तोपखाने ने दक्षिणी लेबनान की आठ बस्तियों पर फास्फोरस युक्त गोला-बारूद से हमला किया। यह जानकारी लेबनानी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएएनए) ने शुक्रवार को दी। अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत युद्ध क्षेत्रों में फास्फोरस युक्त गोला-बारूद का उपयोग निषिद्ध है।

संयुक्त राष्ट्र और रेड क्रॉस के मानकों के अनुसार, नागरिकों या आबादी वाले क्षेत्रों के खिलाफ ज्वलनशील हथियारों का उपयोग प्रतिबंधित है। यह विशिष्ट पारंपरिक हथियारों पर सम्मेलन में निहित है, जो ऐसे हमलों पर प्रतिबंध लगाता है जिनसे अत्यधिक पीड़ा होने की आशंका हो। फॉस्फोरस का उपयोग गंभीर जलन और आग का कारण बन सकता है, इसलिए नागरिकों के खिलाफ इसका उपयोग अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून का उल्लंघन और संभावित युद्ध अपराध माना जाता है। इजरायल की राष्ट्रीय आपातकालीन

■ इजरायली सेना का दावाः वह हमलों में हिजबुल्लाह के सैन्य संरचनाओं को निशाना बना रहे हैं

सेवा यानी मैगन डेविड एडोम (एमडीए) ने कहा कि लेबनानी हिजबुल्लाह आंदोलन की गोलाबारी के परिणामस्वरूप उत्तरी इजरायल में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। नवम्बर 2024 के युद्धविराम समझौते के बावजूद, लेबनान ने बार-बार इजरायल पर अपनी संप्रभुता के उल्लंघन करने का आरोप लगाता रहा है। इजरायली सेना दक्षिणी लेबनान के पांच रणनीतिक बिदुओं पर मौजूद है, जिनमें गजार गांव का उत्तरी भाग भी शामिल है, जिसे लेबनानी अधिकारी निरंतर कब्जा और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1701 का उल्लंघन मानते हैं। इजरायली सेना का दावा है कि वह हमलों में हिज्बुल्लाह के सैन्य संरचनाओं को निशाना बना रहे हैं। इजरायल ने बार-बार इस बात पर बल दिया है कि वह हिज्बुल्लाह के सैन्य विंग के नेताओं को खत्म करने और शिया आंदोलन से उत्पन्न खतरे को समाप्त करने के लिए लेबनान पर हमले जारी रखेगा।

### लेबनान पर इजरायली हमलों में अब तक 1116 की मौत

**बेरुत।** लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार, दो मार्च से लेबनान पर होने वाले इजरायली हमलों में मरने वालों की संख्या 1116 हो गई है जबकि 3229 अन्य लोग घायल हुए हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि दो मार्च से शुरू हुए इस आक्रमण के कारण मरने वालों की संख्या 1116 तक पहुंच गई है और घायलों की संख्या 3229 हो गई है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि पिछले 24 घंटों के दौरान 22 लोग मारे गए हैं और 110 घायल हुए हैं। इजरायल और हिजबुल्ला के बीच यह तनाव दो मार्च, 2026 की रात को शुरू हुआ, जब लेबनानी संगठन ने क्षेत्रीय हालात खराब होने के बाद इजरायली क्षेत्र पर मिसाइल हमले फिर से शुरू कर दिए। इसके जवाब में इजरायल ने लेबनान के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमले शुरू किए, जिनमें देश के दक्षिणी क्षेत्र, बेका घाटी और बेरुत के बाहरी इलाके शामिल हैं।

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108